e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 307
शनिवार
11.11.2023
RNI No. - JHAHIN/2022/81895
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

अगर आप को कोई काम करने में, मजा नही आ रहा है, इसका मतलब है कि वो कार्य, आपके करने लायक नही है !

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### प्रदूषण की वजह से लोगों को हम मरने नहीं दे सकते सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली** : सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदूषण और पड़ोसी राज्यों में पराली जलाने की घटनाओं पर चिंता जताने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए शुक्रवार को केजरीवाल सरकार को फटकार लगाते हुए कहा कि हमारे हस्तक्षेप के बाद ही हर साल तेजी आती है.कहा कि हम एक्सपर्ट नहीं हैं, हमें सिर्फ समाधान चाहिए.सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम सिर्फ उपायों को ग्राउंड लेवल पर लागू करना चाहते हैं.जस्टिस संजय किशन कौल ने कहा कि पराली जलाने की एक बड़ी वजह पंजाब में धान की खास किस्म की खेती होना है. किसानों को दूसरी फसलों के लिए प्रोत्साहित करने की जरूरत है.कोर्ट ने पंजाब सरकार को कहा कि आप कोर्ट का आदेश लागू करें. हम लोगों को प्रदूषण की वजह से मरने नही दे सकते.

### अधिक से अधिक संख्या में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में शामिल हों लोग : कोचे मुंडा

**खूंटी** : तोरपा के विधायक कोचे मुंडा ने लोगों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में खूंटी पहुंचे और प्रधानमंत्री की बातों को सुनें। विधायक अपने विधानसभा क्षेत्र की सुंदारी पंचायत के सेमर टोली में शुक्रवार को विद्युत ट्रांसफार्मर का उद्घाटन करनें के बाद ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। विधायक ने कहा कि यह हमलोगों के लिए गर्व की बात है कि जनजातीय गौरव दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री खूंटी आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जो अमर शहीद भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धा सुमन अर्पित करने के लिए उनकी जयंती पर 15 नवंबर को उनके पैतृक गांव उलिहातू आयेंगे। विधायक ने कहा कि उलिहातू में धरती आबा को श्रद्धांजलि देने के बाद प्रधानमंत्री खूंटी में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल हों। मौके पर भाजपा के तोरपा मंडल अध्यक्ष पुरंदर मांझी ने भी लोगों से अपील की कि वे प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में शामिल होकर जनसभा को सफल बनायें।

### भाजपा ने जारी की तेलंगाना के उम्मीदवारों की पांचवीं सूची

**नई दिल्ली** : तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने शुक्रवार को अपने उम्मीदवारों की पांचवीं सूची जारी कर दी । इसमें आलमपुर से महिला मीराम्मा समेत 14 उम्मीदवारों के नाम हैं। राज्य की 119 सीटों के लिए अब तक भाजपा 114 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर चुकी है। गुरुवार को कांग्रेस ने भी अपने सारे उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए थे। उल्लेखनीय है कि राज्य की 119 विधानसभा सीट के लिए 30 नवंबर को वोटिंग होनी है और 3 दिसंबर को नतीजे आने हैं। भाजपा की पांचवीं सूची में बेल्लमपल्ली से कोयाला इमाजी, पेड्डापल्ली से दुग्याला प्रदीप, संगारेड्डी से देशपांडे राजेश्वर राव, मेडचल से येनिगु सुदर्शन रेड्डी, मल्काजगिरी से रामचंद्र राव, सेरीलिंगमपल्ली से रवि कुमार यादव, नामपल्ली से राहुल चंद्रा, सिकंदराबाद कैंटोनमेंट से गणेश नारायण, नरसमपेट से पुल्ला राव और मधिरा से पेरूमरपल्ली विजया राजू को उम्मीदवार घोषित किया गया है।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 27° |
| न्युनतम | 23° |

# धनतेरस पर गुलजार रहा बाजार

## * वाहन, इलेक्ट्रॉनिक सामान, बर्तन, सोना का गहना, चांदी का सिक्का व झाड़ू का जमकर हुआ कारोबार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : राजधानी रांची सहित सभी जिलों में दोपहिया और चार-पहिया वाहनों की विक्री में तेजी देखी गई.इसके अलावा इलेक्ट्रिक वाहनों खासकर दोपहिया वाहनों की मांग में भारी वृद्धि हुई.बाजार का रुख सकारात्मक रहा और बिक्री पिछले वर्षों की तुलना में बेहतर हुआ. रांची स्थित इलेक्ट्रॉनिक सामानों के एक विक्रेता ने बताया कि बड़े स्क्रीन वाले स्मार्ट टेलीविजन,मोबाइल और साउंड सिस्टम की मांग में वृद्धि के साथ इलेक्ट्रॉनिक सामानों के बाजार में बड़ी संख्या में बिक्री हुई. रेफ्रिजरेटर, वॉशिंग मशीन और इंडक्शन कुकटॉप्स की भी बिक्री हुई.

हर साल की तरह इस बार भी बर्तनों के बाजार में तेजी रही.रांची के प्रमुख बर्तन बाजारों में ग्राहकों की भीड़ उमड़ पड़ी. बर्तन विक्रेता ने कहा,तांबा, इस्पात और कांस्य से बनी वस्तुओं की काफी बिक्री हुआ.सराफा बाजार में प्रमुख शोरूम और दुकानों में काफी चहल-पहल रहा. क्योंकि पिछले साल की तुलना में इस साल सोने की मांग बढ़ी है. पिछले कुछ वर्षों की तुलना में ग्राहकों की संख्या में वृद्धि हुई है.

बता दें कि धनतेरस का त्योहार 5 दिनों तक चलने वाले दिवाली का पहला दिन होता है। हिंदू धर्म में धनतेरस का विशेष महत्व होता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार धनतेरस के ही दिन भगवान विष्णु के अंशावतार और देवताओं के वैद्य माने जाने वाले भगवान धन्वन्तरि का जन्म हुआ था। हिंदू पंचांग के अनुसार कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि पर धनतेरस का पर्व मनाया जाता है। धनतेरस से दिवाली पर्व की शुरुआत हो जाती है। दिवाली पर पांच दिनों तक चलने वाले पर्व में सबसे पहले धनतेरस, दूसरे दिन नरक चतुर्दशी, तीसरे दिन दिवाली, चौथे दिन गोवर्धन पूजा और पांचवें दिन भैया दूज का त्योहार मनाया जाता है।

### ऑनलाइन मार्केटिंग से प्रभावित हुआ बर्तन कारोबार

राजधानी रांची के अपर बाजार क्षेत्र में कई बर्तन दुकानदारों ने बताया कि धनतेरस के मौके पर बर्तन खरीदने के लिए ग्राहक पहुंचे. अपर बाजार के पास अपनी बर्तन की दुकान चला रहे एक व्यापारी ने बताया कि धनतेरस और दीपावली के मौके पर लोग पूजा से जुड़े बर्तनों की खरीदारी ज्यादा करते हैं. उन्होंने बताया कि धनतेरस के समय ही लोग छठ के लिए भी बर्तन की खरीदारी करते हैं. इसीलिए धनतेरस बर्तन व्यापारियों के लिए बेहद जरूरी है.बताया कि हर वर्ष की तुलना में इस वर्ष बर्तन का व्यापार बहुत ज्यादा नहीं है, लेकिन उम्मीद है कि धनतेरस के आखिरी दिन तक बाजार में रौनक जरूर रहेगी.बर्तन के एक बड़े कारोबारी ने बताया कि निश्चित रूप से जो उम्मीद की गई थी, वह उम्मीद पूरी नहीं हो रही है. धनतेरस के मौके पर ग्राहक तो जरूर पहुंचे लेकिन लोग खरीदारी नहीं किए. क्योंकि लोग ऑनलाइन बाजार पर ज्यादा फोकस हो गए हैं. उन्होंने बताया कि स्टील के ज्यादा सामान लोग ऑनलाइन मार्केट से ही खरीद लेते हैं.दुकानों पर बर्तन खरीदने लोग कम पहुंचे.

### कार और मोटरसाइकिल शोरूम में लगी रही भीड़

बाजार में ऑटोमोबाइल्स कंपनियों ने भी जमकर व्यापार किया है। कार और मोटरसाइकिल शोरूम में सुबह 9 बजे से ही ग्राहक पहुंच चुके थे। जिन लोगों ने धनतेरस के मौके पर डिलीवरी के लिए तैयारी की थी,उनके लिए शोरूम के दरवाजे भी सुबह से ही खुल गए थे। बजाज ऑटोमोबाइल्स,ग्लोब ऑटोमोबाइल्स,अंजनेय ऑटोमोबाइल,पैरेलेक्स होंडा,शिवम ऑटोमोबाइल,टीवीएस शोरूम ने भी जमकर गाड़ियां बेची है। धनतेरस पर खरीदारी करने पहुंचे लोग बाजार से झाड़ू खरीदना नहीं भूल रहे थे। लोगों ने धनतेरस पर झाड़ू खरीदने की परंपरा का भी निर्वहन किया। इलेक्ट्रिक सामान का बाजार भी धनतेरस के मौके पर गर्म था। टीवी, फ्रिज, वाशिंग मशीन के अलावा कई अन्य घरेलू उपयोग के मशीन लोगों ने खरीदे।



**धनतेरस का त्योहार 5 दिनों तक चलने वाले दिवाली का पहला दिन होता है**

**धार्मिक मान्यताओं के अनुसार धनतेरस के ही दिन भगवान विष्णु के अंशावतार और देवताओं के वैद्य माने जाने वाले भगवान धन्वन्तरि का जन्म हुआ था**

**हर साल की तरह इस बार भी बर्तनों के बाजार में तेजी रही.**



### साहेबगंज के एसपी नौशाद आलम को ईडी का समन

**रांची।** अपने बेहतर कार्यों के लिए आमजनों के बीच लोकप्रिय रहने वाले प्रमोटी आइपीएस अफसर और साहेबगंज एसपी नौशाद आलम को ईडी के द्वारा पूछताछ के लिए समन जारी कर 22 नवंबर को बुलाया है। बताया जा रहा है कि विजय हांसदा मामले में साहेबगंज एसपी की भूमिका संदिग्ध पाई गई है। बताया तो यह भी जा रहा है कि ईडी के गवाहों को धमकाने के मामले में नौशाद अलाम से पूछताछ की जाएगी। बता दें कि कोरोना संक्रमण काल में जिंदगी बचाने वाले इंजेक्शन रेमडीसिवीर मामले में भी नौशाद आलम के खिलाफ रांची के कोतवाली थाने में दर्ज एक केस के अनुसंधान में सीआइडी तक पहुंची थी। नौशाद आलम पहले झारखंड के आईपीएस होंगे,जिन्हें ईडी का बुलावा आया है। इससे पहले झारखंड के 2 आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल और छवि रंजन को ईडी जेल भेज चुकी हैं। खनन घोटाला केस में साहेबगंज के डीसी रामनिवास यादव से पूछताछ हो चुकी है। बता दें कि नौशाद आलम साहेबगंज एसपी से पहले रांची के ग्रामीण एसपी के पद पर थे। इस पद पर सबसे लंबे कार्यकाल तक रहने का रिकॉर्ड दर्ज है। इतना ही नहीं उन्होंने लगातार कई मामलों का उद्भेदन कर दोषियों को जेल भेजने का काम कर चुके हैं। आज से कुछ दिन पहले एक धार्मिक जलसे में वे नात शरीफ पढ़ने के बाद उनका वीडियो भी काफी वायरल हुआ है।

*** पूछताछ के लिए ईडी ने 22 नवंबर को बुलाया**

## होली में भी मिलेगा नि:शुल्क रसोई गैस सिलिंडर : योगी आदित्यनाथ



*** धनतेरस के अवसर पर शुरू हुआ नि:शुल्क रसोई गैस सिलिंडर रिफिल वितरण अभियान**

**एजेंसी**

**लखनऊ** : उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि होली के अवसर पर मार्च में उनकी सरकार एक बार फिर निशुल्क गैस सिलिंडर उपलब्ध करवाएगी.एक सरकारी बयान के मुताबिक शुक्रवार को मुख्यमंत्री ने धनतेरस के अवसर पर यहां लोकभवन से प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत प्रदेश के 1.75 करोड़ पात्र परिवारों के लिए नि:शुल्क रसोई गैस सिलिंडर रिफिल वितरण अभियान की शुरुआत की . इस अभियान पर उप्र सरकार 2,312 करोड़ रुपये व्यय करेगी.इस दौरान मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने कहा कि होली के अवसर पर मार्च में उनकी सरकार एक बार फिर निशुल्क गैस सिलिंडर उपलब्ध करवाएगी लेकिन इसके लिए प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को अपने बैंक खाते को आधार से लिंक करवाना होगा. मुख्यमंत्री ने कहा कि विधानसभा चुनाव-2022 के दौरान 'लोक कल्याण संकल्प पत्र में की गई एक और घोषणा को उनकी सरकार पूरा कर रही है.उन्होंने कहा कि 2014 के पहले लोगों को गैस का कनेक्शन नहीं मिल पाता था,कनेक्शन मिल जाती थी तो भी सिलेण्डर के लिए लंबी लाइन लगानी पड़ती थी तथा कई बार स्थितियां ऐसी हो जाती थीं की पुलिस को लाठीचार्ज तक करना पड़ जाता था. उन्होंने कहा कि गरीब और वंचित व्यक्ति गैस कनेक्शन के बारे में सोच भी नहीं पाता था तथा महिलाओं को धुंए की वजह से कई बीमारियों का सामना करना पड़ता था.मुख्यमंत्री ने कहा कि 2016 में जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उज्ज्वला योजना की शुरुआत की तो देश से गैस की किल्लत समाप्त हुई.

### हीरो ग्रुप के चेयरमैन पर ईडी का एक्शन, मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जब्त की 24.95 करोड़ की संपत्ति

**नई दिल्ली** : प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड के सीएमडी और चेयरमैन पवन कांत मुंजाल की दिल्ली में स्थित 3 अचल संपत्तियों को जब्त कर लिया है. इन संपत्तियों की कीमत 24.95 करोड़ (लगभग) आंकी गई है. ईडी ने यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के तहत की है. ईडी ने मुंजाल और उनकी कंपनियों के खिलाफ सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 135 के तहत मामला दर्ज किया था. जो राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) के आरोप पत्र का संज्ञान लेने के बाद दायर किया गया था, जिसमें उन पर आरोप लगाया गया था कि 54 करोड़ रुपये के करीब विदेशी मुद्रा/विदेशी मुद्रा अवैध रूप से भारत से बाहर ले जाई गई है.ईडी की जांच से पता चला कि पवन कांत मुंजाल ने अन्य लोगों के नाम पर विदेशी मुद्रा/विदेशी मुद्रा जारी कराई और उसके बाद उसका उपयोग विदेश में अपने निजी खर्च के लिए किया.

### छापेमारी के दौरान पुलिस ने तीन सक्रिय माओवादियों को किया गिरफ्तार

**चक्रधरपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: माओवादियों के खिलाफ कार्रवाई करते पश्चिम सिंहभूम पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है।दरअसल पुलिस ने आई ई ई डी बम बनाने के समान के साथ 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, चाईबासा एसपी को गुप्त सूचना मिली थी जिसके आधार पर उन्होंने एक संयुक्त टीम गठित करते हुए मामले में छापेमारी करने का निर्देश दिया था। जिसके बाद एसपी के निर्देश के आलोक में ग्राम हुसीपी में छापेमारी करते हुए पुलिस की टीम ने माओवादी के तीन सक्रिय सदस्यों को पकड़ लिया।




## एमपी में कांग्रेस सत्ता में आई तो सबसे पहले होगा जाति आधारित जनगणना : राहुल

**एजेंसी**

**रायपुर** : कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जाति जनगणना के मसले पर एक बार फिर पीएम मोदी को निशाने पर लिया है. साथ ही उन्होंने दावा किया है कि कांग्रेस सत्ता में आई तो एमपी के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर पर भी जाति आधारित सर्वेक्षण करवाया जाएगा.

राहुल गांधी ने कहा,मध्य प्रदेश में कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद सबसे पहला काम प्रदेश में अन्य पिछड़ा वर्ग की सही संख्या जानने के लिए जाति आधारित जनगणना कराने का है.एक एक्स-रे की तरह है जो सभी वर्गों की स्थिति सामने लाएगा, जिसके अनुसार उनके कल्याण की नीतियां बनाई जाएंगी.मध्य प्रदेश के सतना में शुक्रवार।को चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा,नरेंद्र मोदी पहले कहते थे- भाइयों और बहनों,मैं ओबीसी हूं,लेकिन कुछ दिनों पहले उन्होंने अपने भाषण में कहा कि देश में सिर्फ एक जाति है- गरीब. जब से कांग्रेस ने जाति जनगणना की बात की है, तब से नरेंद्र मोदी जी के दिमाग से जाति गायब हो गई है. क्योंकि वह ओबीसी दलित, आदिवासी युवाओं को देश की सच्चाई नहीं बताना चाहते हैं. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ओबीसी, दलित, आदिवासी युवाओं को देश की सच्चाई नहीं बताना चाहते हैं. अब पीएम मोदी अपने किसी भी भाषण में जाति जनगणना की बात नहीं करते हैं.





# हरिहरगंज में बनेगा जन औषधि केंद्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन ने समाहरणालय सभागार में शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक की। बैठक में उपायुक्त ने सीएचसी, यूपीएचसी, यूसीएचसी, मेडिकल कॉलेज, सदर अस्पताल, एम्बुलेंस की स्थिति, ओपीडी रिपोर्ट, लैब रिपोर्ट, आधारभूत संरचना, एएनएम, डीएमएफटी से स्वीकृत मेडिकल स्टाफ एवं डॉक्टर, स्वास्थ्य केंद्रों के भवनों, निमार्णाधीन भवनों आदि की विस्तृत जानकारी ली। उपायुक्त द्वारा मिशन इंद्रधनुष 5.0 टीकाकरण अभियान को लेकर अब तक की गई तैयारियों का समीक्षा किया गया। इस दौरान उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को अभियान को लेकर सभी स्तरों पर आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि टीकाकरण कार्य में किसी प्रकार की चूक ना होने पाए। उन्होंने कहा कि इस अभियान के दौरान टीकाकरण से वंचित गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को विशेष तौर पर लाभान्वित किया जाएगा। इस दौरान पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से डीपीएम ने अब तक की तैयारियों के बारे में उपायुक्त को विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उपायुक्त ने हरिहरगंज में जन औषधि केंद्र का निर्माण करने एवं स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर करने का निर्देश सबंधित पदाधिकारी को दिया। उन्होंने कहा कि एमएमसीएच को मजबूती प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि समय-समय पर मजिस्ट्रेट के द्वारा सभी सीएससी सेंटर का निरीक्षण किया जाएगा। उन्होंने एमओआईसी को प्रत्येक माह में एक दो बार अपने नजदीकी कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का निरीक्षण करने एवं वहां के साफ-सफाई इत्यादि पर विशेष ध्यान देने को लेकर निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की एक टीम ग्रामीण क्षेत्रों में जाएगी और लोगों को स्वास्थ्य के प्रति सभी को जागरूक करेगी। बैठक में सिविल सर्जन ने मैन पावर की कमी से उपायुक्त को अवगत कराया। उपायुक्त ने इस मामले में सिविल सर्जन को डीएमएफटी के अंतर्गत सभी सीएचसी में एमओ की नियुक्ति करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य व्यवस्था में जिले में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं होनी चाहिए। जो भी स्वास्थ्य कर्मी कार्य को नहीं करते हैं वैसे कर्मियों पर कार्रवाई की जाएगी। मौके पर उपायुक्त शशि रंजन के अलावे सिविल सर्जन, डीपीएम समेत सभी एमओआईसी, कार्यक्रम पदाधिकारी सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# 28 कब्रिस्तानों की घेराबंदी का कार्य प्रगति पर : विधायक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के 28 कब्रिस्तानों की घेराबंदी का कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है। क्षेत्र के 20 और कब्रिस्तानों की घेराबंदी कार्य की स्वीकृति कल्याण विभाग से मिली है। इस संबंध में हुसैनाबाद हरिहरगंज विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि उन्होंने क्षेत्र के विकास में शुरू से ईमानदारी के साथ काम किया है। उन्होंने कभी किसी को कम या ज्यादा तरजीह नहीं दी है। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने इस कार्यकाल में 28 कब्रिस्तानों की घेराबंदी कार्य की स्वीकृति दिला कर उसपर कार्य शुरू कराने का काम किया है। गुरुवार को क्षेत्र के 20 कब्रिस्तानों की घेराबंदी व सुंदरीकरण कार्य को स्वीकृति दिलाने का काम किया है। उन्होंने बताया कि हरिहरगंज में तीन, पिपरा में एक, हुसैनाबाद में नौ, हैदरनगर में पांच व मोहम्मदगंज प्रखंड क्षेत्र में दो कब्रिस्तान शामिल है। उन्होंने कहा कि आज़ादी के बाद इतना कब्रिस्तानों की घेराबंदी का कार्य किसी ने किया है तो बताए। उन्होंने कहा कि वह सभी को साथ लेकर चलने में विश्वास रखते हैं। विवाह मंडप बनवाने के साथ निकाह भवन का भी निर्माण कराया। मंदिर और मस्जिद दोनो धार्मिक स्थलों को पक्की सड़क से जोड़ने का भी अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर अभी भी किसी कब्रिस्तान की चहारदीवारी बाकी है या सुंदरीकरण की जरूरत है, तो वहा के ग्रामीण मिलकर अनुसंशा करा सकते हैं। विधायक ने कहा कि एनसीपी सबका ख्याल रखती है। आगे भी इसी तरह पारदर्शिता के साथ कार्य कराए जायेंगे।

# ग्राहक संभलकर करें खरीदारी : थाना प्रभारी



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** धनतेरस एवं दीपावली पर्व पर विशेष विधि व्यवस्था एवं सुरक्षा के दृष्टिकोण से बंशीधर नगर थाना पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर है। शुक्रवार को धनतेरस के अवसर पर बाजारों में लगने वाली भीड़ को देखते हुए थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह ने पुलिस पदाधिकारी के साथ-साथ महिला व पुरुष बल के जवानों को तैनाती कर दिए हैं। साथ ही थाना प्रभारी स्वयं शहर में गस्त कर रहे हैं। थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह ने बताया कि धनतेरस व दीपावली पर्व पर विधि व्यवस्था को लेकर पुलिस पूरी तरह अलर्ट है। शनिवार को धनतेरस का बाजार है।इसलिए खरीदारों की भारी भीड़ लगेगी। इसके मद्देनजर भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पर्याप्त मात्रा में सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। थाना प्रभारी ने सभी लोगों को सलाह देते हुए कहा कि ग्राहक संभल कर खरीदारी करें बाजारों में जाए तो सावधानी बरतें। अफवाहों पर ध्यान ना दें। महिलाएं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर महंगे आभूषण पहनकर ना आए। वैसे तो बाजारों में पुलिस की निगरानी रहेगी। किसी भी तरह से परेशानी होने पर तत्काल शिकायत कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि दीपावली के त्यौहार पर बाजारों में भीड़ ज्यादा होती है। ऐसे में कौन, किसे, क्या बिक्री कर रहा है। इसका पता आसानी से नहीं चल पाता इसलिए लोग जो भी खरीदारी करेंगे तो उससे पहले पूरी तरह से जांच पड़ताल कर लें। थाना प्रभारी ने बाजारों में खरीदारी करने आए ग्राहकों को अपना सामान स्वयं सुरक्षा करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि पुलिस असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर बनाए रखी है,किसी को कोई परेशानी होने पर तत्काल थाना में सूचना पुलिस त्वरित कार्रवाई करेगी।

# बीडीओ ने यक्ष्मा मुक्त अभियान के कर्मियों के साथ किया बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी विकास कुमार सिंह की अध्यक्षता में पंचायतों को यक्ष्मा मुक्त पंचायत बनाने को लेकर प्रखंड स्तरीय टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक आयोजित किया गया। बैठक में पूर्व में किये गये कार्यो की समीक्षा किया गया। जिला से आये एसडीपीएस जितेन्द्र कुमार ने यक्ष्मा रोग होने के कारण, उसके लक्षण, उपचार व बचाव से सम्बंधित जानकारी विस्तार से दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति को यक्ष्मा से पीड़ित पाये जाने पर मुफ्त इलाज के साथ साथ पोषण के लिये 500 रुपये प्रतिमाह दिया जाता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पंचायत में 1000 व्यक्तियों में से 50 व्यक्तियों का यक्ष्मा जांच करने का विभाग द्वारा मापदंड निर्धारित किया गया है.बैठक में आगे की कार्य योजना पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में पंचायतों में शिविर लगाकर यक्ष्मा जांच करने, यक्ष्मा को लेकर जागरूकता अभियान चलाने तथा व्यापक प्रचार प्रसार करने का निर्णय लिया गया। उपाधीक्षक डॉ गोखुल प्रसाद ने कहा कि यक्ष्मा से पीड़ित रोगियों का इलाज सभी सरकारी अस्पतालों में निशुल्क दवा उपलब्ध है। जिसका लगातर छह माह तक सेवन करने से यक्ष्मा मुक्त हो सकते है। बैठक में प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, प्रखंड कार्यालय के प्रधान सहायक अनिल कुमार, अनुमंडलीय अस्पताल के प्रधान लिपिक राजेश कुमार, ट्रॉमा सेंटर के लिपिक विपेश राज तमांग, एस एस टी सुनील कुमार, एसटीएल एस अनिमेष राज, डीपीपी नुरुल्लाह अंसारी, अशफाक अहमद, अनुरंजन कुमार पांडेय, विजय पाठक, पर्यवेक्षिका शोभा कुमारी, प्रखंड लेखा प्रबन्धक करुणा कुमारी, उपेन्द्र कुमार, मंदिश यादव, इरफान अंसारी, मुखिया मनोज कुमार ठाकुर, अजय कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

# धुमकुड़िया भवन निर्माण में हो रहा बालू की जगह डस्ट से जोड़ाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** रामगढ़ प्रखंड क्षेत्र के बेडमा बभंडी पंचायत के लमती में कल्याण विभाग से 24 लाख 98 हजार की लागत से धुमकुडिया भवन का निर्माण कराया जा रहा है। इसके निर्माण में बालू की जगह पत्थर के डस्ट से ईट का जोड़ाई कर किया जा रहा है। धुमकुडिया भवन लाभुक समिती के अध्यक्ष विनीता देवी पति अकल देव उरांव तथा सचिव लल्लू कोरवा है। सचिव लल्लू कोरवा ने बताया कि धूमकुडिया भवन के लाभुक समिती के सचिव हम हैं। लेकिन इस भवन का निर्माण विभाग के मिलीभगत से ठेकेदार के द्वारा कराया जा रहा है। इस कार्य का ठेकेदारी सद्दाम अंसारी, इम्तियाज अंसारी तथा पंचायत समिति सदस्य मोहिद्दीन अंसारी के द्वारा कराया जा रहा है। ठेकेदार लाभुक समिति के लोगों का कहना नहीं मानकर भवन का निर्माण मनमाने ढंग से कराया जा रहा है। लाभुक समिती के लोगों नें इसकी मौखिक शिकायत प्रखंड कल्याण पदाधिकारी से की है। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। धूमकुड़िया भवन का निर्माण में बालु के बदले डस्ट से ईट का जोड़ाई कराया जा रहा है। कल्याण पदाधिकारी प्रमोद कुमार जायसवाल ने बताया कि पत्थर का डस्ट से ईट का जोडाई किया जा रहा है इसका निरीक्षण कर लिए हैं। लेकिन हम डस्ट से ईट का जोड़ाई से संतुष्ट है और उन्होंने कहा कि धूमकुडिया भवन का निर्माण जब शुरू हुआ था तब उस समय बालू का काफी किल्लत था बालू नहीं मिल रहा था। लेकिन अब बालू मिलने लगा है अब बालू से ही ईट का जोड़ाई किया जाएगा।

# बीडीओ सह सीडीपीओ ने आंगनबाड़ी केंद्र का किया निरीक्षण



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड विकास पदाधिकारी सह बाल विकास परियोजना पदाधिकारी विकास कुमार सिंह ने बहियार खुर्द हरिजन टोला तथा मडवानिया ग्राम स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मडवानिया ग्राम स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में सहायिका उपस्थित मिली, जब कि सेविका बीएलओ के कार्य के बहाने केंद्र से गायब थी.केंद्र में बच्चे नही थे। बहियार खुर्द स्थित हरिजन टोला केंद्र में सेविका-सहायिका दोनो उपस्थित थी। लगभग 10 बच्चे भी उपस्थित थे,लेकिन जितने बच्चो की उपस्थिति बनाया गया था, उतने बच्चे उपस्थित नही थे। बीडीओ सह सीडीपीओ ने बच्चों से पूछताछ भी किया। इस संबंध में बीडीओ ने बताया कि एक केंद्र पर बच्चे मिले ही नही, दूसरे केंद्र पर बच्चे उपस्थित मिले लेकिन औसत से कम थे। दोनो केंद्र में से किसी भी केंद्र में बच्चों के खेलने या पढ़ने का कोई सामग्री नही मिला.उन्होंने बच्चों से संबंधित सारी सामग्री केंद्र में उपलब्ध कराने का निर्देश पर्यवेक्षिका को दिया। उन्होंने कहा है सभी सेविका सहायिका अपने कार्य को ठीक ढंग से करे। केंद्र को प्रत्येक दिन खोले.केंद्र बंद कर बीएलओ का कार्य नही करें अन्यथा आवश्यक कार्रवाई किया जायेगा.

# धनतेरस पर जिले भर में हुई जमकर सामानों की खरीदारी, उत्साहित दिखे लोग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले में धनतेरस के अवसर पर शहरों तथा ग्रामीण के बाजार काफी गर्म रही। धनतेरस के अवसर पर तरह तरह के वस्तुओ की खूब खरीदारी की गई। जैसे गाड़ी, आभूषण, इलेक्टोनिक उपकार में तकरीबन जिले में तीन करोड़ खरीदारी किया गया, लक्ष्मी गणेश के सिक्के, पुराने सिक्के, सोने के सिक्के तथा हीरे के भी आभूषण बिक्री खूब रही। वहीं टू व्हीलर, थ्री व्हीलर, फोर व्हीलर में चार से 5 करोड़ की खरीदारी हुई, बर्तन में भी लोगों ने 75 लाख की खरीदारी की गई। वही झाड़ू भी 10 लाख रुपए की खरीदारी हुई है तथा इलेक्ट्रॉनिक आइटम में भी एक करोड़ की खरीदारी का अनुमान लगाया जा रहा है, और साल की अपेक्षा इस बार धनतेरस पर खरीदारी का आंकड़ा में वृद्धि हुई है, जिसे जिले भर के व्यापारियों को भी काफी मुनाफा के साथ साथ उचित मूल्य पर सामान बेचने में वृद्धि पाई गई हैं।

# प्रखंड कर्मियों के साथ प्रमुख ने किया समीक्षा बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** केतार प्रमुख चंद्रावती देवी ने शुक्रवार को प्रखंड के सभी कर्मियों के साथ प्रखंड क्षेत्र में चल रहे योजनाओं का समीक्षा किया। इस दौरान कई प्रस्ताव भी पारित किए गए। प्रस्ताव में नई योजनाओं में उपयोगिता प्रमाण पत्र लगाना। आंगनबाड़ी योजना 2023-24 का सूची प्रमुख कार्यालय उपलब्ध कराना। मनरेगा से किए जाने वाले योजनाओं को आगामी पंचायत समिति बैठक में अनुमोदन कराना। आम बागवानी योजना 2023-24 में ग्राम सभा एवं कार्यकारिणी की सूची उपलब्ध कराना। वित्तीय वर्ष 2023-24 में किए गए योजनाओं का कोडिंग सूची उपलब्ध कराना। कार्य चल रहे तालाब का विवरण उपलब्ध कराना शामिल है।

# केतार प्रमुख के औचक निरीक्षण में कर्मी अनुपस्थित, एक दिन का वेतन कटा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** शुक्रवार को केतार ब्लॉक प्रमुख चंद्रावती देवी प्रखंड कार्यालय एवं अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षक किया। इस दौरान कई कर्मी 11:15 बजे तक अनुपस्थित पाए गए। जिससे नाराज होकर उक्त प्रमुख ने अनुपस्थित पाए गए पंचायत सेवक अशोक कुमार, जेई सत्यम पासवान, एफसीआई गोदाम कर्मी अमित कुमार, मनरेगा लेखपाल जितेंद्र रजक, कंप्यूटर ऑपरेटर रघुनाथ पाल का एक दिन का वेतन काटने एवं कार्रवाई करने के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी नंदजी राम को पत्र प्रेषित कर कार्रवाई के संबंध में अवगत कराने को कहा है।

# शराब विक्रेता और जुआरियों पर पुलिस ने कसा शिकंजा, कुल 18 गिरफ्तार

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले में त्योहारों के लेकर शराबियो और जुआरियों के खिलाफ पुलिस ने अपनी कमर कस ली है, पुलिस ने बुधवार को तीन अलग अलग जगहों पर छापेमारी कर कुल 18 लोगो को गिरफ्तार किया है। वही पुलिस अधीक्षक ने गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया की पुलिस अधीक्षक हारीश बिन जमां के आदेशानुसार छापामारी दल का गठन कर लोहरदगा थाना क्षेत्र में जुआ खेल रहे व्यक्तियों के विरूद्ध कड़ी करवाही की गई। इस कार्रवाई में अजय उद्यान के पीछे गौशाला में छापमारी कर 16 लोगो को गिरफ्तार किया है। जिसमे निरज तमेड़ा पिता स्व0 जगेश्वर तमेड़ा, अमर साहु पिता स्व0 चन्द्रमणी साहु,सोनु तमेड़ा पिता स्व0 अजीत तमेड़ा तीनो बरवाटोली, शशी कुमार महतो पिता स्व0 शैलेन्द्र महतो सा0- पुराना शुक बाजार ,पिन्टु साहु पै0 स्व90 प्रकाश साहु सा0- बरवाटोली, अभिशेख कुमार पितरा-अवध किशोर प्रसाद सा0- बरवाटोली,सुजित कुमार पे0-बिन्दु प्रसाद साहु सा0- बरवाटोली,नितिश कुमार पे0-बिरेन्द्र प्रसाद सा0- बरवाटोली,पवन कुमार तमेड़ा पिता स्व0 अजीत कुमार तमेड़ा सा0 बरवाटोली, शक्ति कु0 तमेड़ा पे0- सरबजीत तमेडा सा0- बरवाटोली, जीतन गोश्वामी पे0- बसंत गोस्वामी सा0- बरवाटोली, अभय सिंह पे0-मुरलीधर सिंह,निखित कुमार उर्फ रिंकी पिता- विश्वनाथ वर्मन सा0-सरनाटोली, प्रमीण कुमार पे0 बिरेन्द्र साहु सा0- बरवाटोली, उदय मुखर्जी पे0 - जनार्दन मुखर्जी सा0- राजबंगला, पंकज गोस्वामी पे0 बसंत गोस्वामी सा0 पुराना शुक बाजार सभी थाना जिला-लोहरदगा को गिरफ्तार किया गया। जिनके पास से

# बलीगढ़ मुखिया ललीता कुमारी ने किया सात योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** बलीगढ़ पंचायत के मुखिया ललिता कुमारी ने शुक्रवार को पंचायत क्षेत्र के ग्रमीणों को धनतेरस व दीपावाली पर्व के शुभ अवसर पर कई योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्धघाटन भव्य तरीके से कर सौगात दिया है। मुखिया ललिता कुमारी ने बीते चार माह पूर्व इसी प्रकार आधा दर्जन योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्धघाटन का कार्यक्रम किया था। और फिर चार माह बीत जाने पर उक्त मुखिया के द्वारा दीपावली के अवसर पुनः आधा दर्जन से अधिक योजना ग्राम खोनहर में छठ घाट के पास 2,99714 की लागत से पीसीसी पथ का शिलान्यास, चेचरिया में बरम बाबा के पास एक लाख की लागत से चबूतरा का शिलान्यास, ग्राम मोटांगवा के आदिवासी टोला में 1,86689 की लागत से नाली निर्माण का शिलान्यास, ग्राम बलिगढ़ में लल्लू साह के घर के पास चार लाख 78 हजार की लागत से जलमिनार का उद्धाटन, वही बलिगढ़ में सुरेश प्रसाद के घर के पास चार लाख 78 हजार की लागत से जलमिनार का उद्धाटन,ग्राम बलिगढ़ में आदिवासी टोला पर रामसूरत चेरो के घर के पास दो लाख 78 हजार की लागत से जलमिनार का उद्धाटन, वही चंदवा टोला पर 2,49000 की लागत से पीसीसी पथ का शिलान्यास संयुक्त रूप से ब्लॉक प्रमुख चन्द्रावती देवी,मुखिया ललिता कुमारी, बीडीसी उषा देवी के उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर मुखिया पति मनोरंजन प्रसाद गुप्ता ने कहा कि मेरे पंचायत में 15 वेवित्त मद से जनउपयोगी योजना पीसीसी पथ, नाली निर्माण, चबूतरा, और जलमीनार का शिलान्यास किया गया। उक्त योजना बन जाने से स्थानीय ग्रामीणों को काफी सहुलियत मिलेगी।

# लघु वनोपज केन्दू पत्ती का बेहतर तरीके से करायें संग्रहण कार्य : आयुक्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू प्रमंडल के कार्य क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2024 संग्रहण मौसम के लिए केन्दू पत्ती के संग्रहण मूल्य(क्रय दर) प्रति मानक बोरा के निर्धारण हेतु सरकार को परामर्श देने के लिए आज आयुक्त- सह-केन्दू पत्ती सलाहकार समिति के अध्यक्ष मनोज जायसवाल की अध्यक्षता में सभी सदस्यों की बैठक हुई। बैठक में राज्य सरकार को परामर्श देने के लिए विचार-विमर्श किया गया। आयुक्त मनोज जायसवाल ने लघु वनोपज केन्दू पत्ती के संग्रहण कार्य को बेहतर तरीके से कराने एवं पत्ता तोड़ने वाले मजदूरों की सुविधा का ध्यान रखते हुए संग्रहण कार्य कराने का निदेश दिया।बैठक में समिति द्वारा सर्वसम्मति से वर्ष 2024 संग्रहण मौसम के लिए सरकारी भूमि पर उगने वाले एवं रैयती भूमि पर उगने वाले केन्दू पत्ती 1650 रुपये से बढ़ाने के लिए विचार -विमर्श किया गया। आयुक्त की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विचार-विमर्श के बाद 1700 रूपये प्रति मानक बोरा संग्रहण मूल्य निर्धारण हेतु सरकार को परामर्श देने का निर्णय लिया गया। इसके पूर्व समिति के सदस्यों द्वारा बताया गया कि बिहार सरकार के द्वारा केन्दू पत्ती की उत्पादन मात्रा अधिसूचित की गई थी, जो काफी पुराना निर्धारण है। सदस्यों द्वारा सुझाव दिया गया कि झारखंड बनने से लेकर वर्तमान तक सभी वर्षो के उत्पादन के औसत को अधिसूचित मात्रा पुनर्निर्धारित करने का आधार बनाकर कम-से-कम दर निर्धारण किया जा सकता है।विकास मद की राशि का उपयोग की स्थिति को लेकर समिति का परामर्श है कि केन्दू पति संग्रह समिति के पास उपलब्ध विकास मद की राशि से विकास योजना एवं केन्दू पत्ती पौधों के संवर्धन के कार्य के साथ-साथ नए गोदाम का निर्माण, दोना- पत्तल निर्माण, मधुमक्खी पालन के संग्राहक समितियों के आय में वृद्धि हो सकती है। समिति द्वारा सुझाव दिया गया कि केन्दू पत्ती संग्राहकों को असंगठित कर्मकार कल्याण योजना एवं ई-श्रम पोर्टल पर निबंधित कर सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान कराये जाने पर विचार किया गया।

**संक्षिप्त खबरें**

## गढ़वा सदर अस्पताल में 24 करोड़ 84 लाख से बन रहा 50 बेड का अस्पताल

**रांची :** गढ़वा जिले के सदर अस्पताल में 50 बेड के अस्पताल के भवन का निर्माण कराया जा रहा है। भवन निर्माण के लिए 24 करोड़ 84 लाख 27 हजार 500 रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में राज्य योजना से ढाई करोड़ रुपए का आवंटन किया गया है। पूर्व में नौ करोड़ रुपये आवंटित किए जा चुके हैं। कुल 11 करोड़ 50 लाख रुपये का आवंटन किया गया है। इस आवंटित राशि की निकासी और व्ययन पदाधिकारी सिविल सर्जन रांची होंगे जबकि राशि के नियंत्रित पदाधिकारी अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह होंगे। एसीएस ने निर्देश दिया है कि संबंधित कार्यकारी एजेंसी के मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता योजना की वित्तीय-भौतिक समीक्षा करेंगे।

## प्रकाश पर्व को लेकर गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा मिला बिरथरे से

**रांची :** गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा का प्रतिनिधि मंडल श्री गुरुनानक देव जी के 554वें प्रकाश पर्व को लेकर पुलिस उप महानिरीक्षक अनूप बिरथरे से मिला। श्री गुरु नानक देव जी के 554वें प्रकाश पर्व के आयोजन को लेकर गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा के प्रतिनिधि मंडल ने झारखंड के पुलिस उप महानिरीक्षक श्री अनूप बिरथरे से उनके कार्यालय में मुलाकात की और उन्हें प्रकाश पर्व के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए निमंत्रण पत्र द्वारा न्योता दिया.प्रतिनिधि मंडल ने उन्हें बताया कि 25 नवंबर,शनिवार को कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा मैदान में प्रकाश पर्व के उपलक्ष में भव्य विशेष दीवान सजाया जा रहा है,जिसमें दस हजार से अधिक श्रद्धालु शामिल होंगे और इन सभी श्रद्धालुओं के लिए सत्संग सभा द्वारा गुरु का अटूट लंगर भी इसी मैदान में चलाया जाएगा.

# पुलिसिंग के विभिन्न आयामों से संबंधित विषयों पर हुई गहन चर्चा : डीजीपी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में प्रत्येक वर्ष डीजीपी /आइजीएसपी कांफ्रेंस का आयोजन किया जाता है। इस सम्मेलन में पुलिसिंग के विभिन्न आयामों से संबंधित विषयों पर गहन चर्चा के उपरांत गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अनुशंसा के रूप में सभी राज्यों / केन्द्र शासित प्रदेशों को अनुपालन हेतु भेजा जाता है। इनमें से कुछ अनुशंसा राज्य स्तर पर एवं जिला / थाना स्तर तक नियमित रूप से लागू की जाती है।




इन सभी अनुशंसा के अनुपालन का अनुश्रवण गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा किया जाता है।चूँकि इन अनुशंसाओं का क्रियान्वयन लगातार जिला एवं थानों के माध्यम से भी होना आवश्यक है क्योंकि कुछ अनुशाता में फोटो / विडियो की भी आवश्यकता होती है, इसलिये हार्ड कॉपी में इन अनुशता का क्रियान्वयन सभी पुलिस इकाईयों से प्राप्त करना एवं उसको संकलित करना सभी स्तर के लिये समय लगने वाला एवं गहन संसाधन वाली प्रक्रिया हैं। इस प्रक्रिया के सरल तथा बेहतर अनुश्रवण के लिए झारखण्ड पुलिस मुख्यालय द्वारा एक ऑनलाइन पोर्टल बनाया गया है। 10 नंबर 2023 को पुलिस मुख्यालय स्थित सभागार में इस पोर्टल का अनावरण पुलिस महानिदेशक, झारखण्ड के द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया। इस अवसर पर झारखण्ड पुलिस सभागार से अजय कुमार सिंह, पुलिस महानिदेशक, झारखण्ड, आर के मल्लिक, अपर पुलिस महानिदेशक, बिततु मुरारीलाल मीणा, अपर पुलिस महानिदेशक, मुख्यालय, डॉ संजय आनन्दराव लाटकर, ऊपर पुलिस महानिदेशक, अभियान, प्रिया दूबे ऊपर पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण एवं आधुनिकीकरण, मनोज कौशिक, पुलिस महानिरीक्षक, मुख्यालय, अखिलेश झा. पुलिस महानिरीक्षक, मानवाधिकार अमोल विनुकान्त होमकर, पुलिस महानिरीक्षक, अभियान, प्रभात कुमार, पुलिस महानिरीक्षक, विशेष शाखा, अन्रेषु विजयालक्ष्मी पुलिसउप-महानिरीक्षक, कार्मिक, सुनील मास्कर, पुलिस उप महानिरीक्षक, झासपु तथा अमित रेणु, पुलिस अधीक्षक, अभियान उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त सभी प्रक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक, सभी क्षेत्रीय पुलिस उप महानिरीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, अपराध अनुसंधान विभाग रेल के वरीय पदाधिकारी झारखण्ड सहित वरीय पुलिस अधीक्षक धनबाद रांची एवं जमशेदपुर तथा सभी जिला के पुलिस अधीक्षक, सभी समादेष्टा शासपु/ आईआरबी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित रहे।

# 133 वाहनों की जांच, 19 वाहनों से वसूला गया 217000 रुपये का जुर्माना

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** जिला परिवहन पदाधिकारी, रांची प्रवीण प्रकाश ने ओरमांझी क्षेत्र में वाहन जांच अभियान चलाया गया। जांच अभियान के दौरान टैक्स डिफॉल्टर्स, ओवरलोडेड, बिना परमिट, प्रदूषण प्रमाण, बिना लाइसेंस, सवारी गाड़ी में क्षमता से अधिक यात्री बैठाने एवं वाहन संबंधी अन्य कागजातों की जाँच जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा की गई।



**त्योहारों को देखते हुए बसों की विशेष जांच**

जिला परिवहन पदाधिकारी प्रवीण प्रकाश द्वारा त्योहारों को देखते हुए बसों की विशेष जांच की गई। त्योहार को लेकर बड़ी संख्या में लोग सुरक्षित अपने गंतव्य तक पहुँच सके, इसे लेकर जिला परिवहन पदाधिकारी ने क्षमता अनुसार सवारियों को वाहन में बैठने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि सभी वाहन स्वामी/चालक वैद्य दस्तावेज के साथ वाहन का परिचालन करें।

**133 वाहनों की जांच, 19 वाहनों से वसूला गया 2 लाख 17 हजार रुपये का जुर्माना**

वाहन जांच के दौरान कुल 133 वाहनों की जाँच की गई।

कार्यालय कर्मियों द्वारा बारी-बारी से सभी वाहनों के दस्तावेजों की जाँच की गई, जिसमें 19 वाहनों के कागजात सही नहीं पाए गए। कुल 19 वाहनों (मालवाहक वाहनों, हाइवा, सवारी वाहन) से 2 लाख 17 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया।

**वाहन संबंधी कागजात दुरुस्त रखें- डीटीओ**

जिला परिवहन पदाधिकारी ने सभी वाहन स्वामियों/चालकों से अनुरोध किया है कि वाहन सावधानी पूर्वक चलाएं एवं वाहन संबंधित सभी कागजात अद्यतन रखें। साथ ही वाहनों में लदान क्षमता के अनुसार ही परिचालन करें। सवारी वाहनों में क्षमता से अधिक यात्रियों को बैठाने पर जिला परिवहन पदाधिकारी ने कार्रवाई की बात कही है।

# सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल में मनाया गया दिवाली महोत्सव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची ।** मां सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल में मनाया गया दिवाली महोत्सव इस मौके पर बच्चों के बीच रंगोली व दिया प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मौके पर स्कूल के निर्देशक कुंदन कुमार ने धनतेरस और दिवाली की शुभकामना देते हुए कहा कि स्कूल इस तरह के कार्यक्रम हमेशा करते रहती है और बच्चों के बीच में पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधि को भी बढ़ावा देने का कार्य करती है। रंगोली प्रतियोगिता में क्लास 2 को प्रथम पुरस्कार, क्लास 1 को द्वितीय पुरस्कार और क्लास 3 को तृतीय पुरस्कार दिया गया । दिया प्रतियोगिता जूनियर में प्रथम पुरस्कार यूकेजी आर्यन, द्वितीय सुहानी कुमारी, क्लास एलकेजी और तीसरा पुरस्कार वैभव कुमार और शिवम् क्लास नर्सरी को तृतीय पुरस्कार दिया गया। दिया प्रतियोगिता सीनियर में प्रथम पुरस्कार सागर कुमार क्लास 3, द्वितीय पुरस्कार वैष्णवी कुमारी क्लास 5 और तृतीय पुरस्कार प्रगति कुमारी क्लास 3, और तृतीय पुरस्कार प्रियम कुमारी क्लास 1 को। इस मौके पर स्कूल की प्रिंसिपल प्रिया सिंह,शिक्षिक नीलम कुंवर ठाकुर, पुनीता सिंह,अभिमन्यु प्रसाद, मुकेश सिंह,संजू संजू कुसवाहा, सोनी तिवारी,साक्षी राय, रमिया कछाप, रितेश तिवारी, आमिर सोहेल, कान्ति ठाकुर, बच्चे एवं अन्य लोग मौजूद थे।

# तूफान क्लब काली पूजा समिति काल्पनिक पंडाल का कर रही निर्माण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राजधानी के करम टोली स्थित अहीर टोली स्थित तूफान क्लब काली पूजा समिति इस साल काल्पनिक पंडाल का निर्माण कर रही है। इसमें मां काली की प्रतिमा के साथ लगभग 300 मूर्तियां पंडाल में विराजमान होंगे, जो आकर्षण का केंद्र होगा। पंडाल के चारों तरफ देवी-देवताओं और राक्षसों की मूर्तियां स्थापित की जाएगी। क्लब के मीडिया प्रभारी संदीप कुमार ने शुक्रवार को बताया कि पंडाल की ऊंचाई 35 फीट और चौड़ाई 40 फीट है। बंगाल के कारीगरों के जरिये पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। पंडाल की लागत 8-10 लाख रुपये आंकी गयी है। मूर्तिकार रामचंद्र पाल के जरिये आठ फीट की मां काली की मूर्ति बनाई जा रही है। परिसर में लोगों के मनोरंजन के लिए भी विभिन्न तरह के झूले जिसमें ड्रैगन, ब्रेकडांस, नाव, जाइंट व्हील बड़ा, मिकी माउस जैसे झूले लगाए गए हैं। 12 नवंबर को मां काली की पूजा, 13 नवंबर को शाम पांच बजे महाआरती और खिचड़ी भोग वितरण किया जाएगा। 14 नवंबर को शाम छह बजे से संध्या आरती खीर महाभोग वितरण और जागरण किया जाएगा।



# 29वीं राष्ट्रीय थांग-टा चैंपियनशिप का झारखण्ड टीम घोषित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची ।** 24 से 26 नवंबर 23 रांची खेल गांव स्थित हरवंस टाना भगत इंडोर स्टेडियम में आयोजित होने वाली 29वीं सब जूनियर तथा सीनियर राष्ट्रीय थांग-टा चैंपियनशिप में झारखण्ड का प्रतिनिधित्व करने के लिए चालीस सदस्यीय झारखण्ड थांग-टा टीम की घोषणा कर दी गई है। टीम में शामिल खिलाडियों के नाम इस प्रकार हैं- मिलन दास, सुरेश टुडू, अंजनी डोडे, यशवीर शंकर भारती (सभी दुमका) सरीब खान (गढ़वा), रामस्वरूप हेम्ब्रम तथा शिवांश कुमार (रांची), पूजा कुमारी, दीसांशु मुर्मू, मोहम्मद इब्राहिम, विभा रानी, तथा शुभार्थी मुर्मू (सभी बोकारो), विशाल कुमार (कोडरमा), राजश्री शुक्ला, अंशुमन चौबे, सनाया सिंह, दीक्षा शर्मा, तथा बॉबी शुक्ल (सभी गढ़वा), संजय कुमार (गोड्डा), राज कुमार किस्कू, संदीप कुमार पासवान, सिद्धांत श्रेष्ठ, शिव कुमार महतो, मनीष कुमार राम, अनिकेत कुमार, अनीश यादव, अनिल प्रसाद महतो, उषा कुमारी, नैना कुमारी गुप्ता, जुली कुमारी, मानसी केशरी,पूनम कुमारी, किरण कुमारी, अभया भारती, उन्नति प्रिया, अनिरुद्ध बिस्वास, प्रिया केशरी, अनुकल्प प्रसाद, कुमार वत्सल, तथा अक्षिता पंडित (सभी धनबाद). झारखण्ड टीम महिला कोच सोनामोती कुमारी तथा ममता कुमारी पांडे एवं पुरुष कोच संजू कुमार तथा कृष्णा कुमार शाव के नेतृत्व में शिरकत करेगी।

# मुख्यमंत्री को अब छात्रों की आ रही है याद : प्रतुल शाहदेव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को घोषणा वीर मुख्यमंत्री बताया। वह मुख्यमंत्री के द्वारा छात्रों की प्रतियोगी परीक्षाओं में शुल्क माफी की वापसी की घोषणा पर प्रतिक्रिया दे रहे थे।प्रतुल ने कहा कि अब मुख्यमंत्री के कार्यकाल में चंद महीने रह गए हैं तो मुख्यमंत्री जी को आदिवासी,मूलवासी, छात्र, पिछड़ा वर्ग सब याद आ रहे हैं।मुख्यमंत्री को जवाब देना चाहिए कि छात्रों का वे शुल्क माफी करने की घोषणा 4 वर्ष बाद क्यों कर रहे हैं? इन छात्रों को झामुमो के संकल्प पत्र में किए वादे के अनुसार 4 वर्षों तक बेरोजगारी भत्ता क्यों नहीं मिला? झामुमो ने स्पष्ट रूप से अपने मेनिफेस्टो में रोजगार नहीं मिलने तक बेरोजगार ग्रैजुएट्स को 5000 प्रति माह और पोस्ट ग्रेजुएट को 7000 प्रति माह बेरोजगारी भत्ता देने की घोषणा की थी।प्रतुल ने कहा की मुख्यमंत्री को यह भी बताना चाहिए आदिवासी मूलवासी के हित में उन्होंने एक सरकारी संकल्प से 1932 के खतियान को क्यों नहीं लागू किया? उसे भूल भुलैया में क्यों फसाने का प्रयास किया? उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार 4 वर्षों में 20 लाख सरकारी नौकरियां हो जानी चाहिए थी।पर अब तो हालत यह है कि सरकार मात्र 70 - 80 नियुक्तियों के भी बड़े-बड़े पोस्टर, बैनर लगाकर सूचना देती है।प्रतुल ने कहा कि मुख्यमंत्री को अचानक पिछड़ा वर्ग भी याद आने लगा है।जबकि उनको आरक्षण देने के लिए ट्रिपल टेस्ट कराने को अधिसूचित पिछड़ा वर्ग आयोग अभी तक अध्यक्ष विहीन है।

प्रतुल ने कहा कि मुख्यमंत्री सिर्फ घोषणाएं करते हैं और जब लोग उन्हें अपनी पुरानी घोषणा की याद दिलाते हैं तो वह नई घोषणा करके एजेंडा बदलते हैं।प्रतुल ने कहा कि प्रदेश की आदिवासी,मूलवासी जनता और युवा आगामी चुनाव में बैलट के जरिए इस वादा खिलाफी के लिए हिसाब बराबर करने को तैयार है।

# रांची सिविल कोर्ट में जिला जज रैंक के पदाधिकारी की पोस्टिंग

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट ने जिला जज रैंक के दो न्यायिक पदाधिकारियों और एक मजिस्ट्रेट रैंक के न्यायिक पदाधिकारी की ट्रांसफर-पोस्टिंग की है।

इसकी नोटिफिकेशन जारी कर दी है। इन न्यायिक पदाधिकारियों को अविलंब नये पदस्थापन वाली जगह पर योगदान देने का निर्देश दिया गया है।

**किनकी हुई पोस्टिंग:** जिला जज रैंक के न्यायिक पदाधिकारी संतोष कुमार (1) को प्रधान जिला जज बोकारो के पद पर नियुक्त किया गया है। वे झालसा में सचिव के पद पर कार्यरत थे। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रैंक के न्यायिक पदाधिकारी सचींद्र बिरुआ को रांची सिविल कोर्ट में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश के पद पर नियुक्त किया गया है। वे लोकपाल के सचिव के पद पर कार्यरत थे। मजिस्ट्रेट रैंक की न्यायिक पदाधिकारी इला कंडपाल की प्रतिनियुक्ति आर्म फोर्स ट्रिब्यूनल से वापस लेकर रांची सिविल कोर्ट में न्यायिक दंडाधिकारी के रूप में की गयी है।




**बोकारो के प्रधान जिला जज बने संतोष कुमार**

# पत्रकार की सुरक्षा के लिए डीआईजी से मिले शाहनवाज हसन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** मिथिलेश कुमार नायक उर्फ विपिन देगीर, थाना- केरेडारी, जिला- हजारीबाग को मिली धमकी के बाद पत्रकारों में रोष है। विपिन ने लिखित में कहा है कि उसे मोबाइल पर टीपीसी के नाम पर 99315 56054 पर (सुबह 08-13 बजे) एक अनजान नंबर से 97987 23567 से वाट्सऐप पर धमकी भरा कॉल आया। कॉल करनेवाले ने गाली-ग्लौज करते हुए कहा कि तुम्हारा नाम विपिन है, बहुत बड़का पत्रकार बन गए हो। छापर बालू घाट पर बहुत खबर छाप रहे हो, इससे मुझे और मेरे कुछ लोगों काफी नुकसान हो रहा है। इसे चेतावनी समझो और तत्काल बाल से संबंधित कोई भी खबर छापना बंद कर दो। नहीं क्या कर सकते हैं- तुम जानते ही हो। मेरा नाम पहाड़ी है, तुम्हारा और तुम्हारे परिवार का खोपड़ी खोलने में ज्यादा समय नहीं लगेगा। इस संबंध में जेजेए के पदाधिकारी और वरिष्ठ पत्रकार शाहनवाज हसन ने रांची जोन के डीआईजी अनूप बिरथरे से मिलकर पूरी जानकारी दी और पर पत्रकार का की सुरक्षा और अपराधी की गिरफ्तारी की मांग की है। वहीं डीआईजी ने आश्वस्त किया है कि इस पर जांच करवाकर दोषियों पर कार्रवाई करेंगे।

## चलो जलाए दीप वहां जहाँ अंधेरा हो

**रांची :** आज छोटी दीपावली के दिन दोपहर 3 बजे से धनसार के आसापास कोयला प्रभावित क्षेत्रों काली मंदिर, नई दिल्ली बस्ती और हनुमान मंदिर घुरनी जोड़ियां के हमारे रक्तबन्धु सेवा बस्ती वासियों के बीच दीपक , तेल एवम मिठाई वितरण का कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इनके बीच पहुंचकर अपनत्व का अहसास करवाना है। ये लोग आज भी समाज की मूलधारा से कटे हुए है जिस कारण विधर्मियो का आसानी से शिकार बन जाते है। आईये हम अपने घर मे दीपक जलाने से पहले एक दीपक इनके घरों में भी जलाएं ।

# मां भवानी क्लब के तत्वाधान में 23 वर्षों से लगातार मां काली की पूजा होते आ रही है : बलराम सिंह

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मां भवानी क्लब काली पूजा समिति रॉक गार्डन कांके रोड रांची काली मंदिर प्रांगण में आज समिति के सम्मानित अध्यक्ष बलराम सिंह की अध्यक्षता में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने पूजा कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी और बताया कि विगत 23 वर्षों से मंदिर प्रांगण स्थल पर मां काली का पूजन होते आ रहा है, प्रत्येक वर्ष कुछ ना कुछ नया आयोजन होते रहा है। पिछले वर्ष गंगा आरती पूजन का मुख्य आकर्षण का केंद्र बना रहा और इस वर्ष भी काशी विश्वनाथ (बनारस) के तर्ज पर भव्य गंगा आरती का आयोजन होना सुनिश्चित किया गया है।




उन्होंने बताया कि इस वर्ष पंडाल दक्षिण भारत के विश्व प्रसिद्ध मदुरई मंदिर का प्रारूप है। साज सज्जा में झारखंड की हरियाली को दर्शाया गया है और श्री राम जन्म स्थल अयोध्या में श्री राम मंदिर का प्रारूप विद्युत सज्जा द्वारा प्रदर्शित है। पंडाल के अंदर श्री रामसेतु की प्रदर्शनी की व्यवस्था है साथ ही चलंत प्रतिमा के माध्यम से मां के द्वारा रक्तबीज का वध भी दर्शाया गया है।

काली पूजा के पावन अवसर पर समिति के अध्यक्ष ने सभी झारखंड वासियों सहित समस्त भारतवासियों को पूजन की विशेष बधाई समर्पित की।

# अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** वरीय पुलिस अधीक्षक रांची के गुप्त सूचना के आधार पर एवं पुलिस अधीक्षक नगर रांची राजकुमार मेहता के निर्देशानुसार अवैध शराब के छापामारी के लिए पुलिस उपाधीक्षक सदर रांची के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था। 09नवंबर 2023 को गश्ती के क्रम में गुप्त सूचना मिली की एक संदिग्ध युवक काले रंग के पैसन प्रो मोटरसाईकिल जिसका रजि नं0- जेएच01ए क्यू 7037 से बाईक मे दो पेटी अवैध शराब की बिक्री हेतु मोराबादी की ओर ले जा रहा है इस सूचना की सत्यापन हेतु दिवा गश्ती पदाधिकारी पुअनि प्रयाग दास थाना सशस्त्र बल के साथ हेतु चिरादी स्थित शौर्य कार वासिंग सेन्टर के पास पहुंचा तो देखा कि एक सामने की ओर से एक मोटरसाईकिल सवार पुलिस की गाडी को देखकर काफी हड़बड़ा गया उक्त मोटरसाईकिल सवार युवक मोटरसाईकिल को मोडकर भागने का प्रयास करने लगा। जिसके बाद पुलिस पदाधिकारी तथा थाना सशस्त्र बल के साथ मिलकर उक्त मोटरसाईकिल सवार को पकड़ा गया तथा नाम पता पूछा गया तो अपना नाम बालमुकुन्द कुमार निराला उर्म राहुल शर्मा को गिरफ्तार। अवैध शराब के 375 द्रब्य की 31 पेटी एवं एक पेटी बिना सील जिसमें 22 पीस कुल 766 पीस शराब की बोतल, अवैध शराब 105 बोतल 750 द्रब्य की एक काले रंग का हीरो पैशन प्रो मोटरसाईकिल जिसका रजि नं0 जेएच 01ए क्यूं 7037, एक विवो कम्पनी का मोबाईल, धनबरसा चिप्स का हवा भरा हुआ खाली पैकेट करीब 20 बोरी में भरा हुआ।



**गिरफतार अपराधकर्मियों का नाम-पता:** बालमुकुन्द कुमार निराला उर्फ राहुल शर्मा,

**छापामारी दल में शामिल:** प्रभात रंजन बरवार, पुलिस उपाधीक्षक, सदर राँची,सुरेश कुमार मंडल, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी बरियातु राँची।

# आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार अभियान का निगरानी करेंगे वरीय आइएएस अधिकारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड सरकार द्वारा चलाई जा रही आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार अभियान के तहत आयोजित होने वाले झारखंड मे विभिन्न जिलों के कार्यक्रमों की निगरानी के लिए वरीय आइएएस अधिकारियों को जिलों का प्रभारी बनाया गया है।

प्रभारी अभियान के तहत होने वाले कार्यक्रमों की मॉनिटरिंग के साथ संबंधित जिला उपायुक्त को मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। मंत्रिमंडल सचिवालय ने इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया है।

## इन्हे मिली जिम्मेदारी

आइएएस अधिकारी अजय कुमार सिंह को रांची व धनबाद,राजीव अरूण एक्का को पूर्वी सिंहभूम, सुनील कुमार को बोकारो व लातेहार, राहुल पुरवार को गोड्डा,अमिताभ कौशल को कोडरमा व गिरिडीह,मनीष रंजन को देवघर व जामताड़ा, राजेश कुमार शर्मा को साहिबगंज,अबु बकर सिद्दीकी को पश्चिम सिंहभूम व सिमडेगा,प्रवीण टोप्पो को सरायकेला-खरसावां व चतरा, प्रशांत कुमार को दुमका व पाकुड़, कृपानंद झा को पलामू व गढ़वा, मनोज कुमार को खूंटी,विप्रा भाल को लोहरदगा,चंद्रशेखर को गुमला, जीतेंद्र कुमार सिंह को हजारीबाग व रामगढ़ जिला का प्रभारी बनाया गया है। इन लोगों को पूरी जिम्मेदारी दी गई है कि पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी भूमिका निभाएं।

## शांति समिति की बैठक सम्पन्न

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली थाना परिसर मे शुक्रवार को दिपावली, काली पुजा एवं छठ पर्व को लेकर इंस्पेक्टर नीरज कुमार की अध्यक्षता मे शांति समिति की बैठक की गई। बैठक मे त्योहारों को लेकर कई दिशा निर्देश दिए गए एवं दिपावली रोशनी का त्योहार है परिवार के साथ मिलकर मनाए।बच्चों को पटाखे से दुर रखे साथ ही छठ पर्व को लेकर साफ सफाई छठ घाट मे एंबुलेंस के साथ मेडिकल टीम की व्यवस्था पार्किंग की व्यवस्था को लेकर और भी कई तरह के बातों को रखा गया साथ ही दिपावली एवं छठ पर्व का सभी सदस्यों को बधाई दिए। इस मौके पर सिल्ली थाना प्रभारी लालजी, ओपी प्रभारी विपुल ओझा, अनुप टोप्पनो, अजय कुमार, टुटकी मुखिया शर्मिला कुमारी, बिसारिया मुखिया जितनी देवी, हलमाद मुखिया माया देवी, बड़ा चांगड़ु मुखिया सरिता सिंह मुंडा, नगेन्द्र नाथ गोस्वामी, कार्तिक चंद्र महतो, गोपाल केडिया, डॉ विष्णु चरण महतो, राधिका महतो समेत शांति समिति के सदस्य मौजूद थे।

## पायोनियर 27 पी 37 हर हाल बेमिसाल रोके ना रुके

**बेड़ो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शुक्रवार को कोटेवा एग्री साइंस कंपनी के द्वारा ग्राम चचकोपी ब्लॉक बेड़ो में पायोनियर कम्पनी द्वारा मेघा शो फसल प्रदर्शनी दिवस मनाया गया। जिसमें पायोनियर 27 पी 37 अन्य धान के 10- 10 बाली का वजन किया गया, जिसमें पयोनिया 27 पी 37 आन्या धान मुकाबले 3 किव्तल अधिक पर एकड़ हुआ। जिसमे रांची जिला के अधिकारी सफलदीप तिर्की के द्वारा किसानो को 27 पी 37 की जानकारी दी साथ ही किसानो को खड़ी फसल दिखाते हुए 27 पी 37 को व अन्य हाईब्रिड को वजन कर दिखाया ॗ पायोनियर 27 पी 37 दो नम्बर खेत पर सबसे अधिक उपज दिया किसानो का कहना है की 27 पी 37 धान के लम्बी बाली और वजनदार होते है ॗ उन्होंने दिखलाया की दोनों धान मे मेहनत एक ही है लेकिन 27 पी 37 धान मे 3 क्वांटल प्रति एकड ज्यादा मुनाफा कमा सकते हैं ॗ पायोनियर ज्यादा लगाने वाले किसान को सोल सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया ॗ रांची जिला के एमडीआर अनूप कुमार, विजय महतो, सोहेल अंसारी या योगेन्द्र गोप ने किसानो से पायोनियर 27 पी 37 बीज की खेती कर आर्थिक लाभ उठाकर अपनी आय दुगनी करने की अपील की ॗ ग्राम चचकोपी के मुखिया जी और पंचायत समिति सबदुला खान जी ने किसानों को 27पी 37 धान की खेती करने की सलाह दी। किसान बिरसा उराँव के खेत में किया गया, दुर्गा लकड़ा, रतन लोहरा, तेजू गोप, पवन गोप और रोपण उराव आदि सैकडो किसान उपस्थित थे।

## दीपावली से पूर्व डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में दीपोत्सव का हुआ आयोजन

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के स्कूलों में दीपावली से पूर्व कई प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जानकारी के अनुसार डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में दीपोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंजरी महिला क्लब की अध्यक्ष निभा झा और स्कूल के प्राचार्य राजीव रंजन झा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्कूल के प्राचार्य राजीव रंजन झा ने कहा कि इस प्रकार के त्योहारों के आयोजन से बच्चों में संस्कार और अपनी संस्कृति के प्रति जागरूकता पैदा होती है।उन्होंने कहा कि बच्चों को इस तरह के आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग लेने की जरूरत है,इससे उन्हें कई प्रकार के धार्मिक ज्ञान भी मिलते हैं।इस अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया,जिसमें बच्चों के द्वारा स्वागत गीत,पंजाबी नृत्य,पहाड़ी नृत्य सहित अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।सीता स्वयंवर नाटक की प्रस्तुति बड़े ही सुंदर ढंग से की गई,जिसकी काफी सराहना की गई।वहीं रावण वध और राम दरबार नाटक को भी उपस्थित लोगों ने खूब पसंद किया।इस मौके पर वागीशा और उदिता ने दीपावली के महत्व और इसके उद्देश्य पर अपना विचार प्रस्तुत किया।इसके अलावा स्कूल परिसर में दीपावली के मौके पर थाली सजाना,फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता और रंगोली बनाओ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया,जिसमें स्कूल के बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।स्कूल के प्राचार्य राजीव रंजन झा ने सभी प्रतियोगिताओं के परिणाम को घोषित किया।

## पिपरवार के चिरैयांटांड़ में कल से कलश यात्रा के साथ प्रारंभ होगी काली पूजा

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के चिरैयाटांड़ गांव मे काली पूजा को लेकर सारी तैयारी पुरी कर ली गई है। काली पूजा को लेकर पूरे मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है।काली पूजा समिति के सदस्यों ने बताया कि रविवार 12 नवम्बर को कलश यात्रा के साथ काली पूजा का शुभारंभ किया जाएगा।कलश यात्रा में सैकड़ो महिला एवं पुरुष शामिल होंगे।बैंड बाजे के साथ कलश यात्रा को पूरे इलाके का भ्रमण कराया जाएगा।वही बुधवार 15 नवम्बर को एकदिवसीय काली पूजा मेला का आयोजन किया जाएगा।मेला मे कई प्रकार की दुकान और झूला लगाया जाएगा।मेला का उद्घाटन दोपहर दो बजे मुख्य अतिथि के रूप में बड़कागांव की विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा किया जाएगा। काली पूजा और मेला को लेकर आयोजन समिति के द्वारा सभी तरह की तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है। समिति के सदस्यों ने क्षेत्र के सभी लोगों से कलश यात्रा, काली पूजा और मेला में शामिल होकर इसे सफल बनाने की अपील की है।

## स्कूल आफ विजडम राय में रंगोली बनाओ प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयलांचल क्षेत्र के स्कूल ऑफ विजडम राय मे शुक्रवार को दीपावली के अवसर पर रंगोली बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इस प्रतियोगिता में स्कूल के छः ग्रुप की टीम शामिल हुआ।जिसमें स्कूल के बच्चों ने एक से बढ़कर एक आकर्षक रंगोली बनाया। बच्चों द्वारा बनाए गए रंगोली का उपस्थित शिक्षकों सहित अभिभावकों ने जमकर प्रशंसा की।रंगोली बनाओ प्रतियोगिता के संबंध में स्कूल की प्राचार्य ज्योत्सना चटर्जी और सचिव अश्विनी दराद ने कहा कि दीपावली के मौके पर प्रत्येक साल स्कूल प्रागंण में रंगोली बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। जिसमें स्कूल के बच्चे बढ़ चढ़कर भाग लेते हैं।उन्होंने सभी बच्चों को बधाई देते हुए इस तरह के आयोजन में आगे भी बढ़ चलकर भाग लेकर बेहतर प्रदर्शन करने की अपील की।इस मौके पर प्राचार्य ज्योत्सना चटर्जी, सचिव अश्विनी दराद,प्रमिला देवी,प्रभा कुमारी,तेरेसा कुजुर सहित स्कूल के सभी शिक्षक,बच्चे और कई अभिभावक मौजूद थे।

# पिपरवार कोयलांचल में धनतेरस की धूम, बाजारों में उमड़ी लोगों की भीड़

### धनतेरस पर कोयलांचल के बाजारो में लाखो के सामानो की हुई खरीदारी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के इलाको में धनतेरस के मौके पर जमकर खरीदारी हुई।एक ओर जहाँ सभी बाजारों में कई प्रकार की दुकानें सजगयी है।वही दुसरी ओर परंपरा के अनुसार सोने चांदी के जेवर,सिक्के के साथ बर्तनों की खरीद के लिए बाजार में खरीदारों की भारी भीड़ देखी गई।सीसीएल का आवासीय क्षेत्र होने के कारण बचरा स्थित चार नंबर मुख्य व्यवसायिक बाजार में सड़क के दोनो ओर दीपावली एवं धनतेरस से संबंधित हर प्रकार के सामानों की दुकानें लगायी गई थी।जिसमें कही मिट्टी के बर्तन,तो कही धातु के बर्तन, मां लक्ष्मी और गणेश की मुर्ति,फुल माला,पुजा पाठ का सामान,इलेक्ट्रॉनिक सामान,पटाखों की दुकान, घरेलु उपयोग के साथ विलासिता की बस्तुएं जैसे टीवी,फ्रिज,वाशिंग मशीन इत्यादि की दुकानें सजी हुई थी।पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन सोना चांदी सहित झाड़ू के साथ घरेलू सामानों की खरीद से घर में लक्ष्मी का वास होता है और इससे घर में खुशहाली आती है।धनतेरस के दिन धनवंतरी देवता का पुजन भी होता है। हालांकि खुशी और संपन्नता के प्रतीक के रूप में मनाए जाने वाले इस त्योहार पर मंहगाई की काली परछाई का असर भी साफ देखने को मिल रहा है।एक ओर जहां सीसीएल का क्षेत्र होने के कारण पैसों वालों में इसे ज्यादा से ज्यादा खरीदारी कर अपनी संपन्नता दिखाने की होड़ मची है वही दुसरी ओर एक वर्ग ऐसा भी है जो मंहगाई और जेब में पैसा नहीं होने के कारण धनतेरस पर खरीदे जाने वाले बहुत जरुरी सामानों की खरीदारी करने में असमर्थ होकर सिर्फ अपना मन मसोसकर रह जाता है। पिपरवार क्षेत्र के बचरा चार नंबर चौक और बचरा बाजारटांड़ में लगाए गए दुकानों पर लोगों की भारी भीड़ देखी गई।लोगों ने जमकर खरीदारी करते हुए परंपरा को आगे बढ़ाया। जानकारी के अनुसार कोयलांचल के बाजारों में लाखों रुपए के सामानों की खरीदारी की गई।इधर बाजारों में सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया।पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार लगातार क्षेत्र और बाजारों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। बचरा के अलावे राय बाजार, बेंती, बहेरा, कल्याणपूर, कारो, बिलारी, चिरैयांटांड़ सहित अन्य ग्रामीण इलाको मे धनतेरस पर लोगो ने जमकर खरीदारी की।

## आसिफ अहमद बने पी एम पी डब्लू ए आई सी के झारखंड प्रदेश सचिव

**नामकुम(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पसमांदा मुसलमान पोलिटिकल एण्ड वेलफेयर अवेयरनेस आफ इंडिया काउंसिल (PMPWAIC) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एस.फैयजउद्दिन एंव संगठन महासचिव एम.ए.सत्तार के दिशा निर्देश पर संगठन के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष आसिफ रिजवान खान द्वारा रांची निवासी आसिफ अहमद को प्रदेश संगठन का सचिव नियुक्त किया गया है। अपने नियुक्त पर श्री आसिफ अहमद ने राष्ट्रीय नेतृत्व एंव प्रदेश अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया है और पसमंदा मुसलमान समुदाय को एकजुट कर मोदी सरकार के योजनाओ का लाभ पहुंचाने एंव प्रधानमंत्री के लोककल्याण एंव समाज-कल्याण विचारधारा से जोड़ने का पूरा प्रयास करने की बात कही है।

## धनतेरस पर दुकानों में ग्राहकों की भीड़, लोगों ने जमकर की खरीददारी


**बेड़ो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** धनतेरस को लेकर सुक्रवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित दुकानों में ग्राहकों की भीड़ ने जमकर खरीददारी की। देर शाम तक बाजार गुलजार रहा। बाइक, बर्तन , इलेक्ट्रानिक्स, आभूषण, पूजन सामग्री सहित सभी प्रकार दुकानों पर लोगों की भीड़ खरीददारी करती दिखी। सुबह से ही खरीदारी के लिए बाजार सज गये थे। दोपहर तक बाजार में खरीदारों की भीड़ उमड़ने लगी। और देर शाम तक बाजारों में खरीदारी को ले भीड़ देखी गयी।धनतेरस को लेकर बाजार दो-तीन दिन पहले से ही पहले से सज गया था। वहीं जमकर बिके झाड़ू धनतेरस के मौके पर झाड़ू खरीदे जाने की परंपरा के मद्देनजर सभी चौक चौराहों पर झाड़ू के कई दुकानें भी सजी हुई थी। लोगों ने जमकर झाड़ू की खरीदारी किया। वही लोगों ने सोने-चांदी के गहनों के साथ सिक्के भी खरीदा। इधर, बर्तन दुकानों में तांबा व कांसा की मूर्तियों के अलावा स्टील के बर्तन व अन्य सामान लोगों ने खरीदा। महावीर चौक, जिला परिषद,बाजार टांड़,देवी मंडप चौक, तेतर टोली सहित बाजार में काफी चहल-पहल रही। मान्यता है कि धनतेरस पर खरीददारी करना काफी शुभ होता है।



# बाबूलाल मरांडी ने दो खिलाड़ियों को किया सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**ओरमांझी :** शुक्रवार को झारखंड के पारा थ्रो बॉल खिलाड़ी महिमा उरांव और मुकेश कंचन को भूटान में आयोजित प्रतियोगिता में हिस्सा लेने लिए झारखंड के भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबुलाल मरांडी ने अपने मोरहाबादी स्थित आवास में शॉल ओढ़ाकर सम्मानित कर आर्थिक सहायता प्रदान किया। और इन्हें शानदार प्रदर्शन के साथ पदक जीत कर वापस आने की शुभकामनाएं दिए ज्ञात हो कि अंतरराष्ट्रीय पारा थ्रो बॉल एसोसिएशन द्वारा भूटान में 23 से 26 नवंबर 2023 तक आयोजित अंतरराष्ट्रीय पारा थ्रो बॉल प्रतियोगिता में भारतीय दल में झारखंड के चार खिलाड़ी चुने गए हैं। जिसमें मुकेश कंचन, सनोज महतो ,महिमा उरांव और असुंता टोप्पो का चयन हुआ है। इनमें से दो खिलाड़ी आर्थिक समस्या के कारण जाने में असमर्थ थे, ऐसे में



उन खिलाडियों ने भाजपा नेता कमलेश राम से मदद की गुहार लगाई। कमलेश ने तुरंत अपनी संस्था केआर फाउंडेशन के माध्यम से बाबूलाल मरांडी के हाथों दोनों खिलाड़ियों को चेक दिलवाया। दोनों खिलाडियों ने बाबूलाल मरांडी जी और कमलेश राम के प्रति आभार व्यक्त किए।

# जी पी हाई स्कूल के बच्चों ने दिखाया दम जीते गोल्ड मेडल




प्रभात मंत्र संवाददाता

**अनगड़ा :** गोंदली पोखर मध्य एवं उच्च विद्यालय के आठ छात्र-छात्राओं ने ताइक्कांडो चैंपियनशिप 2023 में भाग लेकर 23वां झारखंड राज्य सीनियर कर्गी एवं 9वां झारखंड राज्य कैडेट कर्गी में 5 गोल्ड 2 सिल्वर और एक ब्रॉन्ज मेडल जीतकर रांची जिला सहित क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यह ताइक्कांडो चैंपियनशिप कुमैठा स्टेडियम, देवघर में 8 नवंबर से 10 नवंबर 2023 तक आयोजित किया गया था, जिसमें मनीष कुमार महतो (वर्ग V) गोल्ड, नीरज बेदिया (वर्ग V) गोल्ड, शशि मुंडा( वर्ग V) गोल्ड, आर्यन कुमार (वर्ग VII) गोल्ड, बबली कुमारी (वर्ग IX) गोल्ड, भारती कुमारी (वर्ग IX) सिल्वर, अंकुश नाग (वर्ग X) सिल्वर और रितेश कुमार महतो (वर्ग IX) ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया है। बच्चों के द्वारा झारखंड राज्य स्तरीय मेडल हासिल करने पर खुशी व्यक्त करते हुए गोंदली पोखर उच्च एवं मध्यम विद्यालय के सचिव डॉ अमर कुमार चौधरी ने कहा कि इन्हें गुणवत्ता पूर्ण प्रशिक्षण देकर राष्ट्रीय स्तर तक खेलने में जो भी सहयोग की जरूरत हो सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी।

# मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना पीएमजीएसवाई पथ से मासू तक सड़क का हुआ शिलान्यास



प्रभात मंत्र संवाददाता

**अनगड़ा :** खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत पीएमजीएसवाई पथ से मासू तक पथ निर्माण का शिलान्यास किया। ज्ञात हो कि ग्रामीणों को बरसात के दिनों में काफी परेशानी झेलना पड़ा।खास कर मासू आने जाने के लिए कीचड़ और पानी से गुजरना पड़ता था। ग्रामीणों की वर्षो की मांग पूरी होने से ग्रामीणों ने विधायक के प्रति आभार जताया। वही विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि ग्रामीणों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ा। अब यह सड़क बन जाने से लोगों को सहूलियत हो जाएगी। मौके पर मुख्य रूप से प्रखण्ड प्रमुख दीपा उरांव, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र मुंडा शिक्षा प्रतिनिधि साकिर अंसारी एतवा उरांव जिप सदस्य , उप प्रमुख जयपाल हजाम, मुखिया कविता देवी, पंचायत समिति सदस्य मंदरा मुंडा, भाजपा मंडल अध्यक्ष रामनाथ महतो वार्ड सदस्य प्रदीप महतो सफीक अंसारी छोटेलाल महतो आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## झारखण्ड सरकार,
## गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
## झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

58वीं औपबंधिक सूची
जिला–हजारीबाग (पार्ट–01)

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.202 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| विवरण :– नोडल पदाधिकारी द्वारा जाँच में आन्दोलनकारी होने का मंतव्य एवं चिन्हित स्थानीय झारखण्ड आन्दोलनकारी रामकिशोर मेहता उर्फ आर0के0 मेहता के पहचान के आधार पर। | | |
| 1. | 1. आवेदन क्र0–271/23<br>2. आवेदक का नाम–दिनेश्वर राम , पिता का नाम–स्व0 महरू राम<br>3. ग्राम–बरकाखुर्द , पोस्ट–रतनपुर , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 2. | 1. आवेदन क्र0–272/23<br>2. आवेदक का नाम–सुरेश प्रसाद मेहता , पिता का नाम–जगदीश मेहता<br>3. ग्राम–बरकाखुर्द , पोस्ट–रतनपुर , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 3. | 1. आवेदन क्र0–273/23<br>2. आवेदक का नाम–राजेन्द्र प्रसाद मेहता , पिता–स्व0 जगदीश महतो<br>3. ग्राम–बरकाखुर्द , पोस्ट–रतनपुर , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 4. | 1. आवेदन क्र0–274/23<br>2. आवेदक का नाम–श्रीकान्त मेहता , पिता–जयनारायण मेहता<br>3. ग्राम–बरकाखुर्द , पोस्ट–रतनपुर , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 5. | 1. आवेदन क्र0–275/23<br>2. आवेदक का नाम–शिवलाल महतो , पिता–विगन महतो<br>3. ग्राम–बहेरा , पोस्ट–चरही , थाना–चरही , प्रखण्ड–चुरचु<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 6. | 1. आवेदन क्र0–276/23<br>2. आवेदक का नाम–त्रिवेणी महतो , पिता–डिलो महतो<br>3. ग्राम–कपका , पोस्ट– , थाना– , प्रखण्ड–बरकट्ठा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 7. | 1. आवेदन क्र0–277/23<br>2. आवेदक का नाम–सुबोध मेहता (आश्रित पुत्र) , पिता का नाम–छत्रधारी महतो (मूल आन्दोलनकारी)<br>3. ग्राम–सिन्दर , पोस्ट–हजारीबाग , थाना–कोर्रा, प्रखण्ड–सदर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 8. | 1. आवेदन क्र0–278/23<br>2. आवेदक का नाम–काशीनाथ उर्फ काशी गोस्वामी , पिता का नाम–रघु गोस्वामी<br>3. ग्राम–सिन्दूर , पोस्ट–हजारीबाग , थाना–कोर्रा, प्रखण्ड–सदर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| विवरण :–हजारीबाग वाद सं0–695/98 एवं हजारीबाग सदर थाना काण्ड सं0 64/98 के नामित एवं चिन्हित आन्दोलनकारी रामकिशोर मेहता उर्फ आर0के0 मेहता के आवेदन में संलग्न दिसम्बर 1998 के अखबार कतरनों में उल्लेखित उनके साथ शामिल सैकड़ो की संख्या में संसद में झारखण्ड अलग राज्य बिल पास कराने हेतु धरना में शामिल लोगो की शपथ पत्र के माध्यम से दी गयी सूची के आधार पर। | | |
| 9. | 1. आवेदन क्र0–279/23<br>2. आवेदक का नाम–महेन्द्र प्रसाद मेहता , पिता का नाम–स्व0 राधो महतो<br>3. ग्राम–जमुआरी , पोस्ट–करियातपुर , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 10. | 1. आवेदन क्र0–280/23<br>2. आवेदक का नाम–नरेश प्रसाद मेहता , पिता का नाम–बंशी महतो<br>3. ग्राम–डुमरौन , पोस्ट–डुमरौन , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 11. | 1. आवेदन क्र0–281/23<br>2. आवेदक का नाम–जमुना ठाकुर , पिता का नाम–स्व0 निरू ठाकुर<br>3. ग्राम–डुमरौन , पोस्ट–डुमरौन , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 12. | 1. आवेदन क्र0–282/23<br>2. आवेदक का नाम–जिरवा देवी , पति का नाम–सुखदेव ठाकुर<br>3. ग्राम–डुमरौन , पोस्ट–डुमरौन , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–महिला, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 13. | 1. आवेदन क्र0–283/23<br>2. आवेदक का नाम–प्रवील महतो , पिता का नाम–स्व0 जगदीश महतो<br>3. ग्राम–डुमरौन , पोस्ट–डुमरौन , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 14. | 1. आवेदन क्र0–284/23<br>2. आवेदक का नाम–मुन्सी प्रसाद मेहता , पिता का नाम–स्व0 गणेश महतो<br>3. ग्राम–मंगुरा , पोस्ट–करियातपुर , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 15. | 1. आवेदन क्र0–285/23<br>2. आवेदक का नाम–अशोक प्रसाद मेहता , पिता का नाम–भुवनेश्वर महतो<br>3. ग्राम–बरकाखुर्द , पोस्ट–रतनपुर , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–41 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 16. | 1. आवेदन क्र0–286/23<br>2. आवेदक का नाम–प्रमेश्वर प्रसाद मेहता , पिता का नाम–स्व0 लिलो महतो<br>3. ग्राम–बरकाखुर्द , पोस्ट–रतनपुर , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–66 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 17. | 1. आवेदन क्र0–287/23<br>2. आवेदक का नाम–प्रमोद कुमार , पिता का नाम–अयोध्या प्रसाद मेहता<br>3. ग्राम–बरकाखुर्द , पोस्ट–रतनपुर , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 18. | 1. आवेदन क्र0–288/23<br>2. आवेदक का नाम–सन्नी कुमार मेहता , पिता का नाम–राम किशोर मेहता<br>3. ग्राम–बरकाखुर्द , पोस्ट–रतनपुर , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 19. | 1. आवेदन क्र0–289/23<br>2. आवेदक का नाम–बिरेन्द्र कुमार मेहता , पिता का नाम–राम किशोर मेहता<br>3. ग्राम–बरकाखुर्द , पोस्ट–रतनपुर , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–42 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 20. | 1. आवेदन क्र0–290/23<br>2. आवेदक का नाम–तुलेश्वर प्रसाद मेहता , पिता का नाम–जगदीश महतो<br>3. ग्राम–मडपा , पोस्ट–रतनपुर , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 21. | 1. आवेदन क्र0–291/23<br>2. आवेदक का नाम–आशा देवी , पति का नाम–तुलेश्वर प्रसाद मेहता<br>3. ग्राम–मडपा , पोस्ट– तनपुर , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–महिला , आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 22. | 1. आवेदन क्र0–292/23<br>2. आवेदक का नाम–संतोष कुमार मेहता , पिता का नाम–महरू महतो<br>3. ग्राम–बरकाकला , पोस्ट–रतनपुर , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरुष , आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 23. | 1. आवेदन क्र0–293/23<br>2. आवेदक का नाम–अनिल कुमार , पिता का नाम–सरयू राणा<br>3. ग्राम–बरकाकला , पोस्ट–रतनपुर , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 24. | 1. आवेदन क्र0–294/23<br>2. आवेदक का नाम–केदार प्रसाद मेहता , पिता का नाम–बिरू महतो<br>3. ग्राम–बरकाखुर्द , पोस्ट–रतनपुर , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 25. | 1. आवेदन क्र0–295/23<br>2. आवेदक का नाम–बद्री प्रसाद मेहता , पिता का नाम–प्रमेश्वर महतो<br>3. ग्राम–बरकाखुर्द , पोस्ट–रतनपुर , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 26. | 1. आवेदन क्र0–296/23<br>2. आवेदक का नाम–अजय कुमार मेहता , पिता का नाम–प्रयाग महतो<br>3. ग्राम–डुमरौन , पोस्ट–डुमरौन , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 27. | 1. आवेदन क्र0–297/23<br>2. आवेदक का नाम–रामटहल प्रसाद मेहता , पिता का नाम–देवलाल महतो<br>3. ग्राम–बरकाखुर्द , पोस्ट–रतनपुर , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 28. | 1. आवेदन क्र0–298/23<br>2. आवेदक का नाम–संजीत कुमार रवानी , पिता का नाम–सरजु प्रसाद रवानी<br>3. ग्राम–बरकाखुर्द , पोस्ट–रतनपुर , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–43 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 29. | 1. आवेदन क्र0–299/23<br>2. आवेदक का नाम–बिनोद प्रसाद मेहता , पिता का नाम–सरयू प्रसाद मेहता<br>3. ग्राम–बरकाखुर्द , पोस्ट–रतनपुर , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 30. | 1. आवेदन क्र0–300/23<br>2. आवेदक का नाम–सहदेव प्रसाद मेहता , पिता का नाम–स्व0 बासुदेव प्रसाद मेहता<br>3. ग्राम–बरकाखुर्द , पोस्ट–रतनपुर , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 31. | 1. आवेदन क्र0–301/23<br>2. आवेदक का नाम–संतोष कुमार , पिता का नाम–रामटहल मेहता<br>3. ग्राम–बरकाखुर्द , पोस्ट–रतनपुर , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 32. | 1. आवेदन क्र0–302/23<br>2. आवेदक का नाम–मुकेश कुमार , पिता का नाम–शम्भु महतो<br>3. ग्राम–जीहू , पोस्ट–डुमरौन , थाना–ओ0पी0 पदमा , प्रखण्ड–पदमा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–43 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 33. | 1. आवेदन क्र0–303/23<br>2. आवेदक का नाम–भरत प्रसाद मेहता , पिता का नाम–शिवलाल महतो<br>3. ग्राम–फुफंदी , पोस्ट–रतनपुर , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–42 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 34. | 1. आवेदन क्र0–304/23<br>2. आवेदक का नाम–राजेश प्रसाद मेहता , पिता का नाम–रामेश्वर महतो<br>3. ग्राम–बरकाखुर्द , पोस्ट–रतनपुर , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर में जले का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 35. | 1. आवेदन क्र0–305/23<br>2. आवेदक का नाम–सुरेन्द्र प्रसाद मेहता , पिता का नाम–जगदीश महतो<br>3. ग्राम–बरकाकला , पोस्ट–रतनपुर , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 36. | 1. आवेदन क्र0–306/23<br>2. आवेदक का नाम–राजेश कुमार , पिता का नाम–जगदीश महतो<br>3. ग्राम–बरकाखुर्द , पोस्ट–रतनपुर , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 37. | 1. आवेदन क्र0–307/23<br>2. आवेदक का नाम–मन्नु कुमार , पिता का नाम–जगदीश महतो<br>3. ग्राम–बरकाखुर्द , पोस्ट–रतनपुर , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 38. | 1. आवेदन क्र0–308/23<br>2. आवेदक का नाम–ललिता देवी , पति का नाम–जगदीश महतो<br>3. ग्राम–बरकाखुर्द , पोस्ट–डुमरौन , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–महिला , आयु–75 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 39. | 1. आवेदन क्र0–309/23<br>2. आवेदक का नाम–मुनीलाल प्रसाद मेहता , पिता का नाम–स्व0 बुधन महतो<br>3. ग्राम–डुमरौन , पोस्ट–डुमरौन , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 40. | 1. आवेदन क्र0–310/23<br>2. आवेदक का नाम–सकुन देवी , पति का नाम–हेमाली महतो<br>3. ग्राम–डुमरौन , पोस्ट–डुमरौन , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–महिला , आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |

नोट :–
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची FIR में अज्ञात व्यक्तियों की संख्या के आधार पर औपबंधिक रूप से प्रकाशित की गई है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं। आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | (दुर्गा उरॉव) अध्यक्ष

PR 311194 Home(23-24).D

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## सालुकडीह मध्य विद्यालय में दो शिक्षकों को दी गई समारोहपूर्वक विदाई

**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला-खरसावां जिले के ईचागढ़ प्रखंड अंतर्गत सालुकडीह मध्य विद्यालय में शुक्रवार को सेवानिवृत शिक्षकों को समारोहपूर्वक विदाई दी गई। विद्यालय प्रबंधन समिति की ओर से उन्हें शॉल ओढ़ाकर सम्मानित भी की गई। इस संबंध में विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष प्रह्लाद महतो ने बताया कि शिक्षक गुरुप्रसाद उरांव जो 2019 को चिपड़ी मध्य विद्यालय से स्थानांतरित होकर सालुकडीह मध्य विद्यालय में योगदान दिया तथा 2020 को सेवानिवृत्त हुए थे। उस वक्त कोराना काल के कारण विदाई सम्मान समारोह नहीं हो सका था। वहीं शिक्षक अभिराम उरांव 2019 को मुदीडीह प्राथमिक विद्यालय से सालुकडीह मध्य विद्यालय में योगदान दिए तथा पिछले 31 अक्टूबर तक सेवा प्रदान किए। बच्चों, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने माला पहनाकर व अंगवस्त्र देकर भावभीनी विदाई दी। मौके पर प्रधान शिक्षक मनोज कुमार, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष प्रह्लाद महतो, पूर्व शिक्षक बाउरी महतो, बैजनाथ महतो, रंजीत महतो आदि उपस्थित थे।

## घाघीडीह जेल में कुमार संजय के नेतृत्व में शानदार रहा कवि सम्मेलन

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** घाघीडीह सेंट्रल जेल में कुमार संजय के नेतृत्व में कवि सम्मेलन शानदार रहा। कार्यक्रम में शामिल कविगणों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। इस अवसर पर जेल में बंद कर बंदियों और जेल प्रशासन के लोगों ने काफी आनंद उठाया। कवि सम्मेलन में मुख्य अतिथि जेलर अजय कुमार और विशिष्ट अतिथि जेल डॉक्टर राजीव कुमार थे। मौके पर सुप्रसिद्ध कवि रायपुर से अजय अटापट्टू की कविताएं बहुत ही जानदार और शानदार रही। कविगणों में संतोष चौबे, अंकिता सिन्हा, सुनिता बेदी, सोनी सुगंधा एवं पूनम स्नेहिल ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी जिसको सुनकर जेल प्रशासन एवं बंदियों ने खूब तालियां बजाई।



## तिरुलडीह पंचायत में सिदो-कान्हू प्रखंड क्लब गठन के बाद खेल का हुआ आयोजन

**तिरूलडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुकड़ू प्रखंड के तिरुलडीह में सिदो -कान्हू क्लब द्वारा पंचायत स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन पॉयलॉन्ग गांव के वार्ड सदस्य जितेन महतो ने किया। सिदो कान्हू प्रखंड क्लब के गठन के बाद प्रथम सप्ताह में ही प्रखंड क्लब के पदाधिकारी द्वारा पूरे जोश के साथ पंचायत स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता में पंचायत के सिदो कान्हू क्लब सपदा, सिदो कान्हू क्लब सपरूम एवं सिदो कान्हू क्लब तिरुलडीह तीन टीमों ने भाग लिया। जिसमें सिदो कान्हू क्लब तिरुलडीह टॉस जीतकर विजयी हुआ। जानकारी देते हुए सिदो कान्हू प्रखंड उपाध्यक्ष सुमन पोद्दार ने बताया प्रखंड क्लब गठन के बाद तिरुलडीह पंचायत में प्रथम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रखंड के सभी पंचायत में प्रतियोगिता आयोजित करके प्रतिभागी विजेता टीमों को जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए तैयार किया जायेगा। मौके पर वार्ड सदस्य जितेन महतो, दीपक कुमार, दयाल हरि सहित प्रतिभागी खिलाड़ी मौजूद थे।

## रोजगार मेला में 309 अभ्यर्थी किए गए शॉर्टलिस्ट

**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला नियोजनालय सह मॉडल करियर सेन्टर, सरायकेला में शुक्रवार को रोजगार मेला का आयोजन किया गया। जिला नियोजन पदाधिकारी रवि कुमार ने बताया कि रोजगार मेला में बीएमडब्ल्यू इंडस्ट्रीज लिमिटेड, रामकृष्ण फॉर्जिंग्स, रुंगटा माइन्स लिमिटिड, एलआईसी ऑफ इंडिया, जेआईएस फाउंडेशन, मैक्स लाइफ इंश्योरेंस, आर्कटिक इंडस्ट्रीज, वरुण बेवरेजेस, इन्वोलुट स्किल अकादमी, छवि कंस्ट्रक्शन एवं टैलेंटनेक्सा सर्विसेज के अधिकारियों द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से क्वालिटी इंस्पेक्टर, तकनीशियन, फिटर, मैनेजमेंट ट्रेनी, सेफ्टी मैनेजर, ट्रेनर, केमिस्ट, इलेक्ट्रीशियन, वेल्डर, डाटा एंट्री ऑपरेटर, फील्ड एग्जीक्यूटिव, सेल्स मैनेजर, टेलिकॉलर, अकाउंटेंट सहित विभिन्न पदों पर सरायकेला-खरसावां जिलान्तर्गत नियुक्ति हेतु 309 अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया गया। नियुक्तियों में झारखंड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियमावली 2022 का अनुपालन किया गया। जिला नियोजनालय सह मॉडल करियर सेन्टर, सरायकेला-खरसावां के सौजन्य से नियमित रूप से रोजगार शिविर एवं रोजगार मेला का आयोजन किया जाता है। उन्होंने रोजगार की तलाश कर रहे जिले के सभी व्यक्तियों से आह्वान किया कि भविष्य में भी रोजगार मेला एवं भर्ती कैंप में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें एवं रोजगार के अवसर प्राप्त करें। इसकी पूरी प्रक्रिया पूर्णता निःशुल्क है। रोजगार मेला में जिला नियोजन पदाधिकारी रवि कुमार, वाईपी रवि प्रकाश सिंह सहित जिला नियोजनालय के सभी कर्मी एवं संबंधित नियोजक संस्थानों के एचआर मैनेजर उपस्थित रहे।

## एक दीया शहीदों के नाम कार्यक्रम आयोजित

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्वदेशी जागरण मंच की ओर से दीपावली की पूर्व संध्या पर एक दीया शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन छोटा गम्हरिया स्थित दुर्गापूजा मैदान में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला संघर्ष वाहिनी प्रमुख अजीत कुमार सिंह ने किया। इसमें सहयोगी के रूप में महिला नेत्री रश्मि साहू, समाजसेवी अमित सिंहदेव, पूर्व सैनिक शरदेंदु शेखर भी मौजूद रहे। बतौर मुख्य अतिथि खादी बोर्ड के पूर्वोत्तर क्षेत्र के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जमशेदपुर के भाजपा नेता अभय सिंह, पूर्व सांसद कृष्णा मार्डी, गम्हरिया थाना प्रभारी आलोक दुबे के अलावा गणमान्य अतिथियों में पूर्व पार्षद सिद्धनाथ सिंह, भाजपा नेता रमेश हांसदा, विहिप नेता भगवान सिंह, विहिप जिलाध्यक्ष राजू चौधरी, समाजसेवी एसएन मिश्रा, संजीव कुमार सिंह उर्फ बबुआ सिंह, जलेश्वर सिंह, विद्या भारती हाई स्कूल के निदेशक हिमांशु सरकार, समाजसेवी संतोष सिंह, प्रमोद सिंह आदि उपस्थित थे। इस मौके पर कर्नल आरपी सिंह, कैप्टन सुखदेव प्रसाद, कैप्टन अनिल कुमार महतो, अमरीश मिश्रा, नवीन महतो, शंकर सिंह, सत्यवान महतो, एलएम महंता समेत काफी संख्या में पूर्व सैनिक मौजूद थे जिन्हें मंच की ओर से सम्मानित किया गया। इस मौके पर कलाकार भारती कुमारी, प्रिशा झा, श्वेता लाल, संगीता दुबे, श्याम नारायण, आशीष कुमार सिंह समस्तीपुर के नन्हें गायक लक्की कुमार आदि के द्वारा देशभक्ति गीत और नृत्य की प्रस्तुति की गई। साथ ही, विद्या भारती उवि और गम्हरिया इंग्लिश स्कूल के बच्चों द्वारा भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई।

### धनतेरस पर जमशेदपुर में 250 करोड़ रुपये का सोने चांदी और अन्य सामानों का कारोबार हुआ

# वाहन, रसोई उपकरण, बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक्स सामान व झाड़ू की भी जमकर हुई खरीददारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** दिवाली का त्योहार के लिए शुक्रवार से पांच दिवसीय दीप महोत्सव का पर्व देश भर में उत्साह और उमंग के साथ शुरू हुआ। धनतेरस से प्रारंभ इस श्रृंखला में 11 नवंबर को रूपचतुर्दशी, 12 को दीपावली, 13 को गोवर्धन पूजा एवं अन्नकुट तथा 15 को भैया दूज के त्योहार मनाए जाएंगे। कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के एक अनुमान के अनुसार आज देश भर में 50 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का कारोबार हुआ वहीं अकेले झारखंड में ही आज 1 हजार करोड़ रुपये और जमशेदपुर में 250 करोड़ का कारोबार हुआ। मार्केटों में चारों तरफ ग्राहकों की भीड़ उमड़ रही थी। कैट के राष्ट्रीय सचिव सुरेश सोन्थालिया ने बताया कि आज धनतेरस के दिन श्री गणेश जी, श्री लक्ष्मी जी, श्री कुबेर जी की मूर्तियां अथवा चित्रों को खरीदा जाता है वहीं आज के दिन वाहन, सोने चांदी के जेवर, बर्तन, रसोई के उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक्स वस्तुओं सहित झाड़ू खरीदने को भी शुभ माना जाता है। इसके अलावा दीपावली में दीए का प्रकाश करने हेतु मिट्टी के दीए, बंदनवार, घर एवं ऑफिस को सजाने की वस्तुओं, फर्निशिंग फैब्रिक, दिवाली पूजन सामग्री को भी खरीदना शुभ माना गया है। सोन्थालिया ने बताया कि धनतेरस भर भगवान धन्वंतरि का भी प्रादुर्भाव हुआ था धनतेरस के दिन भगवान विष्णु के अवतार और आयुर्वेद के देवता भगवान धन्वंतरि अमृत कलश लेकर निकले और उन्हें आरोग्य और औषधियों का देवता माना गया है, ऐसे में यह दिन आरोग्य और स्वास्थ्य का है। सोन्थालिया ने बताया कि जमशेदपुर में जहां थोक मार्केटों जुगसलाई, साकची और बिष्टुपुर में बड़े व्यापारी की उम्मीद है वहीं रिटेल बाजार, बागबेड़ा, परसुडीह, जुगसलाई, बिष्टुपुर, मानगो, सिदगोड़ा, एग्रिको, बारिडीह, साकची, कदमा, कागलनगर, आदित्यपुर और गम्हारिया, गोलमुरी , खरांगाझाड़ और टेल्को सहित विभिन्न रिटेल बाज़ारों में सामानों की विशेष रूप से बिक्री हुई।



धनतेरस के मौके पर बाजार में खरीदारी करने उमड़ी ग्राहकों की भीड़

## माल गाड़ियों से हो रहे हैं चोरी, रेल पटरी किनारे पर मिले डालमिया सीमेंट के बोरे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर :** चक्रधरपुर रेल मंडल अंतर्गत दंदासाई से लौढ्या के बीच खड़ी होने वाली मालगाड़ियों से आए दिन सामानों की चोरी होते रहती है। शुक्रवार की सुबह रेल पटरी के किनारे डालमिया सीमेंट की बोरियां मिले हैं। संभवतः इसे ट्रेन के खड़े होने से उतारे गये होंगे। या ट्रेन से गिरे होंगे। लेकिन पिछले दिनों आरोपी पुलिस द्वारा खड़ी ट्रेन से चावल की बोरी को उतारते एक युवक को गिरफ्तार किया था। वहीं मौके पर 18 बोरे चावल भी बरामद किये गए थे। उसी हिसाब से सीमेंट की बोरियां भी चोरी का कोशिश हुआ होगा। हालांकि यह जांच का विषय है।

## दीपावली को लेकर कुकडु साप्ताहिक हाट में जमकर हुई खरीददारी

### मिट्टी के दीए के प्रति कम दिखा रुझान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तिरूलडीह :** दीपावली को लेकर कोल्हान के सबसे बड़े साप्ताहिक हाट कुकडु में शुक्रवार को क्षेत्र के लोगों ने जमकर खरीददारी की। गौरतलब हो कि इस क्षेत्र में दीपावली से लेकर बन्दना, गोरया व गोहाल पूजा आदि सहित छठ तक लगातार पूजा पाठ होता है जिसको लेकर हर तबके के लोग खूब खरीददारी करते हैं। प्राचीन प्रथा के अनुसार धन तेरस को झाड़ू खरीदने का प्रचलन क्षेत्र में है परंतु इस बार हाथ से बनाये गए स्थानीय सुंदर झाड़ू की बिक्री नहीं के बराबर देखी गई। झाड़ू लेकर पहुंची महिलाएं ग्राहकों की राह देखते नजर आई। वहीं नाम के अनुसार यह त्योहार दीपों का है मगर आधुनिकता की और रुझान के कारण लोगों का ध्यान चमकते बिजली के बत्ती की ओर आकर्षित हो रही है और लोग मिट्टी के दीए खरीदने में दिलचस्पी नहीं दिखाते हैं। वहीं मिट्टी के बर्तनों की खरीद बिक्री भी बहुत कम हुई। देसी गुड़ की बिक्री भी कम हुई। पूजा अर्चना में प्रयुक्त होने वाली जड़ी बूटी, देसी तेल आदि की बिक्री में भी गिरावट देखी गई। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि लोग पारंपरिक चीजों से दूर हो रहे हैं और आधुनिकता की ओर भाग रहे हैं।

## उपायुक्त ने साकची में विश्वकर्मा प्वाइंट का किया शुभारंभ

### विश्वकर्मा प्वाइंट पूर्वी सिंहभूम जिला के कलाकारों, शिल्पकारों की कला को संवर्धित, संरक्षित करने की दिशा में एक पहल : डीसी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा जिले के शिल्पकारों द्वारा निर्मित कलाकृतियों तथा सखी दीदीयों के उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से साकची में शुक्रवार को विश्वकर्मा प्वाइंट का शुभारंभ किया गया। इस दौरान उन्होंने शिल्पकारों, कलाकारों एवं सखी दीदीयों द्वारा निर्मित कलाकृति व उत्पाद के स्टॉल का अवलोकन करते हुए उनका उत्साहनवर्धन किया। विश्वकर्मा प्वाइंट को लेकर जिले के शिल्पकारों, कलाकारों तथा सखी दीदीयों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार जताया। विश्वकर्मा प्वाइंट में जिले के हुनरमंद शिल्पकारों द्वारा निर्मित वाद्ययंत्र, शिल्प कलाओं, कलाकृतियों के साथ-साथ सखी दीदियों द्वारा निर्मित/ उत्पादित दैनिक आवश्यकताओं की वस्तुओं की बिक्री की जाएगी। जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त ने कहा कि राज्य सरकार शिल्पकारों, कलाकारों के सामाजिक, आर्थिक उत्थान की दिशा में संवेदनशील है। उन्होंने कहा कि उचित प्लेटफॉर्म के अभाव में स्थानीय शिल्पकारों और सखी दीदियों द्वारा निर्मित वस्तुएं बाजार में नहीं आ पा रही थी। पीढ़ियों से लोग जिस कला को संरक्षित एवं संवर्धित करने में जुटे हैं उसे पहचान दिलाने में जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक सहयोग देने का प्रयास है ताकि वे अपने उत्पाद को प्रदर्शित कर सकें और लोगों तक पहुंचा सकें। स्थानीय शिल्पकारों के सशक्तिकरण की दिशा में राज्य सरकार के दिशा-निर्देशानुसार यह पहल जिला प्रशासन द्वारा की गई है । आइए, पूर्वी सिंहभूम जिला के कलाकारों, शिल्पकारों की कला को संवर्धित, संरक्षित करने हेतु जिले की सांस्कृतिक, पारम्परिक विरासत को आगे बढ़ाने में अपना योगदान दें। स्थानीय शिल्पकारों, कलाकारों द्वारा निर्मित उत्पाद को हम सभी जरूर खरीदें ।



## टाटा स्टील का इंटर जेडीसी क्रिकेट टूर्नामेंट हुआ संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील के खेल विभाग द्वारा 26 अक्टूबर से 10 नवंबर तक आर्मरी ग्राउंड जमशेदपुर में इंटर क्रिकेट टूर्नामेंट का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष संजीव कुमार चौधरी ने पुरस्कार वितरण समारोह में शामिल हुए और ग्रुप एचआर एवं आईआर के चीफ जुबिन पलिया सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। इस अवसर पर प्रतिभागियों की खेल भावना को प्रोत्साहन देने के लिए चीफ स्पोर्ट्स मुकुल चौधरी भी उपस्थित थे। टूर्नामेंट में टाटा स्टील की 35 जेडीसी इकाइयों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई। इस वर्ष की प्रतियोगिता में 560 से अधिक प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। असाधारण कौशल और खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए सप्लाई चेन विजेता के रूप में उभरी, जबकि सीआरएम ने उपविजेता का स्थान हासिल किया। इस टूर्नामेंट में कोक प्लांट दूसरे उपविजेता के रूप में उभरा। निष्पक्ष खेल और नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए, टूर्नामेंट को प्रसिद्ध तकनीकी अधिकारियों की विशेषज्ञता से लाभ हुआ, जिनमें कुणाल मिश्रा, अमितेश कुमार मिश्रा, लालू प्रसाद यादव, सफदर शाहिद, देवराज सरकार, सनी कुमार नामता, अमित कुमार भारती और अनीश अब्राहम ने अपनी भूमिका सराहनीय ढंग से निभाई। खेल को प्रोत्साहन और अपने कार्यबल के बीच सौहार्द की भावना को बढ़ावा देने के लिए टाटा स्टील की प्रतिबद्धता पूरे टूर्नामेंट में स्पष्ट रूप से दिखी। इस आयोजन ने कर्मचारियों को अपने क्रिकेट कौशल का प्रदर्शन करने और स्वस्थ प्रतिस्पर्धी भावना को बढ़ावा देने के लिए एक उत्कृष्ट मंच प्रदान किया।




### स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने विभिन्न छठ घाटों में तैयारियों का जायजा लिया

## छठ सिर्फ पूजा नहीं बल्कि आस्था, विश्वास, श्रद्धा उपासना, पवित्रता और संस्कार हैं : बन्ना गुप्ता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** राज्य सरकार के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने शुक्रवार की सुबह कदमा शास्त्रीनगर ब्लॉक नंबर 5 छठ घाट, कदमा शास्त्री नगर ब्लॉक नंबर 3 छठ घाट, कदमा निर्मल छठ घाट, कदमा रामजन्म नगर छठ घाट, कदमा सती छठ घाट, कदमा ग्रीन पार्क सब स्टेशन छठ घाट, सोनारी दोमुहानी छठ घाट व नील सरोवर छठ घाट में तैयारियों का जायजा लिया। मंत्री ने पूजा के मौके पर छठ घाटों की ससमय साफ-सफाई, महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम, छठ घाट में डेंजर डोन चिन्हित करने, बेरिकेडिंग, गोताखोर, विद्युत पोल एवं रोशनी की व्यवस्था को दुरुस्त करने तथा सुगम यातायात व्यवस्था बनाये रखने के संबंध में अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिया। इस दौरान मनोज झा, प्रभात ठाकुर, बबुआ झा, संजय तिवारी, माजिद अख्तर, आमित प्रसाद, संजीव झा, रवि दुबे, राजू मलिक, मनोज भगत, आलोक मुन्ना, रोशन सिंह, शुभम सिंह, कृष्णा चालक, कृष्ण शर्मा, राकेश जायसवाल, सुमित झा, निरंजन प्रसाद, चिराग सिंह, अभिषेक मोहंती, राजकुमार दास, राजेश रजक व विनोद कुमार उपस्थित थे।



## बडाबांबो में रन फॉर पर्यावरण क्रॉस कंट्री का ट्रायल संपन्न, विजेता हुए पुरस्कृत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** खरसावां प्रखंड अंतर्गत गुरुवार को रन फॉर पर्यावरण क्रॉस कंट्री ट्रायल संपन्न हुआ। आयोजन शुभ मिलन एकेडमी कृष्णापुर के द्वारा किया गया। बडाबांबो से कृष्णापुर सात किलोमीटर तक रोड शो प्रतियोगिता किया गया था। जिसमें मुख्य अतिथि युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव सह सांसद प्रतिनिधि प्रेमेन्द्र कुमार मिश्रा एवं विशिष्ट अतिथि कृष्णापुर पंचायत के पूर्व मुखिया दशरथ सोय के द्वारा खिलाड़ियों को झंडा दिखाकर एवं सिटी बजाकर बड़ाबाम्बो से कृष्णापुर के लिए रवाना किया गया। इस ट्रायल कार्यक्रम में लगभग 120 प्रतिभागी शामिल हुए जिसमें अंडर 17 प्लस के 6 प्रतिभागी को चयनित किया गया। इसमें प्रथम स्थान बिमा चंदन, दूसरा कुसुम जारिका, तीसरा अरविंद महतो, चौथा पुरुषोत्तम अंगरिया, पांचवां मांगु ईचागुटु, छठा सिदिम हाईबुरू ने प्राप्त किया। वहीं बालिका वर्ग में पहला सनम बारला, दूसरा सीमा हेंब्रम, तीसरा चांदमनी हेंब्रम, चौथा संतोषी नायक, पांचवां लक्ष्मी सामद, छठा सिवानी सामद को चयनित किया गया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के हाथों से पुरस्कार वितरण किया गया। साथ ही सभी प्रतिभागी को आगामी 26 नवंबर को टाटा स्टील के तत्वावधान में जोड़ा ओड़ीसा में आयोजित प्रतियोगिता के बारे में जानकारी दी गई। उसका पंजीकरण शुभ मिलन एथलेटिक्स एकेडमी कृष्णापुर के सदस्य सुदर्शन महतो के पास ऑफ लाइन के लिए कर सकते हैं। अथवा टाटा स्टील जोड़ा लिंक https://www.runindia.in/events/TAta-steel-joda-run-a-thon-2023 पर रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। इस मौके पर आयोजक कमेटी के मिलन महतो, मनबोध महतो, सुदर्शन महतो, राजाराम महतो, दशरथ सोय, बनबिहारी महतो, संजीव महतो, दशरथ महतो व राजाराम नायक आदि उपस्थित थे।



### जुस्को स्कूल साउथ पार्क के इकोनोविस्टा में 21 स्कूलों के 460 छात्र हुए शामिल

## छात्रों को अपनी क्षमता उजागर करने का अच्छा मंच : एमडी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जुस्को स्कूल साउथ पार्क द्वारा शुक्रवार को इकोनोविस्ता 2 के 23 के तीसरे संस्करण का आयोजन स्कूल परिसर में किया गया था। कार्यक्रम में 21 स्कूलों के 460 छात्रों ने भाग लिया। इस अवसर पर टाटा स्टील यूटिलिटीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के प्रबंध निदेशक ऋतुराज सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। मनीष अग्रवाल, सीएफओ, टाटा स्टील यूआईएसएल और ए एफ मैडन, प्रशासक जेईएम फाउंडेशन भी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इसमें मंच पर और मंच के बाहर दोनों तरह के प्रदर्शन शामिल थे। कार्यक्रम की शुरुआत उद्घाटन समारोह से हुई। जेएसएसपी की प्रिंसिपल मिली सिन्हा ने मुख्य अतिथि, भाग लेने वाले स्कूली छात्रों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों का इस संदेश के साथ स्वागत किया कि इस तरह के उत्सव छात्रों को बातचीत करने और अपने कौशल का प्रदर्शन करने के लिए एक मंच प्रदान करते हैं। मुख्य अतिथि ऋतुराज सिन्हा ने छात्रों से कहा कि आज के युवाओं के पास जीवन में कई विकल्प हैं और ऐसे उत्सव उन्हें अपनी क्षमता को उजागर करने का अवसर देते हैं। सीनियर सेकेंडरी स्कूल के शिक्षक उदय चौधरी, सुप्रिया पॉल, सरोजिनी बानरा, ज्योति महतो और सीनियर स्कूल समन्वयक तामी सिकदर द्वारा किए गए प्रयास सराहनीय थे। इस वर्ष का ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी सेंट मैरी इंग्लिश हाई स्कूल ने जीती और केपीएस कदमा ने रनर अप ट्रॉफी जीती।



## एक्सएलआरआइ में होगा दुनिया भर के दिग्गजों का जुटान

### द पीओएमएस इंडिया इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में प्रस्तुत होंगे 160 से अधिक पेपर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पीओएमएस इंडिया चैप्टर कॉन्फ्रेंस 2023 का आयोजन एक्सएलआरआइ जमशेदपुर में होगा। चार से छह दिसंबर तक चलने वाले इस तीन दिवसीय इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में भारत के अलावा यूएसए, यूके, चाईना, कोलंबिया व कनाडा के करीब 300 से अधिक प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं। इस इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में देश के लगभग सभी आइआइटी, आइआइएम, आइएसबी के साथ ही सभी बिजनेस स्कूल के प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं। इस दौरान सतत विकास के लिए भविष्य में होने वाली परिकल्पना की थीम पर सभी अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। करीब 160 पेपर प्रस्तुत की जायेगी। इस क्षेत्र में विद्वानों और उद्योग विशेषज्ञों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने के साथ ही इनोवेशन के माध्यम वैश्विक स्तर पर कैसे बड़े साकारात्समक बदलाव किये जा सकते हैं, इस पर मुख्य रूप से मंथन होगा। बताया जाता है कि सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए यह सम्मेलन वैश्विक स्तर पर एक मंच के रूप में कार्य करता है, जिसमें शिक्षाविद, शोधकर्ता और व्यवसायी उत्पादन और संचालन में अंतर्दृष्टि और रणनीतियों का आदान-प्रदान करते हैं। इस बार कार्बन तटस्थता प्राप्त करने, सप्लाई चेन मैनेजमेंट में ईएसजी को बढ़ाने, सप्लाई चेन मैनेजमेंट में होने वाली क्राइसिस से निबटने के उपाय के साथ ही एडवांस टेक्नोलॉजी के माध्यम से विभिन्न समस्याओं के समाधान से निबटने के तरीके पर भी चर्चा की जायेगी। एक्सएलआरआइ के डायरेक्टर फादर एस जॉर्ज ने कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस ना सिर्फ सप्लाई चैन मैनेजमेंट बल्कि पर्यावरण संरक्षण के लिहाज से भी काफी महत्वपूर्ण है।



**क्या होगा महत्वपूर्ण**

कुल 160 पेपर होंगे प्रस्तुत, करीब 300 से अधिक प्रतिनिधि हो रहे हैं शामिल, कुल तीन पैनल डिस्कशन होंगे। जिसमें कार्बन उत्सर्जन में कमी की दिशा में होने वाले प्रयास, डीइआइ और डिजिटल सप्लाई चेन के विषय शामिल होंगे। यूएसए के जॉर्जिया यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी के प्रोफेसर विनोद सिंघल रिसर्च वर्कशॉप आयोजित करेंगे। कार्बन उत्सर्जन को लेकर आइटीसी के डिविजनल चीफ एग्जीक्यूटिव वेदीराज कुलकर्णी देंगे व्याख्यान। देश के साथ ही विदेशों के 15 अलग-अलग इंडस्ट्री के दिग्गज विभिन्न विषयों पर अपनी राय रखेंगे।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## संपादकीय

# सिंगुर मामले से राजनेता लें सीख

**पश्चिम** बंगाल में तृणमूल कांग्रेस और टाटा मोटर्स के बीच विवाद का परिणाम यह है कि न्यायालय ने टाटा के पक्ष में 766 करोड़ रुपये भुगतान करने का आदेश राज्य सरकार को दिया है। सत्ता पाने के लिए तृणमूल कांग्रेस ने लगभग 17 वर्ष पूर्व टाटा मोटर्स का विरोध करके सिंगुर में नैनो कार बनाने की परियोजना को साकार नहीं होने दिया। तृणमूल कांग्रेस के आंदोलन के कारण पश्चिम बंगाल को दोहरा नुकसान उठाना पड़ा है। पहला, यदि टाटा मोटर्स पश्चिम बंगाल के सिंगुर में नैनो कार बनाने की परियोजना को शुरू करती तब स्थानीय नागरिकों को बड़े पैमाने पर रोजगार मिलता। कहा जा सकता है कि भारतीय व्यवसायियों का विरोध करने की संकीर्ण राजनीति ने पश्चिम बंगाल के नागरिकों का रोजगार छीना। दूसरा, एक राजनीतिक दल के आंदोलन के कारण आज जनता की गाढ़ी कमाई से भरे सरकारी खजाने से 766 करोड़ रुपये देने पड़ रहे हैं। अर्थात तृणमूल कांग्रेस की राजनीतिक महत्वाकांक्षा की बलिवेदी पर पश्चिम बंगाल की जनता का दोहरा नुकसान हुआ है। हमारे राजनेताओं को समझना होगा कि उद्योगपतियों का बेजा विरोध करने से तात्कालिक तौर पर राजनीतिक लाभ मिल सकता है, लेकिन उसका दीर्घकालीन तक नुकसान जनता को उठाना पड़ता है। देश की जनता को भी चाहिए कि वह इस प्रकार की राजनीति का विरोध करे, जिसमें अंततोगत्वा उसे ही नुकसान उठाना है। आजकल अडानी समूह के विरोध में कांग्रेस और राहुल गांधी ने इसी प्रकार का अभियान चला रखा है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के लभगभ सभी भाषणों में अडानी का जिक्र आ ही जाता है। राहुल गांधी किसी और मुद्दे पर भी प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे होंगे, तब भी अडानी को कहीं न कहीं से बातचीत में घसीट ही लाते हैं। उनका तर्क तो यहाँ तक है कि घरों में बिजली का स्विच दबाने भर से लोगों का पैसा अडानी की जेब में पहुंचने लगता है। भारतीय उद्योगपतियों के प्रति इस प्रकार के नकारात्मक अभियान चलाने से भला किसे फायदा पहुँचेगा? स्वाभाविक ही है कि भारतीय उद्योगपति कमजोर होंगे तो विदेशी कंपनियों को उसका सीधा लाभ मिलगा। एक समय तक कांग्रेस और राहुल गांधी की ओर से अडानी के साथ-साथ अंबानी पर भी हमले किए जाते थे लेकिन देखने में आ रहा है कि कुछ समय से अंबानी पर हमले नहीं किए जा रहे हैं? इसका क्या कारण होगा, इसको लेकर अनेक प्रकार की चर्चाएं राजनीतिक गलियारों से लेकर सामाजिक क्षेत्र की चौपालों तक हैं। सिंगुर टाटा मोटर्स परियोजना के संबंध में न्यायालय का जो आदेश आया है, उससे हमारे राजनेताओं को सबक लेना चाहिए। अपनी राजनीति चमकाने के लिए देश के व्यवसायियों को निशाना बनाने का अभ्यास हमारे नेताओं को छोड़ना होगा। हमें भूलना नहीं चाहिए कि व्यवसायियों के कारण देश में आर्थिक गतिविधियां बढ़ती हैं और बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर भी निर्मित होते हैं। यदि हम अपने राजनीतिक हित साधने या अन्य कंपनियों को लाभ पहुँचाने के लिए भारतीय व्यवसायियों को हतोत्साहित करेंगे, तब उसका नुकसान राजनीतिक दल नहीं उठाते अपितु जनता को ही हर्जाना भुगतना पड़ता है। न्यायालय को चाहिए कि सरकार पर नहीं अपितु जिस राजनीतिक दल के कारण आर्थिक नुकसान पहुंचा, उस पर ही जुर्माना लगाना चाहिए। क्योंकि हम देखते हैं सिंगुर टाटा मोटर्स नैनो कार परियोजना के मामले में ममता बनर्जी को तो सत्ता की मलाई मिल गई लेकिन अगर किसी की हार हुई तो वह पश्चिम बंगाल की जनता है। उसे न उद्योग मिला, न रोजगार, प्रदेश की नकारात्मक छवि बनी और ममता बनर्जी आमार सोनार बांगला गाती रह गईं।


> तृणमूल कांग्रेस के आंदोलन के कारण पश्चिम बंगाल को दोहरा नुकसान उठाना पड़ा है। पहला, यदि टाटा मोटर्स पश्चिम बंगाल के सिंगुर में नैनो कार बनाने की परियोजना को शुरू करती तब स्थानीय नागरिकों को बड़े पैमाने पर रोजगार मिलता। कहा जा सकता है कि भारतीय व्यवसायियों का विरोध करने की संकीर्ण राजनीति ने पश्चिम बंगाल के नागरिकों का रोजगार छीना। दूसरा, एक राजनीतिक दल के आंदोलन के कारण आज जनता की गाढ़ी कमाई से भरे सरकारी खजाने से 766 करोड़ रुपये देने पड़ रहे हैं। अर्थात तृणमूल कांग्रेस की राजनीतिक महत्वाकांक्षा की बलिवेदी पर पश्चिम बंगाल की जनता का दोहरा नुकसान हुआ है। हमारे राजनेताओं को समझना होगा कि उद्योगपतियों का बेजा विरोध करने से तात्कालिक तौर पर राजनीतिक लाभ मिल सकता है, लेकिन उसका दीर्घकालीन तक नुकसान जनता को उठाना पड़ता है। देश की जनता को भी चाहिए कि वह इस प्रकार की राजनीति का विरोध करे, जिसमें अंततोगत्वा उसे ही नुकसान उठाना है। आजकल अडानी समूह के विरोध में कांग्रेस और राहुल गांधी ने इसी प्रकार का अभियान चला रखा है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के लभगभ सभी भाषणों में अडानी का जिक्र आ ही जाता है। राहुल गांधी किसी और मुद्दे पर भी प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे होंगे, तब भी अडानी को कहीं न कहीं से बातचीत में घसीट ही लाते हैं।


## कुछ अलग

# दारा सिंह चौहान और ओम प्रकाश राजभर पर कम नहीं हुआ है बीजेपी का विश्वास

**राजनीति** में एक हार से सब कुछ खत्म और एक जीत से सब कुछ हासिल नहीं हो जाता है। जीत-हार राजनीति का हिस्सा है। यह अनवरत जारी रहता है। इस बात का अहसास उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार की संभावनाओं के चलते किया जा रहा है। चर्चा है कि योगी सरकार में कुछ और नये चेहरे शामिल होने वाले हैं जिससे लोकसभा चुनाव में जातीय समीकरण का फार्मूला फिट हो सके। इसीलिए योगी मंत्रिमंडल में दारा सिंह चौहान और ओम प्रकाश राजभर को मंत्री बनाये जाने की चर्चा हो रही है। यह वह दो नेता हैं जिनको भाजपा का जातीय समीकरण मजबूत करने के लिए हाल फिलहाल में पार्टी के साथ जोड़ा गया था। ओम प्रकाश राजभर की सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के साथ बीजेपी का गठबंधन हुआ था और घोसी से सपा विधायक दारा सिंह चौहान सपा की सदस्यता और विधायिकी छोड़कर बीजेपी में शामिल हुए थे, लेकिन यह भी हकीकत है कि बीजेपी के बैनर तले घोसी से उप चुनाव लड़े दारा सिंह को हार का समाना करना पड़ा था। वहीं ओम प्रकाश राजभर की पार्टी की बात की जाये तो विधान सभा चुनाव में बीजेपी को ओम प्रकाश राजभर की पार्टी से उतना फायदा नहीं मिला था, जितनी उनसे उम्मीद थी, मगर बीजेपी ने आस नहीं छोड़ी है, उसे आज भी दारा सिंह और राजभर पर भरोसा है। माना जा रहा है कि बीजेपी हाईकमान द्वारा इन दोनों नेताओं को दिवाली से पहले योगी मंत्रिमंडल में शामिल करने के लिए जल्द फैसला लिया जा सकता है। सब कुछ ठीकठाक रहा तो सपा का साथ छोड़कर एनडीए में आए सुभासपा के मुखिया ओपी राजभर को कैबिनेट के अलावा दारा सिंह चौहान को भी मंत्री पद दिया जा सकता है। सीएम योगी आदित्यनाथ के दिल्ली दौरे में केंद्रीय नेताओं से मुलाकात के बाद से ऐसे कयास लग रहे हैं। हालांकि, इस बात की पुष्टि नहीं हुई है लेकिन माना जा रहा है कि दोनों नेताओं को योगी कैबिनेट में शामिल किया जा सकता है। राजभर को एनडीए में और दारा सिंह चौहान को बीजेपी में शामिल होने से पहले पार्टी के नेताओं ने मंत्री पद देने का आश्वासन दिया था। हालांकि, घोसी में हुए उपचुनाव में बीजेपी की हार के बाद से दोनों ही नेताओं को मंत्री पद मिलने की राह थोड़ी कठिन हो गई थी। उधर, ओपी राजभर ने दावा किया है कि दिवाली से पहले बीजेपी इसकी घोषणा कर सकती है।


> जीत-हार राजनीति का हिस्सा है। यह अनवरत जारी रहता है। इस बात का अहसास उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार की संभावनाओं के चलते किया जा रहा है। चर्चा है कि योगी सरकार में कुछ और नये चेहरे शामिल होने वाले हैं जिससे लोकसभा चुनाव में जातीय समीकरण का फार्मूला फिट हो सके। इसीलिए योगी मंत्रिमंडल में दारा सिंह चौहान और ओम प्रकाश राजभर को मंत्री बनाये जाने की चर्चा हो रही है। यह वह दो नेता हैं जिनको भाजपा का जातीय समीकरण मजबूत करने के लिए हाल फिलहाल में पार्टी के साथ जोड़ा गया था।


## मनुष्य सहित सारे जीव-जंतु फंसकर छटपटा रहे हैं, जीवन सांसों पर छाये संकट से जूझ रहे

# हवा के रूप में जहर खींचने की विवशता कब तक?

ललित गर्ग

> दिल्ली-एनसीआर में हवा की क्वालिटी बेहद खराब यानी जानलेवा बनती जा रही है। अभी सर्दी शुरु भी नहीं हुई है, इस मौसम में ऐसा दूसरी बार हुआ है। हालांकि तात्कालिक वजहों से कभी-कभार राहत भले मिल जाए, लेकिन दिल्ली-एनसीआर ही नहीं, उत्तर भारत के बड़े इलाके में रहने वाले जनजीवन के लिए यह एक स्थायी समस्या एवं जीवन संकट बनती जा रही है, जो बच्चों, बुजुर्गों और सांस की बीमारियों से पीड़ित लोगों के लिए बेहद खतरनाक एवं जानलेवा साबित हो रही है।

**इस** वर्ष फिर से दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में पराली एवं वायु प्रदूषण से उत्पन्न दमघोटू माहौल का संकट जीवन का संकट बनता जा रहा हैं। दिल्ली-एनसीआर में हवा की क्वालिटी बेहद खराब यानी जानलेवा बनती जा रही है। अभी सर्दी शुरु भी नहीं हुई है, इस मौसम में ऐसा दूसरी बार हुआ है। हालांकि तात्कालिक वजहों से कभी-कभार राहत भले मिल जाए, लेकिन दिल्ली-एनसीआर ही नहीं, उत्तर भारत के बड़े इलाके में रहने वाले जनजीवन के लिए यह एक स्थायी समस्या एवं जीवन संकट बनती जा रही है, जो बच्चों, बुजुर्गों और सांस की बीमारियों से पीड़ित लोगों के लिए बेहद खतरनाक एवं जानलेवा साबित हो रही है। सरकारें भले ही इस मुद्दे को लेकर गंभीर नजर आने लगती हैं, भले ही इस जटिल से जटिलतर होती समस्या के समाधान का पूरा एक्शन प्लान तैयार भी है लेकिन इसके प्रभावी परिणाम देखने को नहीं मिलना, कहीं-ना-कहीं सरकार की नाकामी को ही दर्शा रहा है। दिल्ली और पंजाब सरकारें ने अनेक लुभावने तर्क एवं तथ्य दिये, सरकारें जो भी तर्क दें, पर हकीकत यही है कि लोगों का दम घुट रहा है। अगर वे सचमुच इससे पार पाने को लेकर गंभीर हैं, तो वह व्यावहारिक धरातल पर दिखना चाहिए। वायु की गुणवत्ता का खराब होना एवं प्रदूषण का ऐसा विकराल जाल है जिसमें मनुष्य सहित सारे जीव-जंतु फंसकर छटपटा रहे हैं, जीवन सांसों पर छाये संकट से जूझ रहे हैं। अस्पतालों के बाहर लम्बी कतारें देखने को मिलने लगी है। सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के अनुसार लोगों को अगले कुछ दिनों तक खराब वायु में कमी आने की उम्मीद नहीं है। मौसम विभाग के अनुसार, अगर वायु गुणवत्ता शून्य से 50 के बीच रहे तो इसे 'अच्छा' माना जाता है। अगर एक्यूआई 51 से 100 के बीच रहे तो इसे 'संतोषजनक' और 101 से 200 के बीच एक्यूआई को 'मध्यम' माना जाता है। अगर एक्यूआई 201 से ऊपर चला जाए और 300 तक रहे तो इसे 'खराब', 301 से 400 के बीच रहे तो 'बहुत खराब' और अगर 400 से ऊपर पहुंच जाए तो इसे 'गंभीर' माना जाता है। दिल्ली-एनसीआर में 22 अक्टूबर को एक्यूआई 313 यानी बहुत खराब स्तर पर गया था। उसके बाद से हवा की गति धीमी होने और तापमान में गिरावट के कारण वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' श्रेणी में बनी हुई है। यह समस्या साल-दर-साल गंभीर होती जा रही है। इस



गंभीर होती समस्या से पार पाने के लिए दिल्ली सरकार ने कई उपाय आजमाए, प्रदूषण पर नियंत्रण के लिये निर्देश जारी किये गये मगर वे कारगर साबित नहीं हो पा रहे। दिल्ली-एनसीआर में जगह-जगह जल छिड़काव करती सरकारी गाड़ियां भी दिखने लगी हैं, जो हवा में धूल की मात्रा कम करती हैं। मगर इन कदमों का स्वरूप ही बताता है कि सरकार समस्या के लक्षणों को कम करने में जुटी है लेकिन अभी तक समस्या को सुलझाने या इसकी गंभीरता को कम करने में कोई खास सफलता नहीं मिली है। इसके एक प्रमुख कारण के रूप में पंजाब और आसपास के राज्यों में पराली जलाने के चलन को कई साल पहले चिह्नित किया जा चुका है। मगर उस मोर्चे पर राजनीतिक कारणों से खास प्रगति के संकेत नहीं मिल रहे हैं। प्रदूषण जानलेवा स्तर तक खतरनाक हो गया है। प्रश्न है कि पिछले कुछ सालों से लगातार इस महासंकट से जूझ रही दिल्ली-एनसीआर को कोई स्थायी समाधान की रोशनी क्यों नहीं मिलती? सरकारें एवं राजनेता एक दूसरे पर जिम्मेदारी ठहराने की बजाय समाधान के लिये तत्पर क्यों नहीं होते? इस विषम एवं ज्वलंत समस्या से मुक्ति के लिये हर राजनीतिक दल एवं सरकारों को संवेदनशील एवं अन्तर्दृष्टि-सम्पन्न बनना होगा। क्या हमें किसी चाणक्य के पैदा होने तक इन्तजार करना पड़ेगा, जो जड़ों में मठ्ठा डाल सके।...नहीं, अब तो प्रत्येक राजनीतिक मन को चाणक्य बनना होगा। तभी विकराल होती वायु प्रदूषण की समस्या से मुक्ति मिलेगी। बीते हफ्ते की ही बात की जाए तो पंजाब में बुधवार को पराली जलाने की 398, गुरुवार को 589 और शुक्रवार को 766 घटनाएं दर्ज की गईं। वैसे सरकारें इसे कम करने का अपने ढंग से प्रयास कर रही हैं। पंजाब के मोगा समेत कई इलाकों में फायर फाइटर्स की टीमें तैनात की गई हैं जो पराली जलने की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच कर उसे रोकने का काम करती हैं। यूपी में कहा गया है कि पराली जलाते पाए जाने वाले किसानों को किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं का फायदा नहीं दिया जाएगा। लेकिन यहां भी मामला सख्ती के जरिए किसानों को पराली जलाने से रोकने का ही है, जबकि जरूरत उन्हें ऐसे बेहतर विकल्प मुहैया कराने के है जिससे वे खुद इससे मुंह मोड़ने लग जाएं। पराली से खाद बनाकर खेती में उपयोग करने या अन्य उपायों से थर्मल पावर प्लांट और अन्य उद्योगों में ईंधन के तौर पर पराली का इस्तेमाल बढ़ाने जैसे कई सुझावों पर चर्चा होती रही है, लेकिन साफ है वे विकल्प किसानों तक अभी पहुंचाएं नहीं जा सके हैं। वायु की गुणवत्ता को बढ़ाने एवं प्रदूषण कम करने और दिल्ली सहित देश के अन्य महानगरों-नगरों को रहने लायक बनाने की जिम्मेदारी केवल सरकारों की नहीं है, बल्कि हम सबकी है। हालांकि लोगों को सिर्फ एक जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभानी है, एंटीडस्ट अभियान भी निरन्तर चलाया जाना चाहिए। लोगों को खुद भी पूरी सतर्कता बरतनी होगी। लोगों को खुली जगह में कूड़ा नहीं फैंकना चाहिए और न ही उसे जलाया जाए। वाहनों का प्रदूषण लेवल चैक करना चाहिए। कोशिश करें कि हम निजी वाहनों का इस्तेमाल कम से कम करें और सार्वजनिक वाहनों का उपयोग करें। आम जनता की जिंदगी से खिलवाड़ करने वाली पटाखे जलाने की भौतिकतावादी मानसिकता को भी विराम देना जरूरी है। क्योंकि पटाखे जलाने से न केवल बुजुर्गों बल्कि बच्चों के जीवन पर खतरनाक प्रभाव पड़ने और अनेक रोगों के पनपने की संभावनाएं हैं। प्रदूषण मुक्त पर्यावरण की वैश्विक अभिधारणा को मूर्त रूप देने के लिये इको फ्रेंडली दीपावली मनाने की दिशा में सार्थक पहल करनी होगी, एक सकारात्मक वातावरण बनाना होगा। पराली ही तरह पटाखों उत्पन्न प्रदूषण खतरनाक हैं। पराली-पटाखें आज एक राजनीतिक प्रदूषण बन चुका है। इस प्रदूषण से ठीक उसी प्रकार लड़ना होगा जैसे एक नन्हा-सा दीपक गहन अंधेरे से लड़ता है। छोटी औकात, पर अंधेरे को पास नहीं आने देता। क्षण-क्षण अग्नि-परीक्षा देता है। पर हां! अग्नि परीक्षा से कोई अपने शरीर पर फूस लपेट कर नहीं निकल सकता।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## बुद्धिजीवी मंच ने शिक्षा व खेल जागरूकता को ले कोड़ी में सभा की

# ग्रामीणों ने हाई स्कूल और लाइब्रेरी की कमी जाहिर की

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रामगढ़ :** बुद्धिजीवी मंच, बरकाकाना क्षेत्र के द्वारा बारीडीह पंचायत भवन में शिक्षा व खेल जागरूकता आभियान के तहत सभा की। मंच के पदाधिकारियों ने सभा में कहा कि हाई स्कूल के लिए सरकार से मांग की जाएगी और लाइब्रेरी में पुस्तक की व्यस्था के लिए मंच आर्थिक सहयोग करेगा। यह निर्णय लिया गया कि पहाड़ी क्षेत्र के गांवों में मंच की उपसमितियां बनाई जाएगी जिसमें महिलाओं की आधी भागीदारी होगी। सभा की अध्यक्षता मंच युगेश बेदिया ने किया और संचालन मुख्य संयोजक पंचदेव करमाली ने किया। सभा के अंत में उपाध्यक्ष सोनी महतो और संगठन सचिव कवियित्री बेदिया ने युवाओं को फुटबॉल दिया। सभा को संबोधित करते हुवे अध्यक्ष प्रदीप करमाली ने कहा कि शिक्षा और खेल जीवन के लिए लाभदायक है बल्कि एक सफल जीवन का मुख स्रोत है। इसके सहारे अपने जीवन को सफल बनाना चाहिए। खेल हमें सबसे पहला शिक्षा अनुशासन का देता है। खेल न सिर्फ खेल के मैदान में जरूरी है बल्कि अपने व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन में भी आवश्यक है। उपाध्यक्ष सोनी महतो ने कहा कि विद्यार्थियों और युवाओं को समय सारणी बनाकर पढ़ना लिखना और खेलना चाहिए। साथ ही समाज को बेहतर बनाने में भी समय देना चाहिए। संगठन सचिव कवियित्री बेदिया ने कहा कि जीवन में न सिर्फ खेल खेलना आवश्यक है बल्कि खेल से जो शिक्षा मिलती है उसे अपने जीवन को सफल बनाने में उपयोग करना चाहिए। सह सचिव शिवशंकर बेदिया ने कहा कि बुद्धिजीवी मंच का उद्देश्य समाज के युवाओं को अच्छा नागरिक बनाना अर्थात एक बेहतर समाज निर्माण करना है। सभा का आयोजक संजय बेदिया ने युवाओं को आह्वान किया की बुद्धिजीवी मंच से जुड़ कर मार्गदर्शन प्राप्त करें।इस अवसर पर मुख्य रूप से देवकी बेदिया, सुशील कुमार, रामा ठाकुर, आदि थे।

## एसवीएम सिरका में दीपावली पर रंगोली व दीप सज्जा आयोजित

# दीपोत्सव जीवन से जुड़ा त्योहार : अंजना

प्रभात मंत्र संवाददाता



**सिरका :** सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र के सरस्वती विद्या मंदिर के प्रांगण में शुक्रवार को भैया- बहनो के बीच रंगोली व दीप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। अवसर पर मुख्य अतिथि अरुणिमा महिला समिति अध्यक्ष अंजना पांडेय, उपाध्यक्ष भावना , रशिम श्रीवास्तव, स्कूल सचिव सतीश कुमार श्रीवास्तव उपस्थित हुए। अतिथियों का स्वागत स्कूल प्राचार्य कुमार विमलेश कुमार व बच्चों द्वारा पुष्प देकर किया गया। छात्र-छात्राओं ने मोर, दीप, पुष्प समेत कई प्रकार के मनमोहक रंगोली बनाएं। जबकि रंग-बिरंगे दिए भी जलाए गए। जिसका अवलोकन अरुणिमा महिला समिति अध्यक्ष अंजना पांडेय व अन्य अतिथियों ने किया। इसमें प्रथम स्थान स्नेहा कुमारी, आयुषी कुमारी, श्रेया, नंदिनी द्वितीय स्थान निवेदिता, वैष्णवी, तृतीय स्थान कृपा, जिज्ञासा, दीपिका, साक्षी, आयुश्री, पल्लवी, अंजनी रही। जबकि माध्यमिक खंड में प्रथम स्थान रिया, अभव्या, स्तुति ने प्राप्त किया। अवसर पर अतिथियों ने दीपोत्सव के महत्व व जीवन से जुड़े तथ्यों के बारे में बतलाया। साथ ही मन लगाकर अपने त्योहारों से जुड़े कला, संस्कृति पर बल दिया। मौके पर प्राचार्य ने सभी अतिथियों का अभिनंदन किया। जबकि कार्यक्रम सफल बनाने में विद्यालय का आचार्यो, कर्मचारियो आदि का सहयोग रहा।

# गोला प्रखंड सभागार में प्रमुख की अध्यक्षता में हुई परिचयात्मक बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गोला :** गोला प्रखंड कार्यालय सभागार में शुक्रवार को प्रखंड प्रमुख गीता देवी की अध्यक्षता में एक परिचयात्मक बैठक की गई। बैठक में प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों के पंचायत समिति सदस्य, प्रखंड कार्यालय, अंचल कार्यालय, बाल विकास परियोजना कार्यालय के सहायक अभियंता, सभी पर्यवेक्षक, सभी कनीय अभियंता, सभी जनसेवक, सभी पंचायत सचिव, सभी ग्राम रोजगार सेवक, सभी राजस्व उपनिरीक्षक शामिल हुए। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार शांडिल्य के द्वारा एक एक करके सभी कर्मियों से परिचित कराया गया। इस दौरान प्रमुख गीता देवी तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार शांडिल्य के द्वारा सभी कर्मियों को मिलजुलकर प्रखंड कार्यालय से संचालित सभी विकास कार्यों में पारदर्शिता के साथ कार्य करते हुए प्रखंड को विकास की गति देने का कार्य करने की बात कही गई। मौके पर उपप्रमुख विजय ओझा एवं अंचलाधिकारी समरेश प्रसाद भंडारी उपस्थित थे।

# कांग्रेस रामगढ़ जिला कमिटी अल्पसंख्यक को मिली मंजूरी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष मंजूर अंसारी ने रामगढ़ जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग की नई कमिटी को मंजूरी दी। रामगढ़ जिला के जिला अध्यक्ष ज़ोया परवीन ने कहा कि जिला कमिटी में युवाओं एवम अनुभवी लोगो को जगह दिया गया है साथ ही संगठन के प्रति ज़िम्मेदारी निभाने वाले लोग भी संगठन में शामिल हैं जिसमें वरीय उपाध्यक्ष, 2 उपाध्यक्ष 10' महासचिव 11' सचिव 19' कार्यकारणी सदस्य, 11 एवं 6 प्रखंड अध्यक्ष, एवं एक रामगढ़ नगर अध्यक्ष बनाया गया। जिला अध्यक्ष ज़ोया परवीन ने यह भी कहा जल्द से जल्द सभी प्रखंडों में जा-जाकर पंचायत अध्यक्षों का गठन कर सरकार की विकास कार्यो को पूरा करेंगे, और अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी जी ने जो उम्मीद के साथ हमें जिम्मेवारी दिए हैं हम इस जिम्मेवारी को पूरा करेंगे और जिला कांग्रेस कमेटी को पूरी मजबूती के साथ आगे ले जाने का काम करेंगे।

# सांसद जयंत सिन्हा ने रामगढ़ व बड़कागांव में किया जनसंवाद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** हज़ारीबाग सांसद सह अध्यक्ष वित्त सम्बन्धी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा ने 9 नवंबर को रामगढ़ व 10 नवंबर को बड़कागांव में जनसंवाद किया। उन्होंने रामगढ़ की मांडू विधानसभा के आरा मंडल की सारूबेड़ा, सोनडीहा, चैनपुर, बड़गांव, बड़कीबांध नावाडीह व नावाडीह पंचायत और बड़कागांव की चंदौल, महुँगाईकला, हरली, ग्राम महुदी व कांडतारी पंचायत में जनसंवाद किया।जयंत सिन्हा ने इस दौरान जनसमस्याओं के निवारण और आवश्यकताओं की आपूर्ति के लिए अधिकारीयों को दिशा-निर्देश दिए। साथ ही समस्त क्षेत्रवासियों को धनतेरस व दीपावली समेत आगामी त्योहारों की शुभकामनायें दीं। इस अवसर पर उन्होंने जनता से स्थानीय उत्पादों को खरीदकर वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देने की अपील की। जयंत सिन्हा ने कहा कि हजारीबाग लोकसभा में मोदी सरकार की योजनाओं से लाभ पाकर लोग बेहद खुश हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के प्रति जनता के मन में अपार स्नेह और अटूट विश्वास है। जब लोगों को विकास कार्यों के बारे में बताता हूं तो उनसे मोदी है तो मुमकिन है सुनकर अत्यंत प्रसन्नता होती है। इसके उपरान्त जयंत सिन्हा ने बाजार पहुंचकर दुकानदारों से मुलाकात और धनतेरस व दीपावली के लिए स्थानीय विक्रेताओं से खरीदारी की। जयंत सिन्हा ने कहा कि मुझे यह देखकर बेहद ख़ुशी हो रही है कि त्योहारों के मौसम में बाज़ार सजे हुए हैं और लोग बड़ी संख्या में स्थानीय उत्पाद खरीद रहे हैं।

# डहरे सोहराय चांचइर आर बरदखूंटा रामगढ़ में आज

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बृहद झारखंड कला संस्कृति मंच के बैनर तले डहरे सोहराय चांचइर आर बरदखूंटा का भव्य आयोजन आज किया गया है, यह डहरे सोहराय चांचइर आर बरदखूंटा कार्यक्रम जिला मैदान से शुरू होकर रामगढ़ कॉलेज मैदान में जाकर समाप्त होगी। इस कार्यक्रम में झारखंड ही नहीं वरन पश्चिम बंगाल और ओडिशा के भी हजारों लोग अपने-अपने प्रतिनिधि मंडल के साथ बृहद झारखंड कला संस्कृति मंच के आह्वान पे सोहराई चांचइर आर बरदखूंटा में शामिल होने के लिए रामगढ़ पहुँचेगें। इस तरह का आयोजन इस बृहद झारखंड में अनूठा और ऐतिहासिक होगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य है झारखंड की संस्कृति को एक नए सिरे उठाना और जीवित करना ही नहीं है वरन राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पे पहचान भी दिलाना है। जैसा कि ज्ञात है कि विगत वर्षो में सोहराई पेंटिंग को त्ढ्ढ टैग भी मिल चुका है, अतः अब हमलोगों का भी कर्तव्य बनता है कि इसे भव्य ही नहीं अपितु भव्यतम रूप दें और विश्व पटल में स्थापित करे। मंच के सदस्यों ने कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल होने का आह्वान किया है।

# धनतेरस की धूम, झाड़ू से लेकर ज्वेलरी की हुई खरीदारी

**गिद्दी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयलांचल में धनतेरस शुक्रवार को मनाया गया धनतेरस को लेकर ज्वेलरी की दुकानों को विशेष रूप से रंग बिरंगे कपड़ों एवं झालरों से सजाया गया है आरती ज्वेलरी दुकानों सोने व चांदी के आभूषणों की खरीद पर आकर्षक गिफ्ट भी लोगों को लुभाते हुए देखी गयी झाड़ू की खरीद भी खूब हुई आरती ज्वेलर्स के मालिक सुरेश सोनी और विशाल सोनी ने बताया कि पिछले बार की अपेक्षा इस बार सोने के आभूषणों की खरीददारी में इजाफ हुआ दोनों ने बताया कि इस बार समय से बोनस और पेमेंट मिल जाने से गिद्दी कोयलांचल में खरीदारी में उत्साह देखने को मिला ज्वेलरी की बिक्री ठीक हो रही है।



# आम्रपाली चंद्रगुप्त क्षेत्र में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का हुआ समापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** सीसीएल के आम्रपाली चंद्रगुप्त क्षेत्र में विगत कई दिनों से मनाए जा रहे सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023 का शुक्रवार को परियोजना के महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह के द्वारा समारोह आयोजित कर विधिवत समापन किया गया। सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023 की शुरुआत महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह के द्वारा 30 अक्तुबर 2023 से अधिकारिक रुप से सत्य निष्ठा की शपथ दिलाकर किया गया था। साथ ही जागरूकता हेतु सतर्कता रथ को हरि झंडी दिखाकर रवाना किया गया था। इसमें सेल्फि पोइंट तथा हस्ताक्षर कैंपेन का आयोजन किया भी गया। इस वर्ष, अम्रपाली चंद्रगुप्त क्षेत्र में सतर्कता




जागरूकता सप्ताह बड़े ही धूमधाम से मनाया गया तथा सभी हितधारकों को इससे जोड़ा गया। आम्रपाली परियोजना के विभिन्न प्रतिष्ठानों जैसे काटाघर, परियोजना कार्यालय, महाप्रबंधक कार्यालय, चेक पोस्ट, रेलवे साइडिंग आदि पर जागरूकता हेतु पिडपी के मेटल फ्रेम फ्लेक्स बैनर लगाए गये। प्रभावीत उच्च विद्यालय में विभिन्न क्षेत्रों के बीच विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमे चित्रकला प्रतियोगिता, निबंध लेखन प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, प्रभात फेरी, मानव श्रृंखला इत्यादि सामिल है। वही सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत एक रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया था जिसमें सदर अस्पताल राँची द्वारा थैलेसीमिया से पिडीत बच्चों के लिए ब्लड का संग्रह किया गया था। सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आज समापन समारोह में महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह के द्वारा स्कूल के छात्र-छात्राओं, और सीसीएल के कर्मियों को मेमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

## धनतेरस के अवसर पर सजी दुकानें हुई जमकर खरीदारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड मुख्यालय स्थित बाजार टांड में धनतेरस के अवसर पर बाजार मे जमकर हुई खरीदारी. बारियातू प्रखंड के सभी नौ पंचायत अमरवाडीह, सिबला, टोटी, बलुभाँग, साल्वे, फूलसु, डाढा, गोनीया पंचायत के लोग प्रखंड क्षेत्र के मुख्य बजार बारियातू पहुंचे जहाँ धनतेरस के शुभ अवसर पर जमकर खरीदारी किया। हिन्दुधर्म के मान्यता अनुसार धनतेरस में कोई भी सामग्री खरीदना शुभ माना जाता है। शुक्रवार व सोमवार को बारियातू में साप्ताहिक बाजार लगता है। आज शुक्रवार साप्ताहिक बाजार करने आए लोगो ने भी धनतेरस के अवसर पर झाड़ू, वर्तन, पूजा सामग्री, सहित अन्य घरेलु उपयोगी सामान की खरीदारी की।

## नेयाज टेलीकॉम का उद्घाटन जिला परिषद उपाध्यक्ष बृजकिशोर तिवारी ने फीता काटकर किया



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला मुख्यालय के उपायुक्त कार्यालय स्थित महेंद्रा ट्रेक्टर के समीप नेयाज टेलीकॉम का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन में वतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद उपाध्यक्ष बृजकिशोर तिवारी ने विधिवत फिता काट कर किया। उद्घाटन के उपरांत श्री तिवारी ने उक्त दुकान को फूलो फलो की कामना की और कहा कि मुख्यालय समीप कम्प्यूटर दुकान नहीं था। अब यहां काफी सुविधा बन गयी है। नेयाज टेलीकॉम में पहुंच कर नए एवं पुराने लैपटॉप एवं मोबाईल खरीद उचित रेट का फायदा उठा पाएंगे। वहीं नेयाज टेलीकॉम के संचालक मो नेयाज ने बताया कि हमारे टेलीकॉम में नए और पुराने लैपटॉप की सुविधा है वहीं मोबाइल की भी सुविधा है। ग्राहकों के लिए दीपावली के अवसर पर विशेष छूट दिया जा रहा है। मौके पर अंजर हुसैन, मो असरफ, अब्दुल वहाब, प्रवेश कुमार, मो नेहाल, आसिफ इमाम, मो हेलाल, मो रेहान, मो अफजल, मोहसिन सोहराब, बिनोद कुमार के अलावे दर्जनों लोग शामिल थे।

## एलएसबीआई एटीएम का हुआ उद्घाटन

# एटीएम खुलने से पुलिस जवान समेत आम जनता को भी राहत : राजकुमार लकड़ा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला मुख्यालय के टाउन हॉल के पास स्थित न्यू पुलिस लाईन के पास शुक्रवार को एसबीआई के एटीएम का उदघाटन पलामू जोन के आईजी राजकुमार लकड़ा के द्वारा किया। इससे पहले आईजी का पुष्पगुच्छ देकर पुलिस कप्तान अंजनी अंजन, पूर्व नप अध्यक्ष सुशील अग्रवाल और एसबीआई के कर्मियों के द्वारा उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए श्री लकड़ा ने कहा कि पुलिस लाईन के पास एटीएम खुलने से जवानों को काफी सहुलियत होगी। जवानों को अब दूर नहीं जाना पड़ेगा और वह आराम से अपना दैनिक कार्यो के



पैसा का निकासी आराम से कर सकते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि यहां एटीएम खुलने ना केवल जवानों को राहत मिलेगा, बल्कि इससे आम जनता को भी काफी सहुलियत होगा। वह भी इससे पैसा का निकासी आराम से कर सकते हैं। वहीं इस अवसर पर जिले के पुलिस कप्तान अंजनी अंजन ने कहा कि यह एटीएम 24 घंटे खुले रहेंगे। इससे जवानों और आम जनमानस को काफी सहुलित होगी। इस अवसर पर मुख्य रूप से डीएसपी संतोष मिश्रा, सीआरपीएफ 214 बटालिएन के एसएच खान, लातेहार थाना प्रभारी आशुतोष कुमार, चंद्रशेखर चौधरी सहित सैकड़ों की संख्या में पुलिस बल के जवान उपस्थित रहे।

# खाद्यान्न वितरण में गड़बड़ी, लाभुकों में आक्रोश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सरयू प्रखंड के ग्राम सरयू में राजाराम प्रसाद के नाम से संचालित जनवितरण प्रणाली का दुकान, डीलर राजाराम प्रसाद के द्वारा प्रति यूनिट दो दो केजी खाधान्न का कटौती कर वितरण करने का मामला प्रकाश में आया है। यह जानकारी मिलने के उपरांत पत्रकारों द्वारा पूछे जाने पर दुकान संचालक राजाराम ने कहा कि लाभुकों कि सहमति से ही कटौती कर रहा हूं जो प्रमाण के लिए आवेदन हमारे पास है आवेदन जिला आपूर्ति पदाधिकारी के नाम से लिखा हुं जिसमें चार सौ लाभुकों ने आपना अपना हस्ताक्षर भी किया है। इस मामले में जिला आपूर्ति पदाधिकारी से बात हुई है उनकी जानकारी में ही कटौती का कार्य हो रहा है, इसलिए मुझे किसी तरह का भय नहीं है। वहीं लाभुकों से पुछे जाने पर राशन लेने के लिए पहुंचे उपस्थित सैकड़ों लाभुकों ने बताया कि हमलोगों को आवेदन के विषय में कोई जानकारी



नहीं है हमलोग हस्ताक्षर नहीं किए हैं। हस्ताक्षर किए नामित व्यक्ति से पुछे जाने पर बताया कि हमरा हस्ताक्षर नहीं है इससे स्पष्ट होता है कि फर्जी हस्ताक्षर बनाकर गुमराह करने का काम किया जा रहा है। वहीं सभी लाभूकों ने कहा कि हमलोगों के अन्याय हो रहा है हमलोगों की मांग है कि राशन पुरा पुरा दिया जाए एवं डीलर राजाराम पर जिला प्रशासन से कार्रवाई कि मांग किया है। इस मामले में जिला आपूर्ति पदाधिकारी रशमी लकड़ा ने कहा कि खाद्यान्न वितरण में अनियमितता को बर्दाशत नहीं कि जाएगी। किसी भी लाभूक को राशन कम नहीं देना है। आवंटन यदि कम है तो मांग करना है। यदि डीलर राजाराम प्रसाद के द्वारा कटौती कर वितरण किया जा रहा है तो निश्चित रुप से कार्रवाई कि जाएगी।

## भालू ने किसान को किया जख्मी



**महुआडांड़ (लातेहार) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत पंचायत ओरसा के जामडीहपाठ गांव निवासी कुंवर नगेसिया (35) पर जंगली भालू ने हमला कर घायल कर दिया। इस घटना की जानकरी पंचायत के मुखिया अमृता देवी होते ही मुखिया द्वारा घायल कुंवर नगेसिया को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महुआडांड़ लाया गया, घायल की प्राथमिक उपचार डॉक्टर द्वारा की गई, इस संबंध में मुखिया ने बताया कि घायल सुबह गुदंली काटने खेत की ओर जा रहा था तभी अचानक झाड़ी की ओर से निकल कर एक भालू ने उस पर हमला कर दिया, वह किसी तरह सम्भल कर जान बचा गांव की ओर भागा, फिर उसे अस्पताल भेजा गया। वही भालू के हमले से कुंवर नगेसिया को गंभीर चोट नहीं आई, परंतु दोनों हाथ एवं पीठ पर गंभीर जख्म लगे है। भालू हमले की जानकारी वन विभाग को दी गई, परंतु वन विभाग का कोई भी कर्मी गुरुवार शाम तक अस्पताल में नहीं पहुंचा, न ही पीड़ित के परिवार से कोई मुलाकात की गई है।

## दुर्गाबाड़ी प्रांगण में हुआ रामलीला का आयोजन

**महुआडांड़ (लातेहार) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** महुआडांड़ प्रखंड स्थित दुर्गा बाड़ी मंदिर प्रांगण में 10 नवंबर से 20 नवंबर तक प्रतिदिन रामलीला का आयोजन किया जाएगा। इसकी सूचना देते हुए जय मां शीतला श्री रामायण प्रचारक मंडल विंध्याक्षेत्र मिर्जापुर रामलीला आयोजन के व्यवस्थापक रमाकांत जी के द्वारा बताया गया कि, हिंदू संस्कृति एवं गौ रक्षा हेतु धर्म प्रचारक मंडल पूरे देश में रामलीला का आयोजन करता रहा है। यह पूरे नगर वासियों के सहयोग से ही संपन्न होता है, इसलिए नगर वासियों से अपील है कि वे सभी इस निशुल्क रामलीला आयोजन में तन मन धन से शामिल होकर धर्म प्रचारक मंडल को सहयोग प्रदान करें।

# भ्रमण कर लौटे आदिवासी बच्चे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** नेहरू युवा केन्द्र लातेहार एवं सीआरपीएफ 11 वीं बटालियन लातेहार के सौजन्य से जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों के 20-20 आदिवासी युवक एवं युवतियों का चयन कर 15 वीं आदिवासी आदान-प्रदान कार्यक्रम के अन्तर्गत जम्मू एवं विशाखापट्टनम भ्रमण के लिए भेजा गया था जो वापस लातेहार लौटे आए।इस मौके पर सीआरपीएफ 11 वीं बटालियन के कमांडेंट वेद प्रकाश त्रिपाठी ने युवक व युवतियों को सकुशल वापस लौटने पर बधाई दी। भ्रमण के दौरान देखी गई सांस्कृतिक, सामाजिक व जीवन शैली के बारे में जाना तथा सभी युवक-युवतियों को अपने गांव के लोगों को इसके बारे बताने को कहा तथा कमाण्डेंट ने बच्चों को जम्मू एवं विशाखापट्टनम भ्रमण की यादो एवं अपने-अपने अनुभवों को डायरी में लिखने की भी सलाह दिया। इस अवसर पर सीआरपीएफ 11 वीं बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी जुगल किशोर जोशी, नेहरू युवा केन्द्र के युवा अधिकारी कंचन कुमारी, निरीक्षक जितेन्द्र कुमार पांडेय, निरीक्षक पंकज कुमार तथा युवक एवं युवतियां उपस्थित रहे।

## सांसद सुनील कुमार सिंह के सौजन्य से दिवाली की पूर्व संध्या पर दिव्यांगों को मिला सम्मान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** सांसद सुनील सिंह ने चतरा जिले के दिव्यांगो को दीवाली की पूर्व संध्या पर अदभुत उपहार दिया है। उन्होंने अपने संसदीय क्षेत्र के लोगों को बैटरी स्वचालित ट्राई साइकिल उपहार स्वरूप भेंट किया है। उन्होंने सांसद निधी से स्वचालित ट्राईसाईकिल दिव्यांग जनों को सौंपा है। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक शर्मा, सांसद प्रतिनिधि राकेश झा सहित भाजपा के कार्यकर्ताओं भी उपस्थित रहे। सांसद निधि से चतरा जिला के गंगोत्री देवी, प्रखण्ड -गिधौर, ग्राम-बारी साखी, उपेंद्र कुमार, ग्राम,-बारीसाखी, प्रखण्ड-गिधौर, रोहित उराँव, ग्राम-सिंदरवे, प्रखण्ड-गिधौर, मीना कुमारी, ग्राम-बकचूमा, प्रखण्ड-कान्हाचट्टी मो0असरफ, लाइन मुहल्ला चतरा आदि शामिल हैं। कर्यक्रम में मुख्य रूप से जिला मंत्री शिव बालक सिंह, सांसद प्रतिनिधि निर्भय ठाकुर, राकेश झा, ग्रमीण अध्यक्ष अनिल सिंह,बब्लू सिंह, कान्हाचट्टी अध्यक्ष सतीश सिंह, कान्हाचट्टी के भाजपा कार्यकर्ता राजेन्द्र सिंह सहित समाज कल्याण विभाग के बड़ा बाबु अनिल कुमार भी उपस्थित रहे।

# धनतेरस के अवसर पर लोगों ने की खरीदारी, चौक जाम

## धनतेरस में दिखी आर्थिक मंदी, दुकानदार मायूस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड मुख्यालय के सिमरिया चौक में धनतेरस के अवसर पर काफी भीड़ दिखी। किन्तु खरीदारी में आर्थिक मंदी दिखी। वहीं दुकानदार मायूस दिखे। हालाकिं धनतेरस के अवसर पर दुकानदारों ने अपने सुविधा के अनुशार समान लाकर दुकान को सजा रखा था। परन्तु उस मात्रा में बिक्री नहीं होने से दुकानदार मायूस दिखे। बता दें कि झाड़ू और दिया कि काफी बिक्री रही। वहीं घरेलू सामान में कोई खास बिक्री नहीं दिखी। खरीदारों का कहना था कि अभी वर्तमान में आर्थिक तंगी काफी है। त्योहार के नाम पर हल्की फुल्की सामान लेकर धनतेरस मना रहे है। चुकी लगातार दो वर्षों से पानी के वजह से फसल पूरी तरह चौपट हो गया है। वहीं सरकारी योजनाओं में कोई ज्यादा इजाफा नहीं हुई है और ना रोजगार की कोई सुविधा बनी है। वैसे में आर्थिक तंगी का सामना करना लाजमी है।

## स्वास्थ्य विभाग की अनदेखी की वजह से झोलाछाप नर्सिंग होम संचालक बेखौफ




**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्वास्थ्य विभाग की अनदेखी की वजह से झोलाछाप नर्सिंग होम संचालक बेखौफ हैं। आदेश का अवहेलना कर नर्सिंग होम का संचालन किया जा रहा है। सदर थाना क्षेत्र के न्यू पुलिस लाइन स्थित जितनी मोड़ पर संचालित एमएस सेवा सदन डीसी और सिविल सर्जन के आदेश को ठेंगा दिखा रहा है। इस सेवा सदन में झोलाछाप डॉक्टर के द्वारा गलत ऑपरेशन किए जाने के कारण एक मरीज की जान चली गई थी, जिसपर संज्ञान लेते हुए डीसी अबू इमरान के निर्देश पर सिविल सर्जन डॉक्टर जगदीश प्रसाद के द्वारा मामले की जांच कराई गई।जांच टीम ने मामला सही पाया और क्लीनिक के विरुद्ध कारवाई के लिए सिविल सर्जन को लिखा। जांच रिपोर्ट के आधार पर सिविल सर्जन ने एमएस सेवा सदन का निबंधन रद्द करते हुए उसे सील करने का आदेश ज्ञापांक 1638 और दिनांक 6/10/2023 के तहत जारी किया।लेकिन आदेश जारी होने के एक महीने से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी क्लीनिक का ना ही निबंधन रद्द किया गया और ना ही उसे सील किया गया।इतना ही नहीं इतनी बड़ी कारवाई होने के बावजूद एमएस सेवा सदन ना तो एक दिन बंद हुआ बल्कि हरेक रोज यहां मरीजों को देखा जा रहा है। इससे स्पष्ट होता है कि एमएस सेवा सदन के संचालक की पकड़ बहुत ऊंची है या फिर इसके द्वारा वह सिविल सर्जन को मोटी रकम देकर मैनेज कर लिया गया है।मालूम हो कि किसी नर्सिंग होम में ईलाज के दौरान लोगों की मौत होती हैं या किसी तरह का घटना होने पर जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग सक्रिय हो जाती हैं और जांच के नाम पर खानापूर्ति करते हैं. कुछ दिनों तक झोलाछाप डॉक्टरों व अवैध नर्सिंग होम संचालकों में भी हड़कंप देखा जाता है।लेकिन यह हड़कंप कुछ दिनों के लिए रहता है। लगातार कारवाई नहीं होने से अवैध नर्सिंग होम संचालक बेखौफ होकर नर्सिंग होम का संचालन करते हैं।कुकुरमुत्ते की तरह अवैध नर्सिंग होम, अल्ट्रासाउंड व जांच घर का संचालन किया जा रहा है, जहां मरीजों के साथ खिलवाड़ किया जाता हैं साथ ही आर्थिक शोषण किया जाता हैं।

# कृषि विज्ञान केन्द्र में खाद्य विक्रेताओं का 15 दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** स्थानीय कृषि विज्ञान केन्द्र में उर्वरक की दुकान चलाकर रोजगार करने को लेकर 15 दिवसीय प्रशिक्षण आज संपन्न हो गया। प्रशिक्षण कृषि विज्ञान केन्द्र के द्वारा 27 अक्टूबर से 10 नवंबर तक प्रशिक्षण दिया गया। समेकित पोषण तत्व प्रबंधन को लेकर हो रहे प्रशिक्षण में जिले के उर्वरक विक्रेताओं में 43 लोग शामिल हुए है। समापन्न समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में निदेशक, प्रसार शिक्षा, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, रांची डॉ जगरनाथ उरॉव उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुरूआत करते हुए वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉ रंजय कुमार सिंह ने निदेशक, प्रसार शिक्षा बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, रांची का स्वागत करते हुए प्रशिक्षण से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण में खाद्य, बीज एवं उर्वक से संबंधित सभी जानकारी दी गयी है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निदेशक प्रसार शिक्षा, बिरसा कृषि



विश्वविद्यालय रांची ने कहा कि किसान भाई सबसे पहले आप से ही सलाह लेते है जब आप की जानकारी अच्छी होगी तभी आप सही सलाह दे सकेगें, इसलिए प्रशिक्षण में जो बताया गया है उसे और बेहतर बनाने के लिए मेहनत करने की जरूरत है।उन्होनें कहा कि किसान अब फसल उत्पादन के लिए तकनीक व खाद का उपयोग करने लगे है। इसलिए खाद विक्रेता को प्रशिक्षित होना अति आवश्यक है। उन्होनें कहा कि खाद्य बीज विक्रेताओं को कृषि का भरपुर ज्ञान अर्जित कर अपने व्यापार को और अच्छा कर सकते है। उन्होनें कहा कि आप जो यहॉ से प्रशिक्षण के दौरान सिखे हैं, उसे अपने आस-पास के लोगों को भी अवगत कराने की कोशिश करेगें। कार्यक्रम में अंत में मुख्य अतिथि के द्वारा प्रशिक्षण के उपरांत लिये गये परीक्षा में प्रथम त्यागी कुमार, द्वितीय मुकेश कुमार सिंह एवं तृतीय बिरेन्द्र कुमार यादव को साल एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र, चतरा के वैज्ञानिक विनोद कुमार पाण्डेय, धर्मा उरॉव, उपेन्द्र कुमार सिंह मो जुनैद आलम, शिवेन्द्र कुमार दूबे, अभिजित घोष ने सहयोग किया।

# पल्लवी आयुर्वेदा चिकित्सालय का जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने किया उद्घाटन

## आयुर्वेद अपनाओ, अच्छे स्वस्थ जीवन की ओर कदम बढ़ाओ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** सदर प्रखंड के ऊंटा मोड़ में पल्लवी आयुर्वेदा केन्द्र का भाजपा नेता सह जीप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने फीता कर उद्घाटन किया। उद्घाटन के मौके पर स्थानीय मुखिया अनिता यादव समेत आयुर्वेदा संस्थान के अधिकारी उपस्थित थे। डॉ श्याम लाल साव ने मुख्य अतिथि जीप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी को बुके देकर स्वागत किया। साथ ही सभी अतिथिओं का स्वागत किया गया। ड्रा श्याम लाल ने कहा आयुर्देदा में किडनी, लिवर, डायबीटीज, थाइराइड, स्त्री रोग, दमा, लिवर, घुटनो का दर्द समेत बिमारियों का इलाज किया जाता है। मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा आज के दौर में लोग अंग्रेजी दवाओं पर भरोषा करते है। लेकिन आयुर्वेदिक व होमियोपैथी के इलाज से गंभीर से गंभीर रोग ठीक हो



सकता है। मौके पर डॉ सुरेंद्र भारती, डॉ शंकर, प्रदीप कुमार, आरा मुखिया अजय यादव, दुलारचंद यादव, रोहित भारती, गणेश नारायण साव, लखन साव, विशु दांगी, अशोक भारती, गुड़िया देवी, धर्मनाथ ठाकुर, केदार दांगी, संजय यादव, लखन साव, बनवारी साव, तापेश्वर सिंह समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# नगर निगम ने चलाया स्वच्छ दिवाली, शुभ दिवाली अभियान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद** : नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत के विभिन्न वार्डो में स्वच्छ दिवाली शुभ दिवाली अभियान चलाया जा रहा है । इस अभियान अंतर्गत विभिन्न निगम शाखा एवं स्टेकहोल्डर अलग अलग कार्यक्रम किया जा रहा है जिसका संदर्ब एकल प्लास्टिक का उपयोग ना करने की अपील, एकोफ़्रिण्डली प्रोडक्ट का इस्तेमाल, मिट्टी से बनी दिया एवं मूर्ति का प्रयोग करने की अपील, पटाका का इस्तेमाल ना करने की अपील एवं सबसे महत्वपूर्ण मोहल्ला एवं शहर को स्वच्छ रखने की अपील। उक्त कार्यक्रम हेतु प्लेज/सिग्नेचर कैंपेन चलाया जा रहा है जिसका लिंक

https://pledge.mygov.in/swachh-diwali-shubh-diwali/ निगम ने धनबाद वासियों से अनुरोध किया है कि ज्यादा से ज्यादा प्लेज सर्टिफिकेट को लिंक के माध्यम से जुड़कर अपनी सहभागित दर्ज कराए ।

# कतरास में चला विशेष वाहन जांच अभियान कई लोगों का कटा चालान



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता)** : कतरास थाना क्षेत्र के राहुल चौक में स्थानीय पुलिस और परिवहन पदाधिकारी एएसआई विलियम पन्ना ने विशेष वाहन जांच अभियान चलाया। परिवहन पदाधिकारी विलियम पन्ना ने बताया कि वरीय अधिकारी के निर्देशानुसार विशेष वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। मोटर वाहन अधिनियम की धाराओं के तहत लोगों पर कार्रवाई की जा रही है और ऑन द स्पॉट चालान काटा जा रहा है। बगैर हेलमेट के लिए 1000 जुर्माना, लाइसेंस नहीं होने पर 5000 एवं दो पहिया वाहनों पर ट्रिपल लोडिंग होने पर 1000 का ऑनलाइन चालान काटा गया। विलियम पन्ना ने बताया कि नागरिकों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है। लोगों से अपील भी की जा रही है कि वाहन चलाते समय सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों का पालन अवश्य करें।

# बच्चों ने सजाई रंगोली, दीपों से जगमग हुए सेंट जेवियर स्कूल



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता)** : सेंट जेवियर स्कूल शालीमार में बच्चों ने रंगोली सजाकर दीये जलाए। टिमटिम करते दीपों की रोशनी से विद्यालय परिसर जगमगा उठे। बच्चों की रंगोली को लोगों ने खूब सराहा दीपावली के शुभ अवसर पर बच्चों ने दीपक, दीपावली घर और विभिन्न प्रकार के रंगोली बनाई है। इस मौके पर स्कूल की ओर से रंगोली प्रतियोगिता हुई। जिसमें बच्चों की अद्भुत कलाकारी देखने को मिला। रंगोली में बच्चों ने दिवाली गो ग्रीन, फूल से रंगोली बनाकर दिवाली के विचारों को दर्शायाद्ध बच्चों की रंगोली को लोगों ने खूब सराहा। स्कूल के निदेशक आर पीटर साह ने सभी को दिवाली और छठ की हार्दिक बधाई और शुभकामना दिए और स्कूल के प्रार्चाय पुनीत साह ने सभी बच्चों को दिवाली पर अपने अंदर के भेदभाव के अंधकार को दूर करने का संदेश दिए। प्रार्चाय पुनीत साह ने कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों का आत्म विश्वास बढ़ता है साथ ही उनकी प्रतिभा निखरती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में मिस कोमल, प्रीति, सर्वानि, ममता, आएशा कुरेशी, मनोज लोचन, मुकेश, रोबिन सहित सभी शिक्षकगण की अहम भूमिका रही। प्रतियोगी को दो ग्रुप में बांटा गया था। जूनियर ग्रुप कक्षा 2 से कक्षा 5 के बच्चे थे और सीनियर ग्रुप में कक्षा 6 से कक्षा 10 के बच्चे थे द्य विजेता बच्चों के नाम क्रमशः इस प्रकार हैं राजनंदनी, प्राची सिंह, सौरभ सिंह, नंदिनी कुमारी, सूफिया प्रवीण, जैनब जहां, रुखसार, शिवानी सिंह।

# गिरिडीह में स्वयं सहायता समूह के महिला सदस्यों ने जल दिवाली मनाया



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता)** : भारत सरकार एवं झारखण्ड सरकार के विभागीय दिषा निर्देष के आलोक में नगर निगम गिरिडीह के अंतर्गत स्वयं सहायता समूह के महिला सदस्यों ने जल दिवाली मनाया। जिसके अंतर्गत समूह के सदस्यों एवं नगर निगम के पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने खण्डोली वाटर ट्रिटमेंट प्लांट का भ्रमण किया साथ ही जलापूर्ति के विषय में विस्तृत जानकारी विषेषज्ञों के द्वारा दिया गया। जल दिवाली के तहत् निकाय में उपलब्ध कराये जा रहे जल के विषय में जानकारी दी गई।

# गिरिडीह ताइक्कांडो टीम ने 2 स्वर्ण एक रजत पदक जीता

## कुल 6 पदक राज्य स्तरीय कैडेट और सिनियर ताइक्कांडो प्रतियोगिता में अपने नाम किया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह** : दो दिवसीय देवघर स्थित स्पोर्ट्स कंपलेक्स, कुमैठा में हुए 23वी झारखंड राज्य स्तरीय सीनियर एवं 9वी झारखंड राज्य स्तरीय कैडेट ताइक्कांडो प्रतियोगिता में भाग लेने गिरिडीह के आठ सदस्यीय टीम जिसमे 6 खिलाड़ी और 1कोच और 1मैनेजर देवघर गए हुए थे जिसमे सभी 6 खिलाड़ी पदक अपने नाम करने में कामयाब रहे। गिरिडीह जिला ताइक्कांडो संघ के महासचिव अमित स्वर्णकार ने बताया कि इस प्रतियोगिता में भाग लेने गिरिडीह के 6 खिलाड़ी कृतिका बर्मन, पल्लवी साहा, सौरभ कुमार, अभिजीत सिंह,नयन भट्टाचार्य और नितिन कुमार कोच आकाश कुमार स्वर्णकार और टीम मैनेजर मोहमद कुर्बान अली के साथ देवघर गए थे जिसमे गिरीडीह टीम का प्रदर्शन हर बार की तरह इस बार भी बेहतर रहा और सभी खिलाड़ी



पदक जीतने में कामयाब रहे। पदक जीतने वाले में सिनियर क्यूरोगी में 73 किलोग्राम भार में खेलते हुए कृतिका बर्मन ने स्वर्ण पदक और नितिन कुमार ने सिल्वर मेडल अपने नाम किया वही सिनियर पूमसे इवेंट में नयन भटाचार्य ने रजत पदक अपने नाम किया । वही फ्रेशर क्योरोगी के अंडर 54 किलोग्राम में खेलते हुए पल्लवी कुमारी ने भी स्वर्ण पदक और सौरभ कुमार तथा अभिजित कुमार ने कांस्य पदक जीत के एक बार फिर गिरीडीह का नाम रौसान करने में कामयाब रहे। उन्होंने बताया कि ये प्रतियोगिता झारखंड ताइक्कांडो संघ के देख रेख में देवघर जिला ताइक्कांडो के द्वारा आयोजित किया गया था जिसमें राज्य भर के विभिन्न जिलों से लगभग 600 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। इस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीत कर कृतिका बर्मन ने अपना स्थान झारखंड टीम में सुनिश्चित कर लिया है अब वो आगामी माह में होने वाले राष्ट्रीय सीनियर ताइक्कांडो प्रतियोगिता में झारखंड टीम की ओर से खेले गि। उन्होंने विश्वास जताया है की अब ये खिलाड़ी राष्ट्रीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता में भी अपना परचम लहराए गे। खिलाड़ियों के सत प्रतिशत उपलब्धि पर गिरिडीह जिला ताइक्कांडो संघ के अध्यक्ष सुमिर कुमार शर्मा , संरचक पूर्व विधायक निर्भय सहाबादी, महासचिव अमित स्वर्णकार, के अलावा मनोहर वर्मा, आकाश कुमार स्वर्णकार,ज्योति कुमार, रोहित रॉय, शशिकांत विश्वकर्मा, राजकुमार, पंकज कुमार तथा ताइक्कांडो खिलाड़ी तनिषा आर्या, सूफी परवीन, ज्यैनब परवीन, कोमल कुमारी, श्लोक कुमार, कृतार्थ, आयुष, अर्पिता, नव्या सिंह, काव्या सिंह और अन्य सभी खिलाड़ियों ने सभी विजेता खिलाड़ियों को जीत की बधाई और राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए अपनी शूभकामना दी।

# जन शिकायत कोषांक के प्रभारी पदाधिकारी ने सुनी लोगों की शिकायतें



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद** : जन शिकायत कोषांक के प्रभारी पदाधिकारी नियाज अहमद ने शुक्रवार को समाहरणालय के सभागार में जिले के विभिन्न क्षेत्र से आए लोगों की शिकायतों को सुना।

लोगों के आवेदनों को प्राप्त कर संबंधित पदाधिकारी को शिकायत एवं समस्याओं के निष्पादन हेतु भेजा गया।

जनता दरबार में पारिवारिक मामले, स्वास्थ्य संबंधित मामले, रोजगार एवं शिक्षा से संबंधित मामले, जमीन से जुड़े मामले, प्रमाण पत्र निर्गत करने, मारपीट के मामले, लॉ एंड आर्डर से संबंधित मामले, सरकारी भूमि पर अतिक्रमण के मामले सहित अन्य शिकायतें प्राप्त हुई।

# उत्क्रमित मध्य विद्यालय बंदगारी में शिक्षक रहते हैं नदारत

## इधर-उधर खेलते कूदते नजर आते हैं बच्चे



**बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता)** : प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बंदगारी मैं शिक्षक हमेशा नदारत नजर आते हैं उक्त बात वहां के स्थान में ग्रामीणों ने कहीं इसके साथ ही ग्रामीणों ने कहा कि विद्यालय में चार शिक्षक कार्यरत है जिसमें शिक्षक हाजिरी बनाकर हमेशा नजारत नजर आते हैं वही बच्चे विद्यालय समय में खेलते कूदते वा इधर-उधर भटकते नजर आते हैं। शुक्रवार को इसको लेकर स्थानीय लोगों ने भी सवाल खड़ा किया। इसके साथ ही आपको बता दे की उत्क्रमित मध्य विद्यालय बंदगारी शिक्षक की लापरवाही के कारण बच्चों की भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है।

# धनतेरस की खरीदारी को लेकर बाजार में उमड़ी भीड़ लोगों ने खरीदे बर्तन, जेवर व इलेक्ट्रॉनिक सामान

पप्पु वर्मा@प्रभात मंत्र

**गिरिडीह** : ज़िले शुक्रवार को धनतेरस को लेकर खूब भीड़ रही। इस मौके पर लोगों ने बर्तन, जेवर, कपड़े, मिठाइयां दिवाली के लिए कई प्रकार की खरीददारी की। सुबह से ही गिरिडीह ज़िले के कालीबाड़ी व, मकतपुर , बड़ा चोक , कचहरी चोक, अलकापुरी , बोड़ो, पचंबा में लोग बड़ी संख्या में धनतेरस के लिए खरीददारी करने पंहुचे। इस मौके पर बर्तन की दुकानों पर खासी भीड़ रही और लोगों ने इस शुभ दिन अपने घर के लिए बर्तन खरीदे। इसके अलावा इलेक्ट्रानिक्स वस्तुओं की दुकानों



पर भी लोग सामान खरीदने के लिए पहुंचे। धनतेरस पर चांदी, पीतल आदि धातुओं की वस्तुओं को खरीदना भी शुभ माना जाता है। लोगों ने अपनी अपनी हैसियत के अनुसार वस्तुएं खरीदीं। दिवाली में संबंधियों दूर पार ब्याही बेटियों के लिए मिठाई भी लोगों ने खरीदी। गिरिडीह में दिवाली में मिठाइयां बांटने की भी परंपरा है। इसके अलावा दिवाली के लिए नए क्लेंडरों, लड़ियों, दियों अन्य सामान की भी खूब बिक्री हुई।इधर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरे शहर के जाम को लेकर पुलिस प्रशासन मुस्तेज दिखे। वही चौक चौराहे पर प्रशासन द्वारा बैरिकेटिंग की भी सुविधा की गई थी ।

# वायु प्रदूषण के खिलाफ भौरा गौरखूंटी में चला हस्ताक्षर अभियान, विरोध में लोगों का लगा तांता

प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया** : ग्रीन लाइफ एवं युथ कॉन्सेप्ट, दलित शोषण मुक्ति मंच के संयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार को भौरा गौरखूँटी में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इस अभियान में भौरा के लोगों ने खुलकर हस्ताक्षर किया और इस कार्यक्रम को समर्थन के साथ संघर्ष के लिए संकल्प लिया। यह हस्ताक्षर अभियान जो संयुक्त रूप से किया जा रहा है दिनांक 4 दिसंबर 2023 को राष्ट्रपति तथा जिला धनबाद उपायुक्त को सुपुर्द किया जाएगा। ज्ञात हो की बीसीसीएल प्रबंधन द्वारा सुरक्षा नियमों को तथा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के




दिशानिर्देशों को ताक में रखकर उनके द्वारा नियुक्त किए गए ठेकेदारों के माध्यम से धड़ल्ले से वायु प्रदूषण फैलाने का काम किया जा रहा है जिसमें आम लोग गंभीर बीमारियों के चपेट में आ रहे हैं। वहीं सिविल सर्जन, धनबाद के अनुसार इस तरह का धुल एवं कोल डस्ट के वजह से आठ प्रकार के घातक जानलेवा बीमारी फैलने की संभावना है। इस प्रकार सरकारी उपेक्षा के खिलाफ एकजुट होकर ज़ोरदार आवाज़ बुलंद करने की ज़रूरत है। इस अभियान में बीसीकेयू के केंद्रीय सचिव दिलीप चक्रवर्ती, ग्रीन लाइफ के संयोजक डॉ मनोज सिंह, युथ कांसेप्ट के संयोजक अखलाक अहमद, शिवनारायण पासवान, दलित शोषण मुक्ति मंच के राज्य अध्यक्ष शिव बालक पासवान, फूलचंद महतो, बीसीकेयू के क्षेत्रीय सचिव रंजीत यादव, मो असलम, दुकालू दास बीपी, मो कासिम, सहित सैकड़ों लोगों ने भाग लिया।

# सामाजिक संगठन जनता की आवाज ने गरीब बच्चों के बीच मनाई दिवाली



**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता)** : प्रखंड क्षेत्र के चोंगाखार पंचायत के ग्राम परसबनी में शुक्रवार को सामाजिक संगठन जनता की आवाज ने गरीब एवं आदिवासी बच्चों के बीच मिठाई एवं पटाखे का वितरण कर दिवाली मनाई। इस बीच मुख्य अतिथि जिप सदस्य प्रभा वर्मा ने कहा कि दिवाली का असली आनंद इन्हीं गरीब बच्चों के बीच मनाने से आता है। वहीं विशिष्ट अतिथि सरिया बगोदर एसडीपीओ नौशाद आलम ने बच्चों के बीच मिठाइयां बांटकर बच्चों के साथ दिवाली मनाये तथा उन्होंने कहा कि त्योहारों से जाति पाती का भेदभाव मिटता है।

# चयनित पैक्सों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद** : जिला सहकारिता पदाधिकारी रूमा झा की अध्यक्षता में जिला सहकारिता बैंक के सभागार में चयनित पैक्सों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यशाला में बताया गया कि उपरोक्त योजना के तहत प्रथम चरण में धनबाद जिले के 43 तथा पूरे झारखंड के 1500 पैक्सों को का कंप्यूटरिकरण किया जाना है। इस कार्यक्रम में उपस्थित पैक्स के प्रतिनिधियों को कंप्यूटरिकरण योजना के बारे में बताया गया। इस दौरान प्रथम चरण में चयनित 43 पैक्सों में से 14 पैक्सों के कंप्यूटरिकरण की प्रक्रिया पूर्ण की गई, साथ ही इन्हें आईडी और पासवर्ड भी उपलब्ध कराया गया। मौके पर जिला सहकारिता पदाधिकारी रूमा झा, डीडीएम नाबार्ड रवि लोहानी, डीसीसीबी धनबाद के सीईओ पुष्कर भगत, आईटी मैनेजर रमन श्रीवास्तव समेत चयनित पैक्स उपस्थित थे।

# ग्रामीण परिवेश के थीम पर हो रहा है काली पूजा पंडाल का निर्माण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**कतरास** : श्री श्री सार्वजनिक काली पूजा समिति पोस्ट ऑफिस गली के आयोजकों ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता कर काली पूजा की तैयारियों की जानकारी दी। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए समिति के ईश्वरी नारायण पांडे एवं सौरभ सिंह ने बताया कि इस वर्ष ग्रामीण परिवेश के ऊपर थीम के तहत पूजा पंडाल का निर्माण कार्य किया जा रहा है। धनबाद जिला प्रशासन को पंडाल के माध्यम से ये संदेश देने का काम किया जा रहा है कि कतरास में अधिकांश क्षेत्र ग्रामीण क्षेत्र है। कतरास को नगर निगम क्षेत्र में न रखकर ग्राम पंचायत में रखा



जाए। इस वर्ष पूजा पंडाल का बजट लगभग 11 लख रुपए का है जो एसके लाइट एंड साउंड मलकेरा के द्वारा बनाया जा रहा है। थीम का काम धनबाद जिले के गोधर के रहने वाले अखिलेश चौहान के द्वारा किया जा रहा है। पोस्ट ऑफिस गली काली पूजा समिति के द्वारा पिछले 23 वर्षों से काली पूजा का भव्य आयोजन किया जाता रहा है। प्रेस वार्ता में ईश्वरी नारायण पांडे, सौरभ सिंह, राहुल रजक, उत्तम चौरसिया, मनीष चौरसिया, अमर राजगढ़िया, बिनोद रजक, अरविंद राजगढिया, अमिताभ ठाकुर, ऋषभ रजक, दिवाकर झा, जीत कुमार, संकेत राजगढ़िया, अंजनी, प्रकाश, राज सिन्हा, अमन रजक समेत अन्य लोग शामिल थे।

# असफी कैंसर संस्थान ने किया रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद** : असफी कैंसर संस्थान में दिवाली के शुभ अवसर पर दिया, बोर्ड सजा एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।प्रतियोगिता में कैंसर संस्थान के विभिन्न विभाग के लोगो ने भाग लिया। रंगोली के द्वारा, स्तन कैंसर, लंग कैंसर, सर्विक्स कैंसर के कलाकृतियों को पेश कर प्रतिभागोयों ने संदेश देने की कोशिश की। कैंसर रोग के जागगरुक्ता के लिए रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संस्थान के रिसेप्शन परिसर में रंगोली बना कर कैंसर रोग से बचने की जानकारी लोगो तक पहुचाई। रंगोली में मुख्यतः स्तन कैंसर, लंग कैंसर एवं हर प्रकार के कैंसर के चित्र प्रस्तुत किये गए। प्रतियोगिता में 5 सदस्यीय 7 टीमो ने भाग लिया। जिसमे प्रथम स्थान तन्नू कुमारी, प्रियंका कुमारी एवं अंकित, दूसरा स्थान रंजू देवी, संगीता कुमारी, धनराज, अरिजीत तथा तीसरा स्थान अंकित सिन्हा, बॉबी टुडू, दिव्या भट्ट, अजय सिंह के टीम को मिला। इसके अलावा प्रतियोगिता में काजल पाल, प्रीतिकुमारी, बीरेंद्र शर्मा, मनीष कुमार, दिव्या कुमारी, शौकत अंसारी, एहतेशाम, शांतनु, आलोक, कंचन, रम्भा देवी, स्वराज ने भाग लिया। सभी विजेताओं को असफी कैंसर संस्थान के प्रबंधन द्वारा सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। असफी कैंसर संस्थान प्रबंधन ने सभी कर्मचारियों एवं समस्त लोगो को दिवाली की शुभकामनाएं दी। प्रतियोगिता के शुभ अवसर पर असफी कैंसर संस्थान के कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. बिपलब मिश्रा, डॉ. रमेश कुमार, डायरेक्टर उदय सिंह, गोपाल सिंह, संस्थान की एजीएम उपयुक्ता, राकेश दुबे एवं अन्य लोग मौजूद थे।

# दीपावली एवं छठ के अवसर पर पटना के लिए चलायी जाएंगी स्पेशल ट्रेनें

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर** : दीपावली एवं छठ के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनकी सुविधा हेतु रेलवे द्वारा कई स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है । इसी क्रम में नई दिल्ली से बापूधाम मोतिहारी, पुणे से दानापुर एवं उदयपुर सिटी से पटना के लिए स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जायेगा जिनका विवरण निम्नानुसार है -

1. गाड़ी सं. 02351/02352 पटना-आनंद विहार-पटना सुपरफास्ट स्पेशल (क्लोन संपूर्ण क्रांति) - गाड़ी संख्या 02351 पटना-आनंद विहार सुपरफास्ट स्पेशल 21, 23, 25, 27 एवं 29.11.2023 एवं 01.12.2023 को पटना से 16.00 बजे खुलकर अगले दिन 06.00 बजे आनंद विहार पहुंचेगी । वापसी में, गाड़ी संख्या 02352 आनंद विहार-पटना सुपरफास्ट स्पेशल 22, 24, 26, 28 एवं 30.11.2023 तथा 02.12.2023 को आनंद विहार से 08.00 बजे खुलकर उसी दिन 21.55 बजे पटना पहुंचेगी । इस स्पेशल में 1ष्ट का 01 कोच, 2ष्ट के 02 कोच, 3ष्ट के 02 कोच, 3श्व के 05 कोच, शयनयान श्रेणी के 06 एवं साधारण श्रेणी के 03 कोच होंगे ।

2. गाड़ी सं. 09817/09818 कोटा-दानापुर-कोटा फेस्टिवल स्पेशल (सागर-दमोह-कटनी-सतना-प्रयागराज छिवकी-डीडीयू के रास्ते) - गाड़ी संख्या 09817 कोटा-दानापुर फेस्टिवल स्पेशल 13, 16, 19 एवं 23.11.2023 को कोटा से 09.50 बजे खुलकर अगले दिन 08.45 बजे दानापुर पहुंचेगी । वापसी में, गाड़ी संख्या 09818 दानापुर-कोटा फेस्टिवल स्पेशल 14, 17, 20 एवं 24.11.2023 को दानापुर से 11.45 बजे खुलकर अगले दिन 08.25 बजे कोटा पहुंचेगी । इस स्पेशल में 2ष्ट के 02 कोच, 3श्व के 10 कोच, शयनयान श्रेणी के 06 एवं साधारण श्रेणी के 02 कोच होंगे ।

3. गाड़ी सं. 01661/01662 रानी कमलापति-दानापुर-रानी कमलापति फेस्टिवल स्पेशल (इटारसी-जबलपुर-कटनी-सतना-प्रयागराज छिवकी-डीडीयू के रास्ते) - गाड़ी संख्या 01661 रानी कमलापति-दानापुर फेस्टिवल स्पेशल 14.11.2023 एवं 21.11.2023 को रानी कमलापति से 14.25 बजे खुलकर अगले दिन 08.45 बजे दानापुर पहुंचेगी । वापसी में, गाड़ी संख्या 01662 दानापुर-रानी कमलापति फेस्टिवल स्पेशल 15.11.2023 एवं 22.11.2023 को दानापुर से 11.45 बजे खुलकर अगले दिन 07.15 बजे रानी कमलापति पहुंचेगी।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# शराब विक्रेता और जुआरियों पर पुलिस ने कसा शिकंजा, कुल 18 गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** जिले में त्योहारों के लेकर शराबियो और जुआरियों के खिलाफ पुलिस ने अपनी कमर कस ली है,पुलिस ने बुधवार को तीन अलग अलग जगहों पर छापेमारी कर कुल 18 लोगो को गिरफ्तार किया है। वही पुलिस अधीक्षक ने गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया की पुलिस अधीक्षक हारीश बिन जमां के आदेशानुसार छापामारी दल का गठन कर लोहरदगा थाना क्षेत्र में जुआ खेल रहे व्यक्तियों के विरूद्ध कड़ी करवाही की गई। इस कार्रवाई में अजय उद्यान के पीछे गौशाला में छापमारी कर 16 लोगो को गिरफ्तार किया है। जिसमे निरज तमेड़ा पिता स्व0 जगेश्वर तमेड़ा,



अमर साहु पिता स्व0 चन्द्रमणी साहु, सोनु तमेड़ा पिता स्व0 अजीत तमेड़ा तीनो बरवाटोली, शशी कुमार महतो पिता स्व0 शैलेन्द्र महतो सा0- पुराना शुक बाजार, पिन्टु साहु पै0 स्व90 प्रकाश साहु सा0- बरवाटोली, अभिशेख कुमार पितरा-अवध किशोर प्रसाद सा0- बरवाटोली, सुजित कुमार पे0-बिन्दु प्रसाद साहु सा0- बरवाटोली, नितिश कुमार पे0-बिरेन्द्र प्रसाद सा0- बरवाटोली, पवन कुमार तमेड़ा पिता स्व0 अजीत कुमार तमेड़ा सा0 बरवाटोली, शक्ति कु0 तमेड़ा पे0- सरबजीत तमेडा सा0- बरवाटोली, जीतन गोश्वामी पे0- बसंत गोस्वामी सा0- बरवाटोली, अभय सिंह पे0-मुरलीधर सिंह, निखित कुमार उर्फ रिंकी पिता- विश्वनाथ वर्मन सा0-सरनाटोली, प्रमीण कुमार पे0 बिरेन्द्र साहु सा0- बरवाटोली, उदय मुखर्जी पे0 - जनार्दन मुखर्जी सा0- राजबंगला, पंकज गोस्वामी पे0 बसंत गोस्वामी सा0 पुराना शुक बाजार सभी थाना जिला-लोहरदगा को गिरफ्तार किया गया।

## धनतेरस में लोगों का दिखा उत्साह आभूषण, बर्तन,मूर्ति,व झाड़ू की खरीददारी में व्यस्त रहे लोग



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 10 नवंबर शुक्रवार को प्रखंड मुख्यालय कैरो मे धनतेरस के शुभ अवसर पर जहाँ एक और सजा रहा बाजार वही दुसरी और लोगो मे नए समान की खरीददारी को लेकर देखा गया खासा उत्साह। इस अवसर पर बड़ी संख्या मे महिला पुरुष दुकानों मे आभूषण, वर्तन, मुर्ति, झाड़ू,टीवी, कम्प्यूटर, चौपहिया वाहन, कुर्सी, पलंग, इत्यादि चीजों की खरीददारी करते व्यस्त दिखाई दिये लोग। वही इस संबंध मे आचार्य कौशल कान्त त्रिपाठी जी ने धनतेरस त्योहार के विषय मे बताया कि,जब सतयुग मे देवासूर संग्राम हुआ तब समुद्र मंथन हूआ था। उक्त समुद्र मंथन मे देव और दानव को अनेक प्रकार के रत्न प्राप्त हुए थे, धर्म ग्रंथ, वेद-पुराणों के अनुसार आज ही के दिन धनतेरस मे भगवान धनवंतरि जी समुद्र से स्वर्ण कलश मे अमृत लेकर प्रकट हुये थे। माता लक्ष्मी और भगवान धनवंतरि आपस मे भाई-बहन है, इसलिए आज के दिन स्वर्ण आभूषण या जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं।

## वन अधिकार का लाभ उन्हें मिलना चाहिए जो इसके हकदार हैं : उपायुक्त

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिला प्रशासन,लोहरदगा अंतर्गत कार्यालय समेकित जनजाति विकास अभिकरण लोहरदगा की ओर से वन अधिकार अधिनियम,2006 को लेकर आज शुक्रवार को नगर भवन, लोहरदगा में जिला स्तरीय बैठक-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि वन अधिकार का लाभ सामुदायिक रूप में लिया जाए। जो सही मायने में इसके हकदार हैं उन्हें मिलना चाहिए। उपायुक्त ने कहा कि आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम नवंबर और दिसंबर में सभी पंचायतों आयोजित किया जाएगा। आप सभी जनप्रतिनिधि,प्रखण्ड पदाधिकारी,अंचल अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में जनता को राज्य सरकार की योजनाओं से लाभान्वित करें। लोहरदगा जिला में यह कार्यक्रम 24 नवंबर से प्रारंभ होगा जो 29 दिसंबर 2023 तक चलेगा। अगर किसी क्षेत्र में सड़क, पुल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र,प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र,विद्यालय आदि बुनियादी संरचना में किसी प्रकार की समस्या है या आवश्यकता है तो उससे संबंधित आवेदन इसमें प्राप्त किया जा सकता है। इसी प्रकार राजस्व विभाग से संबंधित म्युटेशन के आवेदन या सक्सेसन म्युटेशन से संबंधित अन्य आवेदन इस अभियान में प्राथमिकता के तौर पर लिये जाएंगे। साथ ही,अन्य विभागों की योजनाओं से संबंधित भी आवेदन लिये जाएंगे। उपायुक्त ने कहा कि सरकार ने अबुआ आवास योजना प्रारंभ की है। इसमें वैसे जरूरतमंद लोगों को जोड़ा जाएगा जिन्हें बीते कई वर्षों में भी आवास मिला है। इसमें वैसे जरूरतमंदों की पहचान कर इस सूची में शामिल किया जाए। कार्यक्रम में वन प्रमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार ने कहा कि वन अधिकार अधिनियम अंतर्गत वनाधिकार समिति का गठन किया जाना है। वन अधिकार का लाभ प्रथम चरण में वर्ष 2009 से 2012 तक,द्वितीय चरण में वर्ष 2015 से 2018 तक दिया गया। अब सरकार तीसरा चरण प्रारंभ कर रही है। इसमें व्यक्तिगत पट्टा और सामुदायिक पट्टा जाएगा। लाभुकों के चयन में सावधान बरता जाना अतिआवश्यक चरण है। इसमें ग्रामसभा की भूमिका अहम है। वनाधिकार समिति में उक्त गांव के 50 प्रतिशत व्यस्क सदस्य भाग लेंगे जिनमें 10 से 15 सदस्यों का चयन किया जाएगा। इसमें दो तिहाई अनुसूचित जनजाति वर्ग के सदस्य होंगे। अनुसूचित जनजाति वर्ग के सदस्य नहीं होने पर एक तिहाई महिला सदस्य होना आवश्यक है। व्यस्क मतदाताओं की सूची का सत्यापन अनुमण्डल पदाधिकारी के स्तर से किया जाएगा। लाभुकों के सूची की जांच में वनकर्मी का उपस्थित रहना आवश्यक है ताकि सही सामुदाय या व्यक्ति को उसका लाभ मिल सके।आज के कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी,अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार,जिला कल्याण पदाधिकारी नारायण राम,समेत जिला परिषद अन्य सदस्यों, प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों आदि ने अपने विचार रखे। आज के कार्यक्रम में किस्को के जिप सदस्य संदीप कुमार,सेन्हा की जिप सदस्य राधा तिर्की,प्रखण्ड प्रमुख, मुखिया,वन क्षेत्र पदाधिकारी,सभी वनरक्षी, सभी वन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष/सचिव, सभी पंचायत सचिव आदि शामिल हुए।

# माता-पिता संग सम्मानित की गई अल्पना शैली उरांव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** एमएल अग्रवाल एसवीएम इंटर कॉलेज में शुक्रवार को राष्ट्रीय और क्षेत्रीय स्तर पर मेडल जीतने वाले छात्र-छात्राओं का अभिनंदन समारोह आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में संघ के नगर संघचालक पुष्कर महतो,समिति के उपाध्यक्ष विनोद राय, सचिव अजय प्रसाद,अभिभावक नरेश कुमार एवं राखी उरांव और महाविद्यालय के प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने संयुक्त रूप से भगवान बिरसा मुंडा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर अभिनंदन समारोह का शुभारंभ किया। हाल ही में नेशनल एथलेटिक्स बेतिया बिहार से भाला फेंक में स्वर्ण पदक जीतकर आई कक्षा 11वीं की छात्रा अल्पना शैली उरांव को उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। उनके माता-पिता क्रमशः राखी उरांव एवं नरेश



कुमार को भी अंग वस्त्र और उपहार भेंट कर मंच पर सम्मानित किया गया। इसके अलावा राष्ट्रीय एथलेटिक्स में ऊंची कूद में सुजल बाखला और 6 किलोमीटर क्रॉस कंट्री दौड़ एवं 3000 मीटर दौड़ में सहभागिता निभाने वाले छात्र रोहित उरांव को भी उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके पूर्व रजरप्पा में संपन्न क्षेत्रीय एथलेटिक्स में भी मेडल जीतने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। जिसमें उक्त छात्र-छात्राओं के अलावा आकांक्षा पांडे, पूनम कुमारी,नैतिक राज,नीलिमा लकड़ा, अभय साहू शामिल है। मार्गदर्शक शिक्षिकाओं में राष्ट्रीय स्तर के लिए यशोदा कुमारी और क्षेत्रीय स्तर के लिए रेणु कुमारी को भी सम्मानित किया गया।

# विद्वत परिषद की बैठक एवं बालक बालिका व्यक्तित्व विकास प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में आज विद्यालय स्तरीय विद्वत परिषद की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर बैठक की अध्यक्षता करते हुए श्री कृपा प्रसाद सिंह जी ने कहा की बालकों का सर्वांगीण विकास करना ही हमारा प्रथम कर्तव्य है। शिक्षा एवं अनुशासन तथा समय के सदुपयोग से ही इसे प्राप्त किया जा सकता है । समाज एवं राष्ट्र के कल्याण के नियमित बालकों का सर्वांगीण विकास आवश्यक है। हमें बच्चों को संस्करवार बनाना है। अभिभावक संपर्क की निरंतर आवश्यक है नवीन शैक्षणिक पैटर्न का विकास करना है। पाठ्यक्रम के अनुरूप चलना है तथा पैटर्न का विकास करना है। बच्चों को



समझ कर पढ़ना है। अधिगम पर ध्यान देना है। बच्चों को इस तरह समझ कर पढ़ना है कि बच्चे स्वयं प्रश्न का निर्माण कर सकें। शिक्षा में राष्ट्रीयता के भाव का समावेश हो स्वाध्याय आवश्यक हो शिक्षा के प्रति एवं बालकों के विकास के निमित्त अभिभावक सक्रिय रहे। शिशु के सुलेख पर विशेष ध्यान देना चाहिए। बच्चों को प्रेम एवं प्रोत्साहन समय-समय पर देते रहना चाहिए।गृह कार्य की पूर्णता पर ध्यान अवश्य दें। शिशु के प्रति पैनी निगाह रखें ।आचार्य की वाणी में मधुरता हो शिशु के मनोभाव का आदर करें। कॉपी की जांच सही रूप से हो समाज के सभी वर्ग के लोगों को शिक्षा से जोड़ना चाहिए। आज के इस बैठक में राम विलास सिंह, शिव शंकर सिंह,अशोक कुमार सिंह एवं त्रिलोचन साहू उपस्थित थे।

## राजकीय कृत मध्य विद्यालय में जिला स्तरीय 31वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का हुआ आयोजन

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** राजकीय कृत मध्य विद्यालय नवाडीपाड़ा के सभागार में जिला स्तरीय 31वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला निबंधन पदाधिकारी सुभाष दत्ता, हिंडालको सी एस आर प्रभारी नीरज कुमार, समिति के अध्यक्ष डॉ गणेश प्रसाद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि सुभाष गुप्ता ने विभिन्न प्रखंडों से आए बाल वैज्ञानिकों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आप में से ही कोई आने वाला भविष्य का डॉक्टर कलाम हो सकता है। लोहरदगा जिला आबादी क्षेत्रफल में भले ही छोटा हो लेकिन प्रतिभा में सबसे आगे है। साइंस फॉर सोसाइटी निश्चित ही धन्यवाद के पात्र हैं,जिन्होंने लोहरदगा जिला के बाल वैज्ञानिकों को इतना बड़ा मंच प्रदान कर रहे हैं। हिंडाल्को के नीरज कुमार ने कहा कि समय-समय पर साइंस फ़ॉर सोसायटी सामाजिक कार्यों में अग्रसर रहती है और मैं आशा करता हूं कि समिति के सदस्य अपना योगदान इसी तरह देते रहेंगे। महान वैज्ञानिकों ने अभाव में भी बड़े-बड़े आविष्कार किए हैं। निश्चित ही हमारे बाल वैज्ञानिक का परियोजना किसी नए रिसर्च का आधार बनेगा। समिति के अध्यक्ष डॉक्टर गणेश प्रसाद ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि सोसाइटी विगत 30 वर्षों से बाल वैज्ञानिकों को नए शोध के साथ आगे बढ़ाने के लिए प्रेरणा तथा मंच प्रदान कर रही है और भविष्य में भी हम इसी प्रकार हमेशा सदैव तत्पर रहेंगे। सलाहकार संजय बर्मन ने कहा कि एक छोटे से गांव के निर्धन परिवार से आगे बढ़कर जिस तरह डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम विज्ञान के क्षेत्र में देश का नाम रोशन किया, आप सभी को उनसे प्रेरणा जरूर लेनी चाहिए। उन्होंने भारतीय वैज्ञानिकों के बारे में बच्चों को बताया। समिति के सचिव राहुल कुमार ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि साइंस फॉर सोसाइटी लोहरदगा इकाई कोरोना काल को छोड़कर प्रत्येक वर्ष बाल विज्ञान कांग्रेस का आयोजन किया है। इस जिले से अभी तक करीब 15 से अधिक बच्चे राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी प्रस्तुति प्रदर्शित कर चुके हैं। उन्होंने सभी उपस्थित बाल वैज्ञानिकों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं दी। विद्यालय के प्रधानाध्यापक सह सोसाइटी के उपाध्यक्ष अरुण राम ने बाल वैज्ञानिकों को अपने संदेश में कहा की आप निडर होकर अपनी प्रस्तुति दें आप में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। मेहनत करने वालों की कभी हार नहीं होती है। आगामी 24 से 26 नवंबर को रांची में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस के निमित्त आज के मूल्यांकन कार्यक्रम में रोहित लोहार,रेशमा उरांव,मुस्कान खातून, गौसिया मुस्कत,कोमल सिंह,शिफा नाज,पूजा कुमारी दल द्वारा निर्मित प्रोजेक्ट का चयन किया गया। साइंस फॉर सोसाइटी की और से सभी चयनित बाल वैज्ञानिकों को मोमेंटो प्रदान कर पुरस्कृत एवं प्रोत्साहित किया गया। निर्णायक मंडल में वी के बालांजिनप्पा, नवनीत कुमार गौड़,आलोक कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आज के कार्यक्रम में डॉ पी पी सिन्हा,प्रवीण कुमार,ओमप्रकाश कसेरा,प्रोफेसर स्नेह कुमार,संजीव रंजन महतो, राणा सुमित शर्मा,रूपा कुमारी,शुभम सिंह, जेबा कौशर,गीता चौरसिया,चंद्रिका कुमार पांडे, स्मृति कुमारी,आस्था कुमारी के साथ-साथ बहुत संख्या में मार्गदर्शक शिक्षक उपस्थित हुए।

# धरती आबा प्रश्नमंच में ज्योति प्रिया कुजूर बनी विजेता

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय में जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य पर धरती आबा प्रश्नमंच प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस प्रतियोगिता में सभी प्रश्न भगवान बिरसा मुंडा की जीवनी और उपलब्धियां से पूछे गए। कक्षा 11वीं के भगवान बिरसा मुंडा सदन से ज्योति प्रिया कुजूर प्रतियोगिता की विजेता बनी। दूसरा स्थान तिलकामांझी सदन से किरण कुमारी



और तीसरा स्थान फूलों-झानो सदन से अनाया सिंह ने प्राप्त किया। दर्शक दीर्घा से प्रश्नचक्र में पुरस्कार जीतने वालों में अभय साहू, नितेश उरांव, पलक कुमारी, अजय उरांव, रितु कुमारी एवं रंजीत टोप्पो शामिल है। प्रश्नकर्ता की भूमिका प्रीति कुमारी गुप्ता और निर्णायक की भूमिका चेतना प्रिया तथा टाइम कीपर की भूमिका कविता कुमारी ने निभाई।

# डॉ. रामेश्वर उरांव ने विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर विभिन्न योजनाओं का किया औचक निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** आज दिनांक 10/11/2023 दिन शुक्रवार को माननीय विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव द्वारा लोहरदगा जिले के प्रखंड कैरो,कूडू के विभिन्न ग्रामों का दौरा कर सरकार द्वारा चलाए जा रहे कल्याणकारी योजनाओं का औचक निरीक्षण किया। जिसमे उन्होंने पीएचडी विभाग द्वारा चलाए जा रहे हर घर नल योजना में अनियमितता पाया जिसमे कनेक्शन पाइप की क्वालिटी, गैलवेनाइस स्टैंड की क्वालिटी एवं बोरिंग प्वाइंट आदि में त्रुटि पाया और संबंधित पदाधिकारियों में कारवाई



करने का निर्देश दिया एवं कैरो प्रखंड अंतर्गत हनहट टोंगरी टोला पहुंच जिला परिषद द्वारा किए जा रहे पेयजल आपूर्ति योजना में काफी गड़बड़ी पाते हुए उन्होंने कनीय अभियंता को लगाई फटकार और कहा जल्द इसे दुरुस्त किए जाए अन्यथा सभी पर कार्यवाई की जाएगी। जांच के दौरान सख्त नजर आए मंत्री , सभी पदाधिकारियों को दायित्व निर्वहन के साथ ईमानदारी से कार्य करने का दिया निर्देश,निरीक्षण के क्रम में कैरो प्रखंड अन्तर्गत ग्राम हनहट में विधायक मद से निर्मित पड़्हा भवन का किया उद्घाटन और कहा पड़्हा भवन हमारी धार्मिक, सांस्कृतिक, और सामाजिक केंद्र, आदिवासी कला संस्कृति को बचाने के लिए कर रहे हैं प्रयास आगे भी ग्रामों के विकास के लिए आधारभूत संरचना के साथ साथ आदिवासी संस्कृति कला एवं परंपरा को संरक्षित करने का प्रयास कर रहे हैं क्षेत्र में अखड़ा निर्माण,धुमकुडिया भवन निर्माण, पड़्हा भवन का निर्माण करवाया जा रहा है ।

# बगडू विस्थापित संघर्ष समिति ने किया एक दिवसीय धरना प्रदर्शन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** हिंडाल्को कंपनी के खिलाफ बगडू विस्थापित संघर्ष समिति ने शुक्रवार को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन उपायुक्त कार्यालय के गेट के सामने किया।जिसकी अध्यक्षता बगडू विस्थापित संघर्ष समिति के अध्यक्ष देवेंद्र उरांव ने की। अध्यक्ष देवेंद्र उरांव ने कहा कि हिंडाल्को कंपनी ने जो घोषणा और वादा रैयतों से किया था वह पुरा नही किया गया जिसके चलते बगडू विस्थापित संघर्ष समिति आंदोलन कर रही है और आगे भी करती रहेगी। मुख्य अतिथि पवन तिगूगा ने कहा कि ग्रामीणों की मांगे अगर पुरी




नही हुई तो जोरों से अनशन की तैयारी की जाएगी। इसके लिए प्रशासन और हिंडाल्को कंपनी जिमेवार होगी। इस धरना प्रदर्शन में अनेकों मांगो को रखा गया जिसमें कुछ मुख्य मांगें हैं। प्रभावित क्षेत्र के सार्वजनिक विकास हेतु ग्राम सभा के माध्यम से उस क्षेत्र के व्यक्तियों एंव समाज के विकास हेतु कार्य करना। कंपनी के द्वारा रैयतों को डराना एवं धमकाना बंद किया जाए। समय समय पर खाद्य बीज उपलब्ध करवाना। माइंस से प्रभावित क्षेत्रों में मेडिकल की समुचित व्यवस्था कराना। माइनिंग क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध कराया जाए। इस तरह के अनेकों मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया।

# झारखंड पार्टी जिला कार्यालय में बैठक का हुआ आयोजन 11 दिसंबर को होगा कार्यकर्ता सम्मेलन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** झारखंड पार्टी सिमडेगा की आवश्यक बैठक शुक्रवार को सिमडेगा थाना के सभी झारखंड पार्टी के जिला कार्यालय में आयोजित की गई ,बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मतीयस बागे के द्वारा की गई। बैठक में मुख्य रूप से झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री एनोस एक्का मौजूद रहे। मौके पर केंद्रीय अध्यक्ष ने कहा कि कार्यकर्ताओं के बल पर ही झारखंड पार्टी दिन प्रतिदिन आगे बढ़ रही है और जमीन से जुड़कर काम कर रही है ।आप सभी कार्यकर्ता क्षेत्र में जाकर झारखंड पार्टी के नीति सिद्धांतों को अवगत



कराते हुए अधिक से अधिक लोगों को झारखंड पार्टी में शामिल करें, इसके अलावा क्षेत्रीय समस्याओं को प्राथमिकता के तौर पर दूर करवाने का काम करें जिससे कि लोगों में झारखंड पार्टी के प्रति विश्वास बढ़े। उन्होंने आगे कहा कि आगामी लोकसभा विधानसभा चुनाव में झारखंड पार्टी पूरे जोर शोर के साथ चुनाव लड़ेगी और इसकी तैयारी अभी से ही शुरू हो चुकी है इसलिए सभी कार्यकर्ता पूरे मन के साथ कार्य में जुट जाए ,उन्होंने बताया कि कार्यकर्ताओं को एक सूत्र में बांधने तथा संगठन की मजबूती के लिए आगामी 11 दिसंबर को सिमडेगा में झारखंड पार्टी की कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

## धनतेरस को लेकर दुकानों में बढ़ायी गई सुरक्षा व्यवस्था

**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** त्यौहार के अवसर पर धनतेरस के मद्देनजर प्रशासन मुस्तैद। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार दीपावली और धनतेरस त्यौहार के मौके पर थाना प्रभारी ने ग्राहकों द्वारा खरीददारी और भीड़ के मद्देनजर थाना क्षेत्र के भिन्न ज्वेलरी तथा बड़े



दुकानों में सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता इन्तिजाम किया गया है। वही थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि धनतेरस में खरीदारी को लेकर दुकानों में भीड़ रहती है। और धनतेरस के अवसर पर ग्राहक अपने पसन्द का वस्तु खरीदते हैं। जिसे दुकानों में भीड़ होने से खरीद बिक्री करने में काफी परेशानी होती है। साथ ही चोरी या लूटपाट होने की अधिक सम्भवना रहती है। जिस निमित पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां के निर्देशानुसार सुरक्षा व्यवस्था का इन्तिजाम किया गया है। जिसे शांति और सौहार्द के साथ त्यौहार सम्पन्न हो।

# उत्कृष्ट कार्य के लिए हुए सम्मानित धर्मेंद्र देव एवं सीपी पाठक को संघ ने दी विदाई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** जिला अधिवक्ता संघ लोहरदगा के द्वारा विधिक सेवा दिवस के अवसर पर विधिक सेवा प्राधिकार से जुड़े अधिवक्ता लाल धर्मेंद्र देव एवं सीपी पाठक को उत्कृष्ट कार्य करने वाले पैनल अधिवक्ता के रूप में वर्ष 2023 का उत्कृष्ट अधिवक्ता घोषित किए जाने पर उन्हें जिला अधिवक्ता संघ लोहरदगा के अध्यक्ष डॉक्टर प्रमोद कुमार पुजारी, उपाध्यक्ष अमिंद्र सिंह, महासचिव लाल दीपक नाथ सहदेव, सह सचिव विक्रम कुमार, सह कोषाध्यक्ष पवन कुमार, कार्यकारिणी सदस्य फुन्नी साहू, नरेंद्र मिंज,विनय साहू, अजय लकड़ा, नवल अग्रवाल, मोमिना खातून,उज्जवल कुमार, कविता कुमारी, चन्द्रशेखर कुमार, राकेश अखौरी, बुधनाथ साहू, देवाशीष कर इत्यादि लोगों ने बधाई दी।

# क्षेत्र का दौरा कर भाजपा नेता ने सुनी समस्याएं

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** ग्रामीण क्षेत्रों के भ्रमण के क्रम में सिमडेगा ग्रामीण क्षेत्र के पंचायत पिथरा, जमुना खोईर बस्ती के ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को पुर्व भाजपा प्रत्याशी श्रद्धानंद बेसरा को सुनाया। विद्युत समस्या के संबंध में ग्रामीणों ने श्री बेसरा को बताया कि विगत 4 वर्षो से प्रधान टोली, गंझु टोली, पाहन टोली, साहु टोली, पुरना टोली के करीब 250 घरों के निवासी ,अधुरे विद्युतीकरण के कारण अंधेरे में जीवन बसर कर रहे हैं। विद्युतीकरण के नाम से जगह जगह विद्युत पोल गाड़े दिया गया हैं। परन्तु 4 साल बीत जाने पर भी विद्युतीकरण दिवा स्वप्न बन कर



रह गई। ग्रामीणों ने बेसरा को बताया कि जब विद्युतीकरण किया जा रहा था उस वक्त सभी घरों में मीटर लगाने का कार्य किया गया और उस वक्त मीटर लगाने और कनेक्शन देने के नाम पर लगभग सभी घरों से तीन तीन सौ रुपए , राशन नहीं मिलेगा की धमकी देकर रुपए वसूले गए एवं रफूचक्कर हो गए। पांडे बड़ाईक ने बताया कि मुझसे विद्युत कनेक्शन और मीटर लगाने के नाम पर सात सौ रूपए की ठगी की गई। ना विद्युतीकरण किया गया और ना ही कनेक्शन दिए गए। ग्रामीणों ने बताया कि वर्तमान समय में जिनके जिनके घर मीटर लगाए हैं अभी विद्युत आपूर्ति विभाग की ओर से वाट्सएप मेसेज के जरिए विद्युत बिल निर्गत कर भेजा गया है। इस से हम सभी ग्रामीण जनता भयभीत एवं किंकर्तव्यविमूढ़ की स्थिति में हैं। उपरोक्त संबंध में श्री बेसरा ने तत्क्षण विद्युत कार्यपालक अभियंता को मोबाइल के जरिए समस्याओं की जानकारी दिए एवं त्वरित कार्रवाई करते हुए समस्याओं का निदान एवं अधुरे विद्युतीकरण को पुर्ण कराने को कहा। विद्युत अभियंता सिमडेगा ने आश्वासन दिया कि जनवरी 2024 तक में अधुरे विद्युतीकरण को पुर्ण करा दिया जाएगा।

## चलते चलते एक नजर

### भारतीय त्योहार और पर्यावरण के बारे में प्रतियोगिता के माध्यम समझाया गया

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** दिवाली और बाल दिवस की पूर्व संध्या में गरिमा पॉजिटिव फाउंडेशन ने राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय तिरिल रांची के छात्र छात्राओं के साथ जो मजदूर, घरों में काम करने वाले के बच्चो के साथ जो अभाव में जीने के साथ पढ़ाई कर रहे। गरिमा पॉजिटिव फाउंडेशन का उद्देश्य है उन गरीब बच्चो को चेहरे में मुस्कान लाए और वे भविष्य में समाज को क्या वह दे सकते हैं इस परिचर्चा के माध्यम में से बता कर उनको प्रेरित करना कि वह भविष्य अपना निर्धारित कर ले और अच्छी तरह से पढ़ाई करें । इस उद्देश्य को लेकर बच्चों की लालसा पेंटिंग में देखकर जल संरक्षण की थीम पर उन्हें कागज, रंगीन पेंसिल मुहैया करा कर उन्हें अपने मन मस्तिष्क में जो पर्यावरण के संरक्षण में बातें चल रही है उसे उकेरने को कहा गया। पेंटिंग प्रतियोगिता के द्वारा और बच्चों ने जो अपनी सूझबूझ से पर्यावरण जल संरक्षण पर जो पेंटिंग बनाएं वह चकित करने वाला था।स्कूल के प्रधानाचार्य अरुण कुमार और स्कूल की शिक्षिका एस महतो ने बताया गरीब बच्चे हैं अभावग्रस्त होते हैं आसपास की प्राइवेट स्कूल देखकर बच्चे में भी ललक तो रहती है पर गरीब परिवार के होने के नाते बच्चे पढ़ाई मे पीछे छूट जाते इनमे प्रतिभा की कमी नहीं है।

### एनआईए ने अल-कायदा साजिश मामले में 5 के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया




**नई दिल्ली :** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने शुक्रवार को अहमदाबाद (गुजरात) की विशेष अदालत में पांच व्यक्तियों के खिलाफ एक व्यापक आरोप पत्र दायर किया है। इनमें मो. सोजिब मियां, मुन्ना खान, जहांगीर उर्फ अजहरुल इस्लाम, अब्दुल लतीफ और फरीद का नाम है, जो विदेशी नागरिक हैं। इन्होंने अवैध रूप से भारत में घुसपैठ की और गुप्त रूप से अपने आतंकवादी एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए जाली दस्तावेज़ हासिल किए। राजनयिक प्रयासों के माध्यम से इनकी पहचान के लिए एनआईए द्वारा औपचारिक तौर पर अनुरोध किया जा चुका है। ये सक्रिय रूप से भारत में कमजोर मुस्लिम युवाओं को अल-कायदा की चरमपंथी विचारधारा में प्रेरित करने, कट्टरपंथी बनाने और प्रेरित करने और धन इकट्ठा करने और उन्हें सीमा के दोनों ओर स्थित प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन अल कायदा के आकाओं और एजेंटों को हस्तांतरित करने में सक्रिय रूप से लगे हुए थे। दो फरार आरोपित शरीफुल इस्लाम और साहिबा प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन अल-कायदा के सदस्य हैं। ये सीमा पार से गिरफ्तार व्यक्तियों के प्रमुख संचालक हैं। ये भारत में कमजोर मुस्लिम युवाओं को कट्टर बनाने और प्रेरित करने में सहायक हैं।

# राज्य में अगले वर्ष 21 सरकारी अवकाश घोषित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड कैबिनेट के फैसले के बाद कार्मिक विभाग में वर्ष 2024 की सरकारी छुट्टी को शुक्रवार को अधिसूचित कर दिया है। जारी आदेश के अनुसार एनआई एक्ट के अनुसार राज्य में 21 सरकारी अवकाश होगा। कार्यपालक आदेश के तहत 12 सरकारी अवकाश घोषित किया गया है। वर्ष 2024 में कुल 33 सरकारी छुट्टियां होंगी।




वर्ष 24 में होलिका दहन अंबेडकर जयंती महावीर जयंती, सोहराय सोहराय, हूल दिवस,चित्रगुप्त पूजा को रविवार का अवकाश है। इसलिए इस दिन अलग से कोई छुट्टी नहीं दी गई है। कार्मिक विभाग के जारी आदेश के अनुसार चांद के दृष्टि को चरण होने के अनुसार मुस्लिम त्योहार के लिए निर्धारित अवकाश की तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

इसके अलावा राज्य सरकार के अधीन सचिवालय एवं संलग्न कार्यालय में पांच दिवसीय कार्य सप्ताह प्रणाली तथा क्षेत्रीय कार्यों में छह दिवसीय कार्य सप्ताह प्रणाली पहले की तरह लागू रहेगी। अनुसूची तीन में उल्लेखित बैंक लिखा वार्षिक बंदी सरकारी अधिष्ठानों, कार्यालय पर लागू नहीं होगा।

### अयोध्या में दीपोत्सव के लिए आज सुबह से ही 25 हजार वालंटियर्स 51 घाटों पर दीयों में भरेंगे तेल

**एजेंसी**

**अयोध्या :** सातवें दीपोत्सव के लिए अयोध्या पूरी तरह से तैयार हो चुकी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कुशल प्रबंधन में दीपोत्सव में वालंटियर्स के सहयोग से 24 लाख से अधिक दीयों को प्रज्ज्वलित करने की तैयारी पूरी कर ली गई है।

डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने शुक्रवार को बताया कि शनिवार सुबह से ही वालंटियर्स दीयों में तेल भरने का कार्य करेंगे। सभी को एक-एक लीटर की सरसों तेल की बोतलें दी जाएंगी। हर वालंटियर सावधानी पूर्वक 30 दीये में तेल डालेगा। दीये का ऊपरी हिस्सा कुछ खाली रखा जाएगा ताकि तेल घाट पर न गिरे। दीये में तेल डालने के बाद बाती के आगे वाले भाग पर कपूर का पाउडर लगाएंगे, जिससे वालंटियर्स को दीये प्रज्ज्वलित करने में आसानी होगी। प्रत्येक घाट पर दीयों को प्रज्ज्वलित करने के लिए कैंडल, माचिस, डंडे लगे कैंडल तथा अन्य सामग्री घाट के अनुसार निर्धारित दीयों की संख्या के अनुपात में एक ही बार में समन्वयकों को उपलब्ध करा दी जाएंगी।

दीपोत्सव के नोडल अधिकारी प्रो. संत शरण मिश्र ने बताया कि 11 नवंबर का दीपोत्सव अद्भुत, आलौकिक होगा। प्रशासन के सहयोग से कार्य को अंतिम रूप दे दिया गया है। 51 घाटों पर दीयों की सुरक्षा पुलिस प्रशासन एवं विश्वविद्यालय के सुरक्षाकर्मियों द्वारा की जा रही है।

## रांची के अलबर्ट एक्का चौक पर बनेगा देश का पहला गोल फुट ओवरब्रिज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** अलबर्ट एक्का चौक पर देश का पहला गोल फुट ओवरब्रिज बनेगा। इसे बनाने में करीब 18 करोड़ रुपये खर्च होंगे। छह महीने में काम कंप्लीट करने की डेडलाइन है। फुट ओवरब्रिज के निर्माण का काम पश्चिम बंगाल के अलिपुरद्वार की बीआरबीए कंपनी को दी गई है। कंपनी ने अलबर्ट एक्का चौक पर मार्किंग और नापी का काम शुरू कर दिया है। यह फुट ओवरब्रिज काफी आकर्षक तरीके से बनाया जाएगा। अलबर्ट एक्का चौक पर बने गोलंबर के चारों तरफ गोल फुट ओवरब्रिज बनाया जाएगा। सबसे पहले चौक बने शहीद अलबर्ट एक्का की प्रतिमा के लिए नया प्लेटफॉर्म बनाया जाएगा। उसके बाद उस प्लेटफॉर्म पर शहीद अलबर्ट एक्का की प्रतिमा को स्थानांतरित किया जाएगा। फुट ओवरब्रिज के उपर और नीचे चारों तरफ आकर्षक लाइट लगाए जाएंगे। इस तरह का गोल फुट ओवरब्रिज देश में पहली बार रांची में बन रहा है। इससे पहले कोलकाता में गोल फुट ओवरब्रिज बना है, लेकिन वहां रोड क्रॉस करने के लिए एफओबी नहीं है।

## संजय सिंह की राउज एवेन्यू कोर्ट में पेशी 24 नवंबर तक बढ़ाई न्यायिक हिरासत

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** दिल्ली की आबकारी नीति मामले में कथित घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गिरफ्तार आम आदमी पार्टी के नेता और सांसद संजय सिंह की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं. इस मामले में शुक्रवार को संजय सिंह को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया. जहां कोर्ट ने संजय सिंह की न्यायिक हिरासत को एक बार फिर बढ़ा दिया है. संजय सिंह की न्यायिक हिरासत 24 नवंबर तक बढ़ा दी गई है.संजय सिंह की न्यायिक हिरासत की अवधि पूरी होने पर उन्हें स्पेशल जज एम के नागपाल की कोर्ट में पेश किया गया था. जहां से कोर्ट ने संजय सिंह को एक बार फिर न्यायिक हिरासत में



भेज दिया.अदालत से निकलते वक्त संजय सिंह ने बड़ा आरोप लगाया है. संजय सिंह ने अरविंद केजरीवाल को लेकर कहा कि केजरीवाल के खिलाफ उनको फंसाने की बहुत बड़ी साजिश है. उन्होंने कहा कि सिर्फ गिरफ्तारी नहीं, यह लोग केजरीवाल के साथ बड़ी घटना को अंजाम देने वाले हैं.गौरतलब है कि दिल्ली के आबकारी घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने पांच अक्टूबर को आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह को गिरफ्तार किया था. ईडी ने संजय सिंह के दिल्ली वाले घर में पांच अक्टूबर सुबह 7 बजे से छापा मारा था. यहां से कई दस्तावेज जब्त किए गए थे. लंबी पूछताछ के बाद ईडी ने बुधवार शाम करीब 5:30 बजे संजय सिंह को गिरफ्तार कर लिया था. आबकारी नीति केस की चार्जशीट में संजय सिंह का भी नाम है.

# दीपावली का उद्देश्य होना चाहिए समाज में उजाला लाना : कौशल

*** चंडीगढ़ के केंद्रीय विद्यालय ने पर्यावरण धर्म गुरु को किया गया सम्मानित**



**एजेंसी**

**चंडीगढ़ :** चंडीगढ़ के रामगढ़ जिले के भानु आइटीबीपी के केंद्रीय विद्यालय में दी भारत स्काउट गाइड्स संस्था के वार्षिकोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद,कौशल किशोर जायसवाल ने दीप यात्रा के तहत दीपावली पर देशवासियों को शुभकामना देते हुए पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। उन्होंने कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए उक्त विद्यालय परिसर में पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ कर्नाटक का चंदन, नेपाल का रुद्राक्ष,थाईलैंड का बारहमासी आम , क्रिसमस ट्री एवं बोतल पाम लगाया व लोगों के बीच वितरित भी किया। वहीं कार्यक्रम में शामिल स्कूली बच्चों को उन्होंने पर्यावरण धर्म का पाठ पढ़ाया। साथ ही पर्यावरण धर्म के आठ मुल ज्ञान मन्त्रों की शपथ दिलाकर वृक्षों पर रक्षाबंधन भी किया। केंद्रीय विद्यालय के सहायक प्रिंसिपल उमाशंकर समेत कई शिक्षकों ने अपने संबोधन में पर्यावरणविद व धर्मगुरु कौशल के पर्यावरण के क्षेत्र में किये जा रही उल्लेखनीय कार्य की सराहना की। वहीं विद्यालय प्रबंधन ने अगले वर्ष स्थापना दिवस पर आने का आमंत्रण भी दिया कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बीपीएसए संस्था के हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष अमलेश कलिया मेहता ने कहा कि वन राखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल किशोर एकलौता ऐसे पर्यावरणविद हैं जिनकी जीवनी की पढ़ाई ऑक्सफोर्ड की सीबीएसई के कक्षा आठ और आईसीएसई के कक्षा छह में एक दशक से भी ऊपर से हो रही है। उन्होंने समाज के लोगों से कौशल द्वारा चलाये जा रहे वन राखी मूवमेंट और पर्यावरण धर्म को अपने जीवन साथी बनाने की अपील की है पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा कि देश और दुनिया में बढ़ती प्रदूषण की आग को देखते हुए दीपावली सादगी से मनाने की अपील की। उन्होंने कहा दीपावली प्रकाश का त्यौहार है न कि पटाखा फोड़कर वातावरण में वायु , ध्वनि जैसे दर्जनों प्रकार के प्रदूषण फैलाने वाले का। पर्यावरणविद ने दीपावली पर ब्रह्मांड के सारे जीवों की रक्षा के लिए लोगों से आतिशबाजी नहीं कर लोगों की जिंदगी तबाह होने से बचाने की मार्मिक अपील की है। पर्यावरणविद ने कहा है कि लोग क्षणिक आनंद के लिए वातावरण में प्रदूषण की जहर घोलकर बच्चों और बूढ़ों की जिंदगी तबाह कर देते हैं। ऐसा करने से लोगों को परहेज करने की जरूरत है। मौके पर सूरज कुमार जायसवाल, अमरेंद्र मेहता, उमाशंकर, असीमा गुप्ता, पीला सिंन्हा, पुष्पा यादव, जतिंदर कुमार, सुनैना, देव्पल्ली गुप्ता, शायरी नारायण, मैं कैसे वर्मा, अंजू सिंन्हा, गरिमा, भगवान दास, देवी दत्त, शकुंतला सागर सहित स्कूली बच्चों उपस्थित थे।

### नगालैंड के पूर्व राज्यपाल बालकृष्ण आचार्य का मुंबई में निधन

**मुंबई :** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और नगालैंड के पूर्व राज्यपाल पद्मनाभ बालकृष्ण आचार्य (92 वर्ष) का निधन हो गया। आचार्य ने शुक्रवार को अंधेरी के वर्सोवा स्थित आवास पर अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार शाम को ओशिवरा श्मशान घाट में किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री नितीन गडकरी ने अपने शोक संदेश में कहा है कि भाजपा नेता पद्मनाभ आचार्य के निधन की खबर सुनकर गहरा दुख हुआ। आचार्यजी जीवनभर विचारधारा और संगठन के प्रति समर्पित रहे। उन्हें जो भी जिम्मेदारी दी गई, उसे निभाने में उन्होंने कभी कोई कसर नहीं छोडी। पूर्वोत्तर भारत में उनके काम को हमेशा याद किया जाएगा। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें। पद्मनाभ बालकृष्ण आचार्य का जन्म 8 अक्टूबर 1931 को हुआ था। वे दक्षिण भारत के उडुपी के संघ स्वयंसेवक के रुप में समाज सेवा शुरु की थी।

## साउथ अफ्रीका ने अफगानिस्तान को 5 विकेट से हराया

**एजेंसी**

**नई दिल्ली.** साउथ अफ्रीका ने वर्ल्ड कप 2023 में एक और जीत दर्ज की. टूर्नामेंट के 42वें मैच में शुक्रवार को साउथ अफ्रीका ने अफगानिस्तान को 5 विकेट से हराया. यह टीम की 9 मैचों में 7वीं जीत है. मैच में अफगानिस्तान ने पहले खेलते हुए 244 रन बनाए. जवाब में साउथ अफ्रीका ने लक्ष्य को 47.3 ओवर में 5 विकेट पर हासिल कर लिया. रासी वान डर डुसेन 76 रन बनाकर नाबाद रहे और टीम को जीत दिलाने में अहम रोल निभाया. डुसेन प्लेयर ऑफ द मैच भी रहे. साउथ अफ्रीका को सेमीफाइनल में 16 नवंबर को ईडन गार्डस में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ना है. पॉइंट टेबल में साउथ अफ्रीका की टीम दूसरे नंबर पर है।लक्ष्य का पीछा करते हुए साउथ अफ्रीका की शुरुआत अच्छी रही. कप्तान तेंबा बावुमा और क्विंटन डिकॉक ने पहले विकेट के लिए 64 रन जोड़े. लेकिन 2 रन के भीतर दोनों ओपनर बैटर पवेलियन लौट गए.




बावुमा 23 रन बनाकर ऑफ स्पिनर मुजीब उर रहमान का शिकार हुए. वहीं सीनियर ऑफ स्पिनर मोहम्मद नबी ने डिकॉक को 41 रन के स्कोर पर आउट किया. एडेन मारक्रम ने 25 तो हेनरिक क्लासेन ने 10 रन बनाए. डेविड मिलर ने भी 24 रन बनाए. टीम के 5 विकेट 182 रन पर गिर गए थे.विकेट गिरने के बाद लगा कि एक बार फिर चेज करते हुए साउथ अफ्रीका की टीम परेशान हो सकती है. लेकिन रासी वान डर डुसेन और एंडिले फेहलुकवायो ने छठे विकेट के लिए नाबाद 65 रन जोड़कर टीम की जीत पक्की कर दी. डुसेन 95 गेंद पर 76 रन बनाकर नाबाद रहे. 6 चौके और एक छक्के लगाए. वहीं फेहलुकवायो ने 37 गेंद पर नाबाद 39 रन बनाए. 1 चौके और 3 छक्के जड़े.इससे पहले अजमतुल्लाह ओमरजई ने नाबाद 97 रन की पारी खेलकर अफगानिस्तान को 244 रन तक पहुंचाया. अफगानिस्तान की टीम 50 ओवर में सिमट गई. ओमरजई ने टूर्नामेंट में अच्छी लय जारी रखते हुए 107 गेंद में 7 चौके और 3 छक्के जड़े, हालांकि वह अपने पहले वनडे शतक से चूक गए.

## आप और दिल्ली के मुख्य सचिव आमने-सामने




**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** आम आदमी पार्टी और दिल्ली के मुख्य सचिव नरेश कुमार एक बार फिर आमने-सामने नज़र आ रहे हैं. इस बार मुद्दा द्वारका एक्सप्रेसवे के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा अधिग्रहीत की जा रही भूमि के एक प्लॉट का कथित तौर पर बढ़ा हुआ मूल्यांकन है.दिल्ली के तिमारपुर से आप विधायक दिलीप पाण्डेय ने मीडिया रिपोर्ट का लिंक शेयर करते हुए ट्वीट किया,ये चौंकाने वाला खुलासा है. दिल्ली सरकार और अरविंद केजरीवाल के काम रोक कर, सरकार द्वारा दिल्ली वालों के सेवा के काम रोक कर, आपको ये अधिकार कैसे मिल जाता है कि आप सैकड़ों करोड़ का घोटाला कर सकते हैं. दिल्ली सरकार में पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने भी इस मामले को बहुत चौंकाने वाला बताया है.इसी मुद्दे को लेकर ग्रेटर कैलाश से आप विधायक और दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज ने ट्वीट कर कहा,पिछले साल याचिका समिति ने सीएस नरेश कुमार पर बेहद गंभीर सवाल उठाए थे. और अब ये।दिल्ली के बुराड़ी से आप विधायक संजीव झा ने भी ट्वीट कर कहा, मैं दावे से कह सकता हूं कि इसको कोई एजेंसी जांच नहीं करेगी, बल्कि तोहफ़े में चीफ सेक्रेटरी का कार्यकाल बढ़ाया जाएगा. दरअसल नेता दरअसल एक ख़बर पर रिएक्ट कर रहे हैं. छपी रिपोर्टों के मुताबिक इस साल मई में दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के जिला मजिस्ट्रेट ने एक सड़क परियोजना के लिए बामनोली गांव में 19 एकड़ ज़मीन के लिए दो व्यक्तियों को 18.54 करोड़ रुपये प्रति एकड़ की दर से मुआवजे के रूप में 353 करोड़ रुपये दिये. एनएचएआई ने द्वारका एक्सप्रेसवे के लिए जमीन का अधिग्रहण किया. ऐसा करते हुए डीएम हेमंत कुमार ने निर्णायक प्राधिकारी, अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट के 2018 के फैसले को पलट दिया, जिसमें भूमि के उसी टुकड़े के लिए 41.52 करोड़ रुपये का मुआवजा दिया गया था. अधिकारियों द्वारा प्लॉट के मुआवज़े में नौ गुना की भारी वृद्धि को सही ठहराया गया है. इसके पीछे आधार दिया गया है कि भूमि को आवासीय क्षेत्र माना जाता था, कृषि योग्य नहीं, जैसा शुरू में बताया गया था. इसलिए इसकी भरपाई ऊंची दर से करने की जरूरत है. बढ़ा हुआ मुआवजा पाने वालों में सुभाष चंद कथूरिया और उनके भाई विनोद कथूरिया हैं.

### पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी के चलते 2 से 4 डिग्री तक गिर सकता है तापमान

**नई दिल्ली :** दिल्ली-एनसीआर और अन्य इलाकों में शुक्रवार को दिनभर बारिश होने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। इसके साथ ही वायु प्रदूषण भी कम हुआ है। दिल्ली का एक्यूआई 450 से घटकर 300 पर आ गया है। पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी के चलते आने वाले चार-पांच दिनों में राष्ट्रीय राजधानी और अन्य इलाकों का तापमान दो से चार डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है। मौसम विभाग के अनुसार पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी होने के कारण आगामी चार-पांच दिनों में राजधानी का तापमान दो से चार डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है। मौसम विज्ञानी सोमा सेन रॉय ने शुक्रवार को बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के चलते दिल्ली में हल्की बारिश की उम्मीद की जा रही थी लेकिन गहरे बादल छाए और अच्छी बारिश दर्ज की गई। उन्होंने बताया कि पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में व्यापक वर्षा की उम्मीद है।

## जनप्रतिनिधियों की ओर से पारित विधेयक को लटकाया नहीं जा सकता : सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** विधानसभा से पारित बिलों को मंजूरी देने में राज्यपाल की देरी के खिलाफ पंजाब सरकार की याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित को आग से न खेलने की नसीहत दी। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि यह लोकतंत्र है। जनप्रतिनिधियों की ओर से पारित विधेयक को इस तरह लटकाया नहीं जा सकता। आप ये नहीं कह सकते हैं कि विधानसभा का सत्र ही गलत था।चीफ जस्टिस ने कहा कि अगर राज्यपाल को लगता भी है कि बिल गलत तरीके से पास हुआ है तो उसे विधानसभा अध्यक्ष को वापस भेजना चाहिए। अगर राज्यपाल इसी तरीके से बिल को गैरकानूनी ठहराते रहे तो क्या देश में संसदीय लोकतंत्र बचेगा। चीफ जस्टिस ने कहा कि राज्यपाल



राज्य का संवैधानिक मुखिया होता है लेकिन पंजाब की स्थिति को देख कर लगता है कि सरकार और उनके बीच बड़ा मतभेद है, जो लोकतंत्र के लिए सही नहीं है। चीफ जस्टिस ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि संविधान में यह कहां लिखा गया है कि राज्यपाल, स्पीकर द्वारा बुलाए गए विधानसभा सत्र को अवैध करार दे सकते हैं।सुनवाई के दौरान राज्यपाल की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि कोर्ट एक हफ्ते का समय दे। वह इस मामले में कोई न कोई हल निकाल लेंगे। तब कोर्ट ने कहा कि अगर हल निकालना था तो कोर्ट आने की जरूरत क्यों पड़ी। तब मेहता ने कहा कि एक हफ्ते का समय दिया जाए।

पंजाब सरकार ने अपनी याचिका में कहा है कि राज्य के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित ने राज्य विधानसभा की ओर से पारित 27 विधेयकों में से 22 पर ही मुहर लगाई है।

20 अक्टूबर को बजट सत्र के विशेष सत्र के दौरान पेश किए जाने वाले तीन धन विधेयक भी उसमें शामिल हैं। विशेष सत्र के पहले राज्य सरकार ने इन तीनों धन विधेयकों को राज्यपाल के पास सहमति के लिए भेजा था। लेकिन राज्यपाल ने इस पर सहमति नहीं दी।